


किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्ष: 4 अंक: 142 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 02 मार्च 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## मिडिल ईस्ट तनाव : भारतीयों को एफआरआरओ से संपर्क की सलाह, कई देशों के लिए एडवाइजरी जारी

मिडिल ईस्ट में जारी भीषण युद्ध के बीच भारतीय विदेश मंत्रालय (एमईए) ने रविवार को विदेशी नागरिकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। ताजा हालात की वजह से यात्रा योजनाओं में रुकावट से प्रभावित लोगों से वीजा एक्सटेंशन या रेगुलराइजेशन के लिए नजदीकी फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस (एफआरआरओ) से संपर्क करने के लिए कहा गया।

एडवाइजरी में कहा गया, "भारत में सभी विदेशी नागरिक, जिन्हें वेस्ट एशिया इलाके में चल रही घटनाओं की वजह से अपने ट्रैवल प्लान बदलने पड़े हैं और जिन्हें अपने वीजा को बढ़ाने या अपने स्टे को रेगुलर करने में मदद चाहिए, उनसे रिक्वेस्ट है कि वे सबसे पास के फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस (एफआरआरओ) से संपर्क करें। संबंधित एफआरआरओ जरूरी औपचारिकताओं में मदद करेगा।" यह एडवाइजरी ऐसे समय में आई है, जब हाल के सैन्य स्ट्राइक और बढ़ते तनाव के बाद मिडिल ईस्ट में भूराजनीतिक स्थिति अस्थिर बनी हुई है, जिससे कई विजिटर्स और निवासियों के लिए इंटरनेशनल ट्रैवल और वीजा अरेंजमेंट्स पर असर पड़ा है।

भारत भी इस इलाके में अपने नागरिकों के लिए अलग से सेफ्टी और ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर रहा है। ईरान पर यूएस-इजरायल के स्ट्राइक के जवाब में, तेल अवीव में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों से बहुत सावधानी बरतने और गैर-जरूरी यात्रा से बचने, तय शेल्टर के पास रहने और इलाके की सुरक्षा स्थिति के बदलने पर स्थानीय न्यूज और आधिकारिक चैनलों से जानकारी लेते रहने की अपील की है।

दूतावास ने इमरजेंसी मदद के लिए 24/7 हेल्पलाइन भी जारी की है। ईरान में भारतीय नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे जहां तक हो सके घर के अंदर रहें और गैर-जरूरी मूवमेंट से बचें।

वहीं अबू धाबी में भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी में लिखा, "इलाके के मौजूदा हालात को देखते हुए, यूनाइटेड अरब अमीरात में सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे गैर-जरूरी यात्रा से बचें, पूरा ध्यान रखें, सतर्क रहें और यूएई अधिकारियों और दूतावास द्वारा जारी किए जाने वाले सुरक्षा गाइडलाइंस और एडवाइजरी का पालन करें।"

भारतीय दूतावास ने लिखा, "अबू धाबी में भारतीय दूतावास और दुबई में कॉन्सुलेट जनरल सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं और जरूरत पड़ने पर अपडेट जारी करेंगे। किसी भी इमरजेंसी सवाल के लिए, यूएई में भारतीय नागरिक इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं, टोल फ्री नंबर 800-46342 और व्हाट्सएप नंबर +971543090571।"

सीरिया में भारतीय दूतावास ने लिखा कि किसी भी इमरजेंसी सवाल के लिए, सीरिया में भारतीय नागरिक इस नंबर +963-993385973 पर संपर्क कर सकते हैं।

इराक में भारतीय दूतावास ने लिखा कि बगदाद में भारतीय दूतावास और एरबिल में भारत का कॉन्सुलेट जनरल सामान्य तरीके से काम कर रहा है और जरूरत पड़ने पर अपडेट जारी करेगा। किसी भी इमरजेंसी सवाल के लिए बगदाद में भारतीय नागरिक इन नंबरों, +964 771 651 1185 (इंग्लिश और हिंदी) और +964 770444 4899 (अरबी), पर संपर्क कर सकते हैं।

कतर में भारतीय दूतावास ने कहा कि हमारी एम्बेसी पहले की तरह काम कर रही है। एम्बेसी का 247 हेल्पलाइन नंबर 00974-55647502 है और किसी भी सवाल के लिए ईमेल सीओएनएसडॉटएटदीरेटएमईएडॉटजीओवीडॉटइन है।

फिलिस्तीन में भारतीय दूतावास ने कहा कि इमरजेंसी में, कृपया हमसे +970592916418 या आरईपीओएफएफआईसीएट-दरेटएमईएडॉटजीओवीडॉटइन पर संपर्क करें। हम आगे किसी भी मार्गदर्शन के लिए आपकी मदद के लिए तैयार हैं।

सऊदी अरब में भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी और हेल्पलाइन नंबर साझा किया गया है। रियाद में भारतीय एम्बेसी के इमरजेंसी संपर्क 247 हेल्पलाइन नंबर 00-966-11-4884697, 00-966-542126748 (सिर्फ व्हाट्सएप), 800 247 1234 (टोल-फ्री) और ईमेल: लीडब्ल्यूडॉटरियादएटदरेटएमईए डॉटजीओवीडॉटइन पर संपर्क करने के लिए कहा है।

# इजरायली पीएम नेतन्याहू की ईरानी नागरिकों से सड़कों पर उतरने की अपील

## बोले– "मौके को हाथ से मत जाने दो"; तेहरान ने हमलों का बदला लेने की दी चेतावनी

**समाज जागरण**

नई दिल्ली/तेहरान/यरुशलम। ईरान के साथ जारी तनाव के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरानी नागरिकों को संबोधित करते हुए उन्हें सड़कों पर उतरने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ईरान के लोगों के लिए "जुल्म की जंजीरों से आजाद होने" का मौका आया है और इसे हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।

### एक्स पर जारी किया वीडियो संदेश

नेतन्याहू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी वीडियो में कहा कि आने वाले दिनों में इजरायल "आतंकवादी शासन" के हजारों ठिकानों को निशाना बनाएगा। उन्होंने ईरान के नागरिकों से कहा कि वे एकजुट होकर अपने भविष्य के लिए आगे आएं। "ईरान के नागरिकों, इस मौके को हाथ से मत जाने दो। यह मौका हर पीढ़ी में सिर्फ एक बार आता है... खाली मत बैठिए, आपका पल जल्द आने वाला है," नेतन्याहू ने कहा।

उन्होंने आगे कहा कि जब समय आए तो लोगों को "लाखों की संख्या में सड़कों पर उतरकर"



शासन को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार रहना चाहिए।

### पहले भी किया था बड़ा दावा

इससे पहले नेतन्याहू ने कहा था कि इजरायल ने ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम से जुड़े कई शीर्ष लोगों को निशाना बनाया है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि उस स्थान को टारगेट किया गया जहां ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई मौजूद थे।

### 'आपकी कुबार्नी बेकार नहीं जाएगी'

इजरायली प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में फारसी, कुर्द, अजेरी, अहवाजी और बलूची समुदायों का जिक्र करते हुए उन्हें एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने दावा किया कि ईरान के लोगों को जिस मदद का इंतजार था, वह अब पहुंच चुकी है।

### ईरान की कड़ी प्रतिक्रिया

उधर, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने इजरायल और अमेरिका पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ईरान इन हमलों का बदला लेना अपना "कानूनी हक और जिम्मेदारी" मानता है।

ईरानी सरकारी मीडिया पर जारी बयान में पेजेशकियन ने कहा कि इस्लामिक रिपब्लिक दोषियों के खिलाफ पूरी ताकत से कार्रवाई करेगा।

स्थिति पर नजर: मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजर अब दोनों देशों की अगली रणनीति पर टिकी हुई है।

# जम्मू-कश्मीर में हाई अलर्ट, पुलिस की मीडिया और सोशल मीडिया यूजर्स को एडवाइजरी

## खामेनेई की मौत की खबर के बाद श्रीनगर-बारामूला में प्रदर्शन, प्रशासन सतर्क

**समाज जागरण**

श्रीनगर/बारामूला। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आने के बाद जम्मू-कश्मीर में हालात संवेदनशील हो गए हैं। श्रीनगर और बारामूला के कई इलाकों में लोग सड़कों पर उतर आए और अमेरिका व इजरायल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए।

मौजूदा स्थिति को देखते हुए बारामूला पुलिस ने सभी मीडिया हाउस, पत्रकारों, सोशल मीडिया यूजर्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए एडवाइजरी जारी की है।

### जिम्मेदार रिपोर्टिंग की अपील

पुलिस ने कहा है कि रिपोर्टिंग या किसी भी जानकारी को साझा



करते समय पूरी जिम्मेदारी बरती जाए। किसी भी खबर को प्रकाशित या प्रसारित करने से पहले आधिकारिक और भरोसेमंद स्रोत से सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए।

एडवाइजरी में चेतावनी दी गई है कि अफवाहें या बिना सत्यापित जानकारी फैलाने से बेवजह पैनिक और सार्वजनिक अस्थिरता पैदा हो सकती है।

### अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि गलत सूचना या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शांति और भाईचारा बनाए रखने के लिए जिम्मेदार रिपोर्टिंग को बेहद जरूरी बताया गया है। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी के बहकावे में न आएं और शहर में शांति बनाए रखें। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

### श्रीनगर में भी प्रदर्शन

श्रीनगर में सुबह से ही विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नारे लगाए। भीड़ बढ़ने पर शहर के कई हिस्सों में ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा। पुलिस के अनुसार फिलहाल प्रदर्शन शांतिपूर्ण हैं, लेकिन किसी भी अप्रत्याशित घटना को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है।

### प्रशासन की नागरिकों से अपील

स्थानीय प्रशासन ने लोगों से संयम और सतर्कता बरतने का अनुरोध किया है। अधिकारियों ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल भरोसेमंद स्रोतों से ही जानकारी लें। नागरिकों का सहयोग कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण बताया गया है।

**स्थिति पर नजर: खामेनेई की मौत की खबर के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और जगह-जगह सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ा दी गई है।**

## खौफ का सफर खत्म: 50 हजार का इनामी शूटर मुठभेड़ में ढेर

दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय कुख्यात शूटर पवन उर्फ कल्लू का आतंक आखिरकार समाप्त हो गया। रणदीप भाटी एवं अमित कसाना गैंग से जुड़े इस सक्रिय बदमाश को यूपी एसटीएफ और आगरा पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया, जिसे उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार, अभियुक्त पर 50 हजार का इनाम घोषित था। उसके कब्जे से एक 9 एमएम पिस्टल, एक .32 बोर पिस्टल, एक दोपहिया वाहन तथा कारतूस बरामद किए गए हैं।

बताया गया है कि पवन उर्फ कल्लू ने दिल्ली एवं एनसीआर क्षेत्र के जनपद गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद सहित कई इलाकों में हत्या और रंगदारी जैसी जघन्य वारदातों को अंजाम दिया था। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# पुडुचेरी को बड़ी सौगात: पीएम मोदी ने 2,700 करोड़ की परियोजनाओं का किया शुभारंभ

## बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग को मिलेगा बड़ा बढ़ावा

**समाज जागरण**

पुडुचेरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पुडुचेरी में 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, नागरिक सुविधाओं का विस्तार, औद्योगिक प्रगति, शिक्षा और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को गति देना है।

### 'श्रेष्ठ पुडुचेरी' मंत्र का उल्लेख

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पुडुचेरी आना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने इसे संतों, कवियों और स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि बताया। उन्होंने कहा कि यहीं महाकवि सुब्रमण्यम भारती ने राष्ट्रवाद की लौ जलाई और श्री अरबिंदो व माता (मीरा अल्फासा) ने विश्व को नया आध्यात्मिक दृष्टिकोण दिया।

**प्रधानमंत्री ने कहा,**

"मैंने पहले 'श्रेष्ठ पुडुचेरी' का मंत्र दिया था – व्यापार, शिक्षा, अध्यात्म और पर्यटन। पिछले साढ़े चार वर्षों में यह दृष्टि साकार हुई है और यहां सुशासन तथा विकास हुआ है।"

### दोहरे इंजन की सरकार से तेज विकास

प्रधानमंत्री ने कहा कि पुडुचेरी ने प्रति व्यक्ति आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है और सामाजिक प्रगति सूचकांक में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश की दोहरे इंजन की सरकार विकास को और गति देगी।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष के बजट में देशभर में बुनियादी ढांचा निर्माण के लिए



रिकॉर्ड 12 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे पुडुचेरी को भी लाभ मिलेगा।

### शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूती

प्रधानमंत्री ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण किया, जिनमें शामिल हैं–
नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कराईकल में एपीजे अब्दुल कलाम अभियांत्रिकी भवन और गंगा छात्रावास
जिपमर (JIPMER) पुडुचेरी में क्षेत्रीय कैंसर केंद्र का आधुनिकीकरण
पांडिचेरी विश्वविद्यालय के नए शैक्षणिक भवन और छात्रावास

औद्योगिक और आधारभूत परियोजनाएं
प्रधानमंत्री ने 750 एकड़ में फैले करासूर-सेदरापेट औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित किया। इसके अतिरिक्त–
स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने हेतु जल आपूर्ति सुधार परियोजनाओं की आधारशिला
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 41 ग्रामीण सड़कों का निर्माण
पुडुचेरी में विरासत नगर विकास कार्य
मिष्टी योजना के तहत मैंग्रोव संरक्षण कार्य
समग्र विकास को मिलेगी नई रफ्तार

सरकार का कहना है कि इन परियोजनाओं से पुडुचेरी में रोजगार, निवेश और नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा क्षेत्र को सतत विकास की दिशा में मजबूती मिलेगी।

## दुबई में फंसी बठिंडा की प्रिंसिपल डॉ. नीरू गर्ग, भारत सरकार से लगाई गुहार

### अमेरिका-ईरान तनाव के बीच एयरपोर्ट बंद, होटल ने भी खाली कराया कमरा

(दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)

बठिंडा,1 मार्च: अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते युद्ध जैसे हालात का असर अब आम भारतीयों पर भी पड़ने लगा है। इसी कड़ी में बठिंडा की प्रिंसिपल डॉ. नीरू गर्ग अपने परिवार समेत दुबई में फंस गई हैं। उन्होंने दुबई के एक होटल से वीडियो जारी कर भारत सरकार से तत्काल मदद की गुहार लगाई है।डॉ. नीरू गर्ग ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ 23 फरवरी को 28 फरवरी तक दुबई घूमने गई थीं। 28 फरवरी को जब वह भारत लौटने के लिए दुबई एयरपोर्ट पहुंचीं तो सुबह 11 बजे अचानक एयरपोर्ट बंद करने की घोषणा कर दी गई। यात्रियों को भारतीय दूतावास से संपर्क करने के लिए कहा गया, लेकिन जब वे कार्यालय पहुंचीं तो वहां ताला लगा मिला।उन्होंने बताया कि दिनभर भटकने के बाद रात 10 बजे करीब 20 किलोमीटर दूर एक होटल में ठहरने की व्यवस्था की, लेकिन 1 मार्च सुबह 11 बजे होटल प्रबंधन ने कमरा खाली करने के



लिए कह दिया।डॉ. गर्ग के मुताबिक अब उनके पास पैसे भी खत्म हो चुके हैं और वह बीपी की दवा भी साथ नहीं ला पाईं। ऐसे में परिवार के साथ परदेश में फंसी डॉ. गर्ग ने भावुक अपील करते हुए कहा कि उन्हें जल्द से जल्द सुरक्षित भारत वापस लाया जाए।उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में दुबई में दहशत का माहौल है और उड़ानें ठप होने से सैकड़ों भारतीय परेशानी झेल रहे हैं।डॉ. नीरू गर्ग की इस वीडियो अपील के बाद बठिंडा में भी चिंता का माहौल है। शहरवासियों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि दुबई में फंसे भारतीयों को तुरंत सुरक्षित निकाला जाए।

## गाजियाबाद में यूट्यूबर सलीम वास्टिक पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर; योगी आदित्यनाथ ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के लोनी इलाके में यूट्यूबर सलीम वास्टिक पर जानलेवा हमला होने से हड़कंप मच गया। बाइक सवार दो हमलावरों ने उन पर चाकू से हमला कर पेट में वार किया और गला रेत दिया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के बाद शनिवार को लोनी के अली गार्डन स्थित वास्टिक के ऑफिस-कम-रिहाइश का मुख्य दरवाजा बंद मिला। बाहर लगे बोर्ड पर उनकी फोटो, मोबाइल नंबर और उन्हें टीवी गेस्ट पैनलिस्ट के रूप में दशार्या गया है।

### क्या कहती है पुलिस

लोनी थाने के एसएचओ मुकेश सिंह सोलंकी के अनुसार शुरूआती जांच में हमला उनके धार्मिक विचारों से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।

"उनकी धर्म को लेकर अपनी व्याख्या थी और वे कुछ शिक्षाओं को गलत मानते थे। कुछ लोगों को लगा कि वह समुदाय के खिलाफ हैं। प्रथम दृष्टया यही हमला होने का कारण लगता है," SHO ने बताया।

पुलिस ने कहा कि अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और मामले की जांच जारी है।

### योगी आदित्यनाथ का बयान

घटना पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा: "कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उत्तर प्रदेश में आतंक के लिए कोई जगह नहीं है

# खामेनेई के बाद की ईरान की रणनीति और भारत पर उसका असर



अयातुल्लाह अली खामेनेई की मृत्यु और उसके बाद मोजतबा खामेनेई का सत्ता के केंद्र में आना ईरान के इतिहास का वह मोड़ है, जहाँ से वापसी का रास्ता केवल संघर्ष और रणनीतिक आक्रामकता से होकर गुजरता है। ईरान की आगामी रणनीति अब केवल अस्तित्व बचाने की नहीं, बल्कि अपने खोये हुए गौरव और नेतृत्व के अपमान का बदला लेने की है। अहमद वाहिदी जैसे कट्टरपंथी सैन्य रणनीतिकार के हाथों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की कमान होने का सीधा अर्थ है कि ईरान अब "रणनीतिक धैर्य" की नीति को त्यागकर "प्रत्यक्ष प्रतिशोध" के युग में प्रवेश कर चुका है। मोजतबा खामेनेई के लिए चुनौती दोहरी हैः उन्हें न केवल अपने पिता की विरासत को सुरक्षित रखना है, बल्कि देश के भीतर पनप रहे असंतोष और बाहर से हो रहे सैन्य प्रहारों के बीच एक संतुलन बनाना है। ईरान की अगली चालों में सबसे महत्वपूर्ण उसका परमाणु कार्यक्रम होगा। अंतरराष्ट्रीय दबाव और हमलों के बावजूद, ईरान अब परमाणु हथियार की क्षमता को एक "अंतिम सुरक्षा कवच" के रूप में देख रहा है। 2025-26 के इस कालखंड में ईरान का 90 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन करना केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि एक भू-राजनीतिक ब्लैकमेल का हथियार है, जो पश्चिम को सीधे टकराव से रोकने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। क्षेत्रीय स्तर पर, ईरान अपने "एक्सिस ऑफ रेसिस्टेंस" यानी हिजबुल्लाह, हूती और हमास को नई ऊर्जा और आधुनिक हथियारों से लैस करेगा ताकि इजरायल और अमेरिकी ठिकानों पर लगातार दबाव बना रहे। होर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी ईरान का वह ब्रह्मास्त्र है, जिसे वह वैश्विक अर्थव्यवस्था को घुटनों पर लाने के लिए इस्तेमाल कर सकता है।

इस भीषण उथल-पुथल के बीच भारत की स्थिति अत्यंत नाजुक और चुनौतीपूर्ण हो गई है। भारत के लिए ईरान केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि पश्चिम और मध्य एशिया तक पहुँचने का प्रवेश द्वार है। ईरान में इस तरह का नेतृत्व परिवर्तन और युद्ध की स्थिति भारत की 'स्ट्रेटेजिक ऑटोनोमी' यानी रणनीतिक स्वायत्तता की कड़ी परीक्षा है। भारत ने हमेशा से एक संतुलनकारी शक्ति की भूमिका निभाई है, जहाँ उसने एक तरफ इजरायल के साथ गहरे रक्षा संबंध बनाए रखे हैं, वहीं दूसरी तरफ ईरान के साथ चाबहार पोर्ट जैसे रणनीतिक निवेशों के जरिए अपनी कनेक्टिविटी को सुरक्षित किया है। खामेनेई के बाद यदि ईरान पूरी तरह से चीन और रूस के पाले में चला जाता है, जैसा कि वर्तमान संकेतों से लग रहा है, तो भारत के लिए अपनी स्वायत्तता बनाए रखना कठिन होगा। अमेरिका और इजरायल के साथ भारत की बढ़ती निकटता के बीच ईरान का नया कट्टरपंथी नेतृत्व नई दिल्ली को संदेह की दृष्टि से देख सकता है। यदि ईरान पर और कड़े प्रतिबंध लगते हैं या वह पूर्ण युद्ध में उलझता है, तो चाबहार बंदरगाह और 'इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर' जैसे प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में जा सकते हैं, जो भारत के लिए मध्य एशिया और यूरोप तक पहुँचने का सबसे छोटा और सस्ता रास्ता हैं। भारत की विदेश नीति के लिए यह वह समय है जब उसे "गुटनिरपेक्षता 2.0" के सिद्धांतों पर चलते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि वह किसी एक पक्ष का मोहरा न बने।

ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर, ईरान का संकट भारत के लिए एक आर्थिक सुनामी की तरह हो सकता है। भारत अपनी तेल जरूरतों का 80 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। यद्यपि भारत ने हाल के वर्षों में रूस और खाड़ी देशों से तेल आयात बढ़ाकर अपनी निर्भरता को विविधीकृत किया है, लेकिन मध्य पूर्व में किसी भी प्रकार की सैन्य अस्थिरता सीधे तौर पर वैश्विक तेल कीमतों को प्रभावित करती है। यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करता है, तो कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकता है, जिससे भारत का राजकोषीय घाटा बढ़ेगा और घरेलू स्तर पर महंगाई अनियंत्रित हो जाएगी। इसके अलावा, इराक और सऊदी अरब जैसे देशों से आने वाला तेल भी इसी अशांत क्षेत्र से होकर गुजरता है, जिससे भारत की आपूर्ति श्रृंखला टूटने का खतरा है। ऊर्जा सुरक्षा केवल तेल की उपलब्धता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी कीमत की स्थिरता पर भी निर्भर करती है। ईरान की अस्थिरता भारत के निवेश और भविष्य की गैस पाइपलाइन परियोजनाओं को भी अनिश्चितता की ओर धकेलती है।

सामाजिक और सुरक्षा के दृष्टिकोण से देखें तो ईरान और पश्चिम के बीच बढ़ता तनाव भारत के भीतर के जनसांख्यिकीय संतुलन और प्रवासी सुरक्षा को भी प्रभावित करता है। पश्चिम एशिया में लाखों भारतीय काम करते हैं, जिनकी सुरक्षा और वहां से आने वाला प्रेषण (फ्री३३ल्लू) भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि युद्ध फैलता है, तो इन भारतीयों की सुरक्षित वापसी एक बड़ी लॉजिस्टिक चुनौती होगी। साथ ही, ईरान की कट्टरपंथी रणनीति का प्रभाव क्षेत्र के अन्य कट्टरपंथी समूहों पर भी पड़ सकता है, जिससे भारत की आंतारिक सुरक्षा के लिए नए खतरे पैदा हो सकते हैं। भारत को अपनी समुद्री सुरक्षा को और अधिक चाक-चौबंद करना होगा, विशेषकर अरब सागर में जहाँ हूती विद्रोही व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। भारतीय नौसेना को अब केवल अपनी सीमाओं की नहीं, बल्कि अपने व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए एक सक्रिय सुरक्षा प्रदाता की भूमिका निभानी होगी।

अंततः, खामेनेई के बाद का ईरान एक ऐसा ज्वालामुखी है जिसके फटने का असर वाशिंगटन से लेकर नई दिल्ली तक महसूस किया जाएगा। मोजतबा खामेनेई और अहमद वाहिदी की जोड़ी ईरान को एक सैन्यीकृत धार्मिक शासन की ओर ले जा रही है, जो कूटनीति से अधिक शक्ति प्रदर्शन में विश्वास रखता है। भारत के लिए आगामी समय बहुत ही संभलकर चलने का है। उसे अपनी 'रणनीतिक स्वायत्तता' को ढाल बनाकर अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी होगी, भले ही इसके लिए उसे कठिन कूटनीतिक फैसले लेने पड़ें। भारत को चाहिए कि वह ईरान के नए नेतृत्व के साथ अनौपचारिक माध्यमों से संवाद बनाए रखे और साथ ही अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को और अधिक मजबूत करे। ईरान का यह संकट वैश्विक व्यवस्था के पुनर्निर्धारण का संकेत है, और भारत को इस बदलती व्यवस्था में एक दर्शक के बजाय एक निर्णायक भूमिका निभानी होगी, ताकि उसकी ऊर्जा सुरक्षा और संप्रभुता पर कोई आंच न आए। ईरान की अगली चालें केवल उसके भविष्य को ही नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक महत्वाकांक्षाओं को भी नई दिशा देंगी।



महेन्द्र तिवारी

# नई GDP श्रृंखला से बदलेगी भारतीय अर्थव्यवस्था की तस्वीर

सांख्यिकी मंत्रालय ने जीडीपी का आधार वर्ष बदलकर गणना के तरीके में सुधार किया है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर और डेटा की गुणवत्ता बेहतर होगी

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा पिछले सप्ताह जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की बहुप्रतीक्षित श्रृंखला के आंकड़ों से पता चलता है कि इस वर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.6 फीसदी रहने का अनुमान है। पुरानी श्रृंखला पर आधारित प्रथम अग्रिम अनुमान में चालू वर्ष के लिए वृद्धि दर 7.4 फीसदी आंकी गई थी। आंकड़ों से यह भी पता चला कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नए आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 के लिए वृद्धि दर का अनुमान 6.5 फीसदी के पुराने आंकड़े से बढ़कर 7.1 फीसदी हो गया है। हालांकि, वित्त वर्ष 2024 के लिए वृद्धि दर में 2 फीसदी अंक की भारी गिरावट दर्ज की गई है और इसे घटाकर 7.2 फीसदी कर दिया गया है।

इसके अलावा, नॉमिनल आधार पर अर्थव्यवस्था का आकार चालू वर्ष में 345.47 लाख करोड़ रुपये आंका गया है, जबकि पहले अग्रिम अनुमान में, जिसका उपयोग बजट गणना के लिए भी किया गया था, यह 357.13 लाख करोड़ रुपये अनुमानित था। अर्थव्यवस्था के आकार में यह अंतर थोड़ा आश्चर्यजनक है। बेहतर कार्यप्रणाली और विस्तारित डेटा स्रोतों को देखते हुए, विश्लेषकों को नॉमिनल आधार पर बढ़ोतरी की उम्मीद थी।

आधार वर्ष को बदलकर 2022-23 करने के अलावा, नई जीडीपी श्रृंखला में कई नए तत्त्व शामिल किए गए हैं। उदाहरण के लिए, अनेक क्षेत्रों में व्यवसाय कर रहे उद्यम के कारोबारी आंकड़ों को अलग-अलग किया गया है, जिससे स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी। सर्वेक्षणों के आंकड़ों का उपयोग करते हुए गैर-निगमित क्षेत्र का दायरा बढ़ाया गया है। मंत्रालय ने कृषि और विनिर्माण क्षेत्रों में दोहरी अपस्फीति (डबल डिफ्लेशन) का भी उपयोग किया है। इससे भारत के राष्ट्रीय लेखा की एक बड़ी आलोचना का समाधान होता है।




माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के आंकड़ों का भी व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है। भारत के राष्ट्रीय लेखा की एक अन्य कमजोरी, विसंगतियां थीं जिन्हें दूर करने के लिए मंत्रालय ने आपूर्ति एवं उपयोग सारणी (सप्लाई ऐंड यूज टेबल) ढांचे को अपनाया है।

हालांकि, समग्र ढांचे में सुधार के बावजूद, अभी भी बहुत काम बाकी है। उदाहरण के लिए, अर्थशास्त्रियों का लंबे समय से यह तर्क रहा है कि भारत को उत्पादक कीमत सूचकांक की आवश्यकता है, जो नॉमिनल और वास्तविक जीडीपी के बीच अंतर का अधिक सटीक माप प्रदान करने में सहायक होगा।

इसके अलावा, यद्यपि मंत्रालय अब गैर-निगमित क्षेत्र के लिए सर्वेक्षण डेटा का उपयोग कर रहा है, आर्थिक जनगणना डेटा के पुराने होने के कारण सर्वेक्षणों में कुछ कमियां हो सकती हैं। अन्य सर्वेक्षण डेटा में भी इसी तरह की समस्याएं हो सकती हैं क्योंकि दस-वर्षीय जनगणना में देरी हुई है। इन सब बातों के बावजूद, यह उल्लेखनीय है कि नई जीडीपी श्रृंखला, हाल ही में जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के साथ मिलकर, डेटा की गुणवत्ता में काफी सुधार करेगी और हितधारकों को तथ्यों पर आधारित निर्णय लेने में सक्षम बनाएगी।

नई श्रृंखला शुरू होने से भारत के सामने मौजूद कुछ संरचनात्मक चुनौतियों पर चर्चा करने का अवसर भी मिलता है। उदाहरण के लिए, क्षेत्रीय घटक में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी मामूली सुधार के साथ 13.3 फीसदी हो गई है। यदि भारतीय अर्थव्यवस्था को मध्यम से दीर्घ अवधि में उच्च विकास दर प्राप्त करनी है और बढ़ते कार्यबल के लिए रोजगार सृजित करना है, तो विनिर्माण क्षेत्र का योगदान काफी बढ़ाना होगा।

सरकार कई वर्षों से विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 25 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य रख रही है, लेकिन चीजें अपेक्षित दिशा में आगे नहीं बढ़ रही हैं। राजकोषीय मोर्चे पर, सकल घरेलू उत्पाद के आकार में कमी के कारण इस वर्ष राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में मामूली रूप से बढ़कर 4.5 फीसदी हो जाएगा।

हालांकि, जैसा कि अर्थशास्त्रियों ने रेखांकित किया है, इससे वित्त वर्ष 2031 तक 50 फीसदी (1 प्रतिशत कम या ज्यादा) के ऋण-जीडीपी अनुपात का लक्ष्य प्राप्त करना अधिक कठिन हो जाएगा।

# होलिका दहन: बुराई पर अच्छाई की जीत और भक्ति की अमर गाथा

फाल्गुनी रंगो से मनाई जाने वाली होली न सिर्फ भाईचारे ,सौहार्द्र और प्यार,स्नेह का त्यौहार है। यह महान पर्व शत्रुता हरण करने वाला भी पवित्र त्यौहार है। होलिका दहन और रंगों के खेलने की की परंपरा अलौकिक है ।होलिका दहन के रूप में समाज में व्याप्त बुराई को नष्ट करने की अद्भुत परंपरा सिर्फ हमारे देश में ही है। ऐसी विलक्षण तथा इस होलिका दहन तथा होली के इस पावन पर्व पर जुड़ी हुई है। प्राचीन सांस्कृतिक कथा के अनुसार हिरण्यकश्यपु नामक राक्षस राजा हुआ करता था। प्राचीन काल मे ब्रम्हाजी की तपस्या से उसने वरदान प्राप्त कर लिया था,कि उसे न देवता मार सके न ही कोई अन्य जीव जन्तु ,न दिन मे मरे न रात मे ,न अस्त्र से न शस्त्रों से ,न धरती पर न आकाश मे उसकी मृत्यु हो ,इस तरह उसने अमरत्व प्राप्त कर लिया था। धीरे धीरे उसे इतना घमंड हो गया कि वह अपने को भगवान विष्णु और ब्रह्मा से बढकर भगवान समझने लगा ,राज्य मे कोई व्यक्ति किसी भगवान की पूजा नही कर सकता था ,केवल हिरण्कश्यपु की ही पूजा हो सकती थी । कालांतर में उसके एक पुत्र हुआ ,बालक बडा ही धार्मिक प्रवृत्ति का था और भगवान विष्णु का भक्त भी,यह बात राजा को अत्यंत नागवार गुजरती थी ,उसने अपने पुत्र को बहुत समझाने का प्रयास किया कि उसका पिता राजा हिरण्यकषिपु ही एकमात्र भगवान है ,पर बालक अपने पिता के इस अधर्मी आदेश को नही मानता था,

बालक प्रह्लाद के ऊपर सख्ती करने हेतु उसके पिता हिरण्यकशयपु ने उसे समुद्र मे फेंकने का आदेश दिया ,उसे हाथी कुचलने का आदेश दिया,पहाड से नीचे फेंका गया पर भगवान विष्णु की भक्ति और दया से बालक प्रह्लाद जीवित सकुशल बच गया ।अंत मे राजा ने अपनी बहन और बालक प्रह्लाद की बुआ होलिका का सहारा लिया ,होलिका को जी तपस्या से एक ऐसे कपडे का वरदान प्राप्त था, जिसे पहनने पर वह अग्नि से जल नही सकती थी ।

इसी वरदान का फायदा उठाते हुए ,होलिका ने बालक प्रह्लाद को गोद मे लेकर अग्नि स्नान किया ,पर होलिका की चुनरी उड कर प्रह्लाद पर लिपट गई ,और दुष्ट होलिका जलकर भस्म हो गई,प्रह्लाद फिर बच गए। इस तरह होलिका दहन का त्यौहार होलीका नामक बुराई को अग्नि से खत्म करने की प्रथा चली आई है।

प्रह्लाद को राजा ने एक विशाल खंबे से बांध दिया और तलवार लेकर उसपर टूट पडा और पूछा बता तेरा भगवान कहां है ,बालक ने बड़ी निडरता से कहा भगवान हर जगह हैं ,आप मे, मुझ मे ,आपकी तलवार मे इस,इस खंबे मे भी ।

तब हिरण्यकश्यपु ने क्रोध से कहा तो देख तेरा भगवान तुझे कैसे बचाता है और उसने उसे मारने के लिए तलवार उठाई ,तभी खंबे को फाड़कर एक भयानक जीव निकला ,जो न नर था न दानव उसने राजा को गोद मे लिया और अपने नुकीले नाखून से राजा का पेट फाड दिया ।

बालक प्रह्लाद की अनन्य भक्ति को देखकर उसको भक्त प्रह्लाद कहा जाने लगा। भगवान विष्णु के अवतार नरसिंह भगवान ने हिरण कश्यप का वध कर अहम दंभ और बुराइयों को खत्म किया और तब से होली का त्योहार प्राचीन समय से भारत देश में मनाया जा रहा है।

होली पूरे विश्व में अनूठा, अद्भुत, अतुलनीय भाईचारे प्रेम रूप में मनाया जाता है, एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशियां मनाई जाती है, एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन रंगों का त्योहार बहुत ही खुशी से आजादी तो क्यों मनाया जाता है देश की इस महान परंपरा को प्रणाम।



संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, रायपुर ,छत्तीसगढ़, 9009 415 415

# होलिका दहन

होलिका दहन पूर्ण चंद्रमा के दिन ही होता है। इस दिन सायंकाल को होली जलाई जाती है। एक माह पूर्व अर्थात माघ पूर्णिमा को 'एरंड' या गूलर वृक्ष की टहनी को गाँव के बाहर किसी स्थान पर गाड़ दिया जाता है, और उस पर लकड़ियाँ, सूखे उपले, खर-पतवार आदि चारों से एकत्र किया जाता है और फाल्गुन पूर्णिमा की रात या सायंकाल इसे जलाया जाता है। परंपरा के अनुसार सभी लोग अलाव के चारों ओर एकत्रित होते हैं। इसी अलाव को होली कहा जाता है। होली की अग्नि में सूखी पत्तियाँ, टहनियाँ, व सूखी लकड़ियाँ डाली जाती हैं, तथा लोग इसी अग्नि के चारों ओर नृत्य व संगीत का आनन्द लेते हैं। बसंतागमन के लोकप्रिय गीत भक्त प्रहलाद की रक्षा की स्मृति में गाये जाते हैं तथा उसकी क्रूर बुआ होलिका की भी याद दिलाते हैं।

## धार्मिक विश्वास

कई समुदायों में होली में जौ की बालियाँ भूनकर खाने की परंपरा है। ऐसा विश्वास किया जाता है कि आगामी फसल कैसी होगी, इसका अनुमान होली की शिखाएँ किस ओर उड़ रही हैं तथा भुने हुए जौ के दानों के रंग व स्वाद से लगाया जा सकता है। होली के अलाव की राख में कुछ औषधि गुण भी पाए जाते हैं, ऐसी लोगों की धारणा है। लोग होली के अलाव अंगारों को घर ले जाते हैं तथा उसी से घर में महिलाएँ होली पर बनाई हुई गोबर की घुरघुली जलाती हैं। कुछ क्षेत्रों में लोग होली की आग को साल भर सुरक्षित रखते हैं और इससे चूल्हे जलाते हैं।

## इतिहास

प्रचलित मान्यता के अनुसार यह त्योहार हिरण्यकशिपु की बहन होलिका के मारे जाने की स्मृति में मनाया जाता है। पुराणों में



वर्णित है कि हिरण्यकशिपु की बहन होलिका को एक वरदान प्राप्त था। इस वरदान के प्रभाव से वह नित्य अग्निस्नान करती थी और जलती नहीं थी। हिरण्यकशिपु ने अपने राज्य में यह घोषणा कर रखी थी कि समस्त प्रजा उसे ही अपना भगवान माने और उसकी पूजा करे। जबकि उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का परम भक्त था। हिरण्यकशिपु ने पह्लाद को समाप्त करने के कई प्रयत्न किए, किंतु प्रत्येक बार भगवान की कृपा से वह बच गया। यह जान लेने के बाद कि उसकी बहन होलिका को अग्नि में न जल पाने का वरदान प्राप्त है, उसने बहन होलिका से प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्निस्नान करने को कहा। उसने समझा कि ऐसा करने से प्रह्लाद अग्नि में जल जाएगा तथा होलिका बच जाएगी। होलिका ने ऐसा ही किया, किंतु इस बार भी विष्णु की कृपा प्रह्लाद पर हुई, जिससे प्रह्लाद तो बच गया, लेकिन होलिका जलकर भस्म हो गई। होलिका को यह स्मरण ही नहीं रहा कि अग्नि स्नान वह अकेले ही कर सकती है। तभी से इस त्योहार के मनाने की प्रथा चल पड़ी।

## मुख्य लेख : होलिका

हेमाद्रि ने भविष्योत्तर से उद्धरण देकर एक कथा दी है। युधिष्ठिर ने कृष्ण से पूछा कि फाल्गुन-पूर्णिमा को प्रत्येक गाँव एवं नगर में एक उत्सव क्यों होता है, प्रत्येक घर में बच्चे क्यों क्रीड़ामय हो जाते हैं और होलाका क्यों जलाते हैं, उसमें किस देवता की पूजा होती है, किसने इस उत्सव का प्रचार किया, इसमें क्या होता है और यह 'अडाडा' क्यों कही जाती है। कृष्ण ने युधिष्ठिर से राजा रघु के विषय में एक किंवदन्ती कही। राजा रघु के पास लोग यह कहने के लिए गये कि 'ढोण्ढा' नामक एक राक्षसी है जिसे शिव ने वरदान दिया है कि उसे देव, मानव आदि नहीं मार सकते हैं और न वह अस्त्र शस्त्र या जाड़ा या गर्मी या वर्षा से मर सकती है, किन्तु शिव ने इतना कह दिया है कि वह क्रीड़ायुक्त बच्चों से भय खा सकती है। पुरोहित ने यह भी बताया कि फाल्गुन की पूर्णिमा को जाड़े की ऋतु समाप्त होती है और ग्रीष्म ऋतु का आगमन होता है, तब लोग हँसें एवं आनन्द मनायें, बच्चे लकड़ी के टुकड़े लेकर बाहर प्रसन्नतापूर्वक निकल पड़ें, लकड़ियाँ एवं घास एकत्र करें, रक्षोघ्न मन्त्रों के साथ उसमें आग लगायें, तालियाँ बजायें, अग्नि की तीन बार प्रदक्षिणा करें, हँसें और प्रचलित भाषा में भद्दे एवं अश्लील गाने गायें, इसी शोरगुल एवं अट्टहास से तथा होम से वह राक्षसी मरेगी।

## होलिका दहन, मथुरा

जब राजा ने यह सब किया तो राक्षसी मर गयी और वह दिन 'अडाडा' या 'होलिका' कहा गया। आगे आया है कि दूसरे दिन चैत्र की प्रतिपदा पर लोगों को होलिकाभस्म को प्रणाम करना चाहिए, मन्त्रोच्चारण करना चाहिए, घर के प्रांगण में वर्गाकार स्थल के मध्य में काम-पूजा करनी चाहिए। काम-प्रतिमा पर सुन्दर नारी द्वारा चन्दन-लेप लगाना चाहिए और पूजा करने वाले को चन्दन-लेप से मिश्रित आम्र-बौर खाना चाहिए। इसके उपरान्त यथाशक्ति ब्राह्मणों, भाटों आदि को दान देना चाहिए और 'काम देवता मुझ पर प्रसन्न हों' ऐसा कहना चाहिए। इसके आगे पुराण में आया है- 'जब शुक्ल पक्ष की 15वीं तिथि पर पतझड़ समाप्त हो जाता है और वसन्त ऋतु का प्रातः आगमन होता है तो जो व्यक्ति चन्दन-लेप के साथ आम्र-मंजरी खाता है, वह आनन्द से रहता है।'

## होलिका दहन, 2024

पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 24 मार्च, 2024 दिन रविवार को सुबह 09 बजकर 54 मिनट से शुरू होगी। फाल्गुन पूर्णिमा तिथि का समापन 25 मार्च, 2024 सोमवार को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर होगा। उदया तिथि के आधार पर होलिका दहन 24 मार्च, 2024 को रविवार के दिन है।

## भद्रा का समय

24 मार्च को होलिका दहन के दिन भद्रा लग रही है। उस दिन भद्रा का प्रारंभ सुबह 09 बजकर 54 मिनट से हो रही है, जो रात 11 बजकर 13 मिनट तक है। उस दिन भद्रा की पूंछ शाम 06:33 बजे से शाम 07:53 बजे तक है। वहीं भद्रा का मुख शाम 07:53 बजे से रात 10:06 बजे तक है। हालिका दहन के दिन भद्रा का वास पृथ्वीलोक पर सुबह 09:54 बजे से दोपहर 02:20 बजे तक है। वहीं भद्रा का वास पाताल लोक में दोपहर 02:20 बजे से रात 11:13 बजे तक है। भद्रा के समय में हालिका दहन नहीं करते हैं।

# भारतीय संस्कृति और रंगीनियां

संस्कृति का वास्तविक अर्थ समाज मे जीने की तौर तरीके मान्यताओं, मूल्यों, परम्पराओ, कला व ज्ञान का समूह है जो पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होते रहता है। यह हमारे आचार विचार, खान पान, वेश भूषा व सामाजिक व्यवहारों को आकर देती है जिससे एक अलग पहचान बनती यह मन को शुद्ध तथा मानव विकास का एक हिस्सा है। जबकि रंगीनियां का अर्थ रंगों से भरी हुई अवस्था, सुंदरता, नजाकत, सजावट, श्रृंगार, उल्लास व रसिकता से है। रंगीनियां शब्द का उपयोग सौंदर्यपूर्ण चंचल, आकर्षक, जीवंत परिस्थितियों एवमं भावों को वर्णन करने के लिए किया जाता है जो जीवन को आनन्द व सजावट को दर्शाते हैं। देखा जाए तो भारतीय संस्कृति अपने आप मे रंगीनियों से परिपूर्ण है। कभी पतझड़ तो कभी हरियाली धारण कर सभी की मन को मोहित करने में कोई कसर नही छोड़ती। भारतीय संस्कृति सभ्यता से जुड़ी है। सभ्य लोगो के कारण ही भारतीय संस्कृति सुंदरता से परिपूर्ण है। अपने से बड़ो को सम्मान तथा छोटे के प्रति प्रेम तथा स्नेह जताने की परंपरा चली आ रही है। ठंढ से ठिठुरन के बाद बसंत के आगमन के समय से ही रंगीनियां तथा खुशियां स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। सभी जगह रंग बिरंगे फूलों को खिलते ही वातावरण में खुशबू बिखरने लगी है। भारतीय संस्कृति एक परम्परागत चली आ रही है। इसी कड़ी में रंगीनियों को धारण किये होली, दीवाली, छठ पर्व, दुर्गापूजा व महाशिवरात्रि जैसे कई पर्व भारतीय संस्कृति से जुड़ी है। ये सभी पर्व अपने आप मे रंगीनियों को धारण किये हुए है। ये रंगीनियां बसंत ऋतु में अधिक स्पस्ट दिखाई देती है। भारतीय परंपरा के अनुसार इसी मौसम में बसंत पंचमी, महाशिवरात्रि व होली जैसे पर्व मनाई जाती है। कहा जाता है कि बसंत पंचमी विद्या की देवी सरस्वती की जन्म दिन के अवसर पर मनाई जाती है। जबकि महाशिवरात्रि शिव पार्वती के विवाहोत्सव को लेकर मनाई जाती है। लेकिन होली का पर्व खुशियो का प्रतीक है कहा जाता है कि ब्रज में श्रीकृष्ण भी होली खेला करते थे। इस पर्व में रंगों का प्रयोग बृहत तौर पर की जाती है। देखा जाए तो रंगों की झलक बसंत पंचमी के दिन से ही दिखाई देने लगती है। लेकिन महाशिवरात्रि के अवसर पर गाई जानेवाली 'बाबा हरिहर नाथ सोनपुर में होली खेले' जैसे गीत संगीत में रंगों की रंगीनियां साफ झलकती है। लेकिन यही रंगीनियां होली पर्व में खुलकर दिखाई देती है।चारो तरफ बिभिन्न प्रकार के रंगों का प्रयोग से पूरा वातावरण रंगीन हो जाती है। यह भारतीय संस्कृति में अपनी अलग ही पहचान धारण करती है। यह पूर्व से चली आ रही परम्परा का बोध कराती है। यह परंपरा भारतीय संस्कृति से जुड़ी है। यह संस्कृति सभ्यता, एकता व आपसी भाईचारे पर आधारित है जो पर्वो के दौरान स्पस्ट दिखाई देती है। आपसी द्वेष, भेदभाव को भूलकर सभी समानता दिखलाते हुए एक दूसरे के सीधा संपर्क में आते है। इसीलिए कहा जाता है कि भारत सभ्यता व संस्कृति का देश है। यह सभ्यता और संस्कृति बहुत ही पूर्व समय से परम्परागत रूप में चली आ रही है। इसलिये कहा जा सकता कि सभ्यता संस्कृति व रंगीनियां एक दूसरे से सम्बंधित है।



वेद प्रकाश

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## धर्म एवं आध्यात्म

# इस्कॉन नोएडा में गौर पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन

## भगवान चैतन्य महाप्रभु का आविर्भाव उत्सव श्रद्धालुओं में भावविभोर

**समाज जागरण**

नोएडा। आज रविवार, दिनांक 1 मार्च 2026 को इस्कॉन नोएडा में गौर पूर्णिमा महोत्सव की त्रिदिवसीय श्रृंखला के प्रथम दिवस पर अत्यंत भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गौर कथा, भगवान का पुष्प अभिषेक एवं फूलों की होली का आयोजन हुआ। आगामी 3 मार्च को श्री चैतन्य महाप्रभु का आविर्भाव दिवस बड़े हर्षोल्लास और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया जाएगा।




### शुभारंभ और गौर कथा

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 4:30 बजे भगवान के मंगल दर्शन से हुई। इसके बाद प्रातः 8 बजे इस्कॉन के वरिष्ठ आचार्य लोकनाथ स्वामी ने श्रील प्रभुपाद के निजी शिष्य के रूप में भगवान चैतन्य महाप्रभु के आविर्भाव पर विशेष प्रवचन दिया।

उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि 540 वर्ष पूर्व, जब कलियुग में अधर्म बढ़ रहा था और धार्मिक आचरण केवल औपचारिकता बनकर रह गया था, तब स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने चैतन्य महाप्रभु के रूप में प्रकट होकर हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से प्रेम, भक्ति और वास्तविक धर्म की स्थापना की। प्रवचन में चैतन्य महाप्रभु की लीलाओं का वर्णन करते हुए उनके उपदेशों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी गई।

### पुष्प अभिषेक और कीर्तन

कथा के उपरांत श्री राधा गोविन्द देव जी का ग्यारह सौ किलो ताजे और सुगंधित पुष्पों से अभिषेक किया गया। मंदिर को रंग-बिरंगे पुष्पों और आकर्षक सज्जा से अलंकृत किया गया और भगवान का मनोहर पुष्प-श्रृंगार किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय कीर्तन की मधुर ध्वनि वातावरण में गूंजती रही, जिससे उपस्थित श्रद्धालु कृष्ण-प्रेम में भावविभोर हो उठे। अनेक भक्त मधुर संकीर्तन पर नृत्य करते हुए भक्ति-रस में मग्न दिखाई दिए।

### फूलों की होली और प्रसाद

इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने फूलों की होली का आनंद लिया, जो गौड़ीय वैष्णव परंपरा में गौर पूर्णिमा के उत्सव का विशेष अंग है। इस आध्यात्मिक उत्सव में लगभग 2000 श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई।

# थाना ईकोटेक प्रथम पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया, अवैध शस्त्र बरामद

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर। थाना ईकोटेक प्रथम पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना की मदद से हत्या के आरोप में वांछित विशाल पुत्र सुखवीर (23 वर्ष) को एमआर गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया।




### अभियुक्त के कब्जे से बरामद

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा और 02 जिंदा कारतूस (.315 बोर) बरामद किए गए हैं।

### घटना का संक्षिप्त विवरण

विशाल पुत्र सुखवीर दिनांक 24.02.2026 को ग्राम लुक्सर में नितिन पुत्र फिरे की हत्या में शामिल था।

### अभियोग और आपराधिक इतिहास

मु0अ0सं0 23/2026, धारा 103(1)/109/191(3)/61(2) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट, थाना ईकोटेक प्रथम।

मु0अ0सं0 40/2025, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना ईकोटेक प्रथम। गिरफ्तारी और बरामदगी का विवरण

अभियुक्तः विशाल पुत्र सुखवीर, ग्राम लुक्सर, थाना ईकोटेक प्रथम, गौतमबुद्धनगर। उम्रः 23 वर्ष बरामदः 01 तमंचा मय 02 जिंदा कारतूस (.315 बोर) पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

मीडिया सेल पुलिस कमिश्नरेट, गौतमबुद्धनगर

# आयतुल्लाह हुसैनी खामेनेई की मौत और होली पर्व को देखते हुए नोएडा पुलिस अलर्ट मोड पर

## सेक्टर 8 जामा मस्जिद पर पुलिस कमिश्नर ने किया फ्लैग मार्च, पूरे जनपद में सुरक्षा कड़ी रखी जा रही है।

**समाज जागरण**

नोएडा। नोएडा पुलिस ने आयतुल्लाह हुसैनी खामेनेई की मौत और आगामी होली पर्व को देखते हुए पूरे जिले में सुरक्षा कड़ी कर दी है।

### फ्लैग मार्च और सतर्कता

नोएडा के सेक्टर 8 जामा मस्जिद पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने पूरी टीम के साथ फ्लैग मार्च किया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही घटनाओं को देखते हुए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।



### तैनाती और निगरानी

पूरे जनपद में 5,000 से अधिक पुलिस बल तैनात किए गए हैं। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त फोर्स तैनात किया गया और ड्रोन की मदद से शरारती तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है।

### सोशल मीडिया निगरानी टीम 24 घंटे सतत नजर बनाए रखेगी। नागरिकों से अपील

पुलिस ने सभी धर्मों के नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और कोई भी धार्मिक या संवेदनशील पोस्ट करने से पहले उसकी सत्यापित जानकारी सुनिश्चित करें।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा, "नोएडा पुलिस आपके साथ है और आपके लिए सदैव तत्पर है।"

# पक्का तालाब में बदलाव की दस्तक: पुलिस कार्रवाई से लौटी सुरक्षा और सामाजिक विश्वास

## नशे के खिलाफ मुहिम तेज: डासना गेट पुलिस और नागरिकों की संयुक्त पहल

**विशेष रिपोर्ट रविंद्र आर्य**
**डासना गेट, गाज़ियाबाद**

पक्का तालाब क्षेत्र, वार्ड नं. 12, डासना गेट चौकी क्षेत्र, जो कभी सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र माना जाता था, पिछले कुछ समय से जुआ, शराबखोरी और सूखे नशे जैसी असामाजिक गतिविधियों के कारण बदनाम हो रहा था। लेकिन हाल ही में डासना गेट चौकी और घंटाघर कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई ने इस क्षेत्र की तस्वीर बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है।

डासना गेट चौकी के पुलिस इंचार्ज यतेंद्र तोमर द्वारा पक्का तालाब क्षेत्र में की गई सख्त कार्रवाई स्थानीय नागरिकों के लिए आश्चर्यजनक और राहत भरी रही। पहली बार बीट स्तर पर प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराते हुए जुआ, शराब और सूखे नशे जैसी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की नियमित गश्त और निगरानी के कारण असामाजिक तत्वों की आवाजाही में लगभग 70% तक कमी आई है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा, स्वच्छता और सामाजिक वातावरण में सकारात्मक सुधार हुआ है।

नागरिकों का कहना है कि अभी पूरी तरह सूखा नशा बिकना बंद नहीं हुआ है। इसी को देखते हुए डासना गेट चौकी प्रभारी यतेंद्र तोमर ने होली के त्योहार के दौरान विशेष निगरानी हेतु पुलिस जीप की व्यवस्था की है, ताकि छोटी होली और रंग के दिन किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर तुरंत नियंत्रण किया जा सके।

सहायक पुलिस उपायुक्त (ACP) उपासना सिंह को वार्ड नं. 12 के नागरिकों द्वारा तहरीर दी गई है कि होली के त्योहार पर हुड़दंग, नशे की बिक्री और जुआ खेलना हर वर्ष आम बात हो जाती है। पुलिस पर विश्वास और उसकी सक्रियता को देखते हुए नागरिकों ने यह कदम उठाया है।

पुलिस की सक्रियता केवल पक्का तालाब तक सीमित नहीं रही। इससे पूर्व कल्लू पुरा क्षेत्र में गुप्त अभियान चलाकर सट्टेबाजों को पकड़ना भी जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। घंटाघर कोतवाली थाना और डासना गेट चौकी की संयुक्त टीम तथा वरिष्ठ अधिकारियों की सक्रियता को स्थानीय नागरिकों ने




स्वयं मौके पर देखा। अवैध सट्टा बाजारों के माध्यम से युवाओं और बच्चों का भविष्य बिगाड़ने वाले तत्वों पर की गई यह कार्रवाई समाज के लिए राहत लेकर आई है।

पहले जहाँ महिलाएँ, बच्चे और बुजुर्ग तालाब और पार्क क्षेत्र में जाने से डरते थे, वहीं अब वातावरण में बदलाव महसूस किया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा का एहसास बढ़ा है, स्वच्छता में सुधार हुआ है और सामाजिक मयार्दा की पुनर्स्थापना होती दिखाई दे रही है। यह परिवर्तन केवल प्रशासनिक कार्रवाई का परिणाम नहीं, बल्कि पुलिस और जनता के सहयोग का सशक्त उदाहरण भी है।

वार्ड नं. 12 के स्थानीय नागरिकों और गुप्त शिकायतकताओं ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया है, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सामाजिक सद्भाव बनाए रखा जा सके। नागरिकों का कहना है कि यदि सतत निगरानी और नियमित गश्त जारी रही, तो पक्का तालाब क्षेत्र पुनः अपने पुराने स्वरूप–एक सुरक्षित, स्वच्छ और सामाजिक गतिविधियों के केंद्र–के रूप में स्थापित हो सकता है।

स्थानीय निवासियों ने नगर निगम की तहरीर मे यह भी सुझाव दिया है कि तालाब में लगे कंटेनरों को हटाया जाए, जहाँ नशा करना, बेचना और बच्चों के शोषण जैसी दुर्भाग्यपूर्ण गतिविधियों की आशंका रहती है। नगर निगम को अनुरोध पत्र भेजकर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना तथा सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन की माँग की गई है, ताकि असामाजिक तत्वों की पुनः वापसी को रोका जा सके। सामाजिक सहभागिता और प्रशासनिक सतर्कता का यह मॉडल अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन सकता है।

पक्का तालाब क्षेत्र में हालिया पुलिस कार्रवाई ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति, स्थानीय सहभागिता और सतत निगरानी से किसी भी क्षेत्र को असामाजिक गतिविधियों से मुक्त कराया जा सकता है। यह पहल केवल कानून व्यवस्था की बहाली नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास, सामुदायिक सुरक्षा और नागरिक गरिमा की पुनर्स्थापना की दिशा में एक मजबूत और सराहनीय कदम है।

## गाजियाबाद खेल समाचार

# एनसीआर योगासन चैंपियनशिप 2026 में प्रतिभाओं ने दिखाई अद्भुत योग कला

## डीवाईएसए गाज़ियाबाद का सफल आयोजन, एनसीआर के विद्यालयों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की

**समाज जागरण**

गाजियाबाद। 22 फरवरी 2026 को बाल भारती पब्लिक स्कूल ब्रिज विहार में डीवाईएसए गाज़ियाबाद द्वारा एनसीआर योगासन चैंपियनशिप 2026 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



### प्रतियोगिता का स्वरूप

यह प्रतियोगिता योगासन भारत के आधिकारिक पाठ्यक्रम और दिशा-निदेर्शों के अनुसार आयोजित की गई, जिससे पारदर्शिता, तकनीकी शुद्धता और राष्ट्रीय स्तर के मानकों का पालन सुनिश्चित हुआ।

### प्रतियोगिता श्रेणियां और प्रदर्शन

खिलाड़ियों ने निम्नलिखित श्रेणियों में अपनी योग कला का प्रदर्शन किया: मिनी सब जूनियर, मिनी जूनियर, पारंपरिक योगासन, आर्टिस्टिक योगासन, ट्विस्टिंग योगासन लेग बैलेंस, बैक बेंडिंग, फॉरवर्ड बेंडिंग

प्रतिभागियों ने पेशेवर निर्णायक मंडल के समक्ष अनुशासन, संतुलन, शक्ति और उत्कृष्ट प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया।

### प्रतियोगिता के मुख्य बिंदु

योगासन भारत के मानकों के अनुसार सटीक आयोजन

एनसीआर क्षेत्र के विद्यालयों की सशक्त अंतर-विद्यालयीय भागीदारी

उच्च तकनीकी स्तर और निष्पक्ष मूल्यांकन

उभरती योगासन प्रतिभाओं के लिए मजबूत मंच

### भविष्य की दिशा

डीवाईएसए गाज़ियाबाद ने इस चैंपियनशिप के माध्यम से योगासन को एक संरचित प्रतिस्पर्धात्मक खेल के रूप में बढ़ावा देने और भविष्य के राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए मजबूत आधार तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता को दशार्या।

## मुरादाबाद शिक्षा समाचार

# बीपीटी में प्रवेश के लिए नीट एग्जाम अनिवार्य, आवेदन की अंतिम तिथि 8 मार्च

**समाज जागरण**

केन्द्र सरकार ने बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (बीपीटी) सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाते हुए नीट-यूजी परीक्षा को अनिवार्य कर दिया है। इसके अनुसार तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू), मुरादाबाद के फिजियोथेरेपी विभाग में भी एडमिशन नीट परीक्षा के आधार पर ही होगा।






### आवेदन और योग्यता

नीट-यूजी के लिए आवेदन प्रक्रिया 8 फरवरी से प्रारम्भ हो चुकी है।

आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 मार्च 2026 है।

आवेदन करने के लिए उम्मीदवार का विज्ञान वर्ग में 12वीं परीक्षा (जीव विज्ञान सहित) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने बताया कि नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थ केयर प्रोफेशन्स के अनुसार बीपीटी में प्रवेश पाने के लिए नीट परीक्षा में किसी न्यूनतम अंक की आवश्यकता नहीं है, लेकिन परीक्षा में बैठना अनिवार्य है।

### टीएमयू में सुविधाएं

टीएमयू का परिसर 130 एकड़ में फैला हुआ है।

बीपीटी के साथ-साथ एमपीटी और पीएचडी की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

विभाग की स्थापना 2010 में हुई थी और इसके हजारों एल्युमिनाई देश-विदेश के अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, कॉर्पोरेट और स्पोर्ट्स टीमों में कार्यरत हैं।

छात्र-छात्राओं के लिए कैंपस में अलग हॉस्टल उपलब्ध हैं।

व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए 1000+ बेड के मल्टी और सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का प्रयोग किया जाता है।

उम्मीदवारों से अपील की गई है कि वे समय रहते नीट परीक्षा के लिए आवेदन करें और प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हों।

## गाज़ियाबाद सांस्कृतिक समाचार

# आर्य समाज कवि नगर में दो दिवसीय होली मिलन समारोह हर्षोल्लास से सम्पन्न

## धर्म, पुरुषार्थ और योग का संदेश, श्रद्धालुओं ने लिया आनंद

**समाज जागरण**

गाज़ियाबाद। रविवार, 01 मार्च 2026 को आर्य समाज कवि नगर में दो दिवसीय वासन्तीय नवसस्येष्टि यज्ञ एवं होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ।



### वैदिक यज्ञ और धर्म का संदेश

वैदिक विद्वान धमार्चार्य प्रमोद शास्त्री ने ब्रह्मत्व में वासन्तीय नवसस्येष्टि यज्ञ सम्पन्न कराया। मुख्य यज्ञमान रहे–श्रीमती मनोरमा शर्मा, अशोक शर्मा, नेहा कसाना, रितेश कसाना, शशि बाला एवं रविन्द्र आर्य। यज्ञमानों को आशीर्वाद देते हुए उन्होंने पांच माताओं–ईश माता, जननी माता, धरती माता, गौमाता और वेदमाता का जिक्र किया। धमार्चार्य ने बताया कि यदि वेदमाता नहीं मिली तो मनुष्य और पशु में कोई अंतर नहीं रहेगा। इसलिए धर्म की जानकारी के लिए वेदों का स्वाध्याय आवश्यक है।

### भजन, कीर्तन और आध्यात्मिक आनंद

सहारनपुर से पधारे सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक अभिषेक आर्य, नरेन्द्र आर्य, ऋचा आर्या, सतेन्द्र चौहान ने होली मिलन के गीत प्रस्तुत किए, जिन्हें सुनकर श्रोतागण भावविभोर हो गए।

### संस्कृति, योग और समाज सुधार का संदेश

स्वामी विवेक देव (पतंजलि योग पीठ) ने कहा कि हमारी सभ्यता, संस्कृति और परंपराएं आज भी जीवित हैं। सनातन वैदिक धर्म सीधे ईश्वर से जुड़ा है और वेद परमात्मा की वाणी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए गाय, गौशालाओं और गुरुकुलों का संवर्धन करना आवश्यक है।

### होली पर्व और पुरुषार्थ का संदेश

मुख्य वक्ता आचार्य चन्द्र पाल शास्त्री ने कहा कि पर्व हमें आपस में जोड़ते हैं। संगठित होकर समाज कल्याण के कार्य करने चाहिए। आत्मिक उन्नति के लिए किए गए कार्य ही पुरुषार्थ हैं। होली पर्व पर संकल्प लेकर यदि हम परमात्मा की भक्ति से जुड़े कार्य करें, तो न केवल समाज बल्कि राष्ट्र का भी कल्याण होगा।

योगी प्रवीण आर्य ने कहा कि पर्व हमें एक-दूसरे से जोड़ते हैं। केवल मुस्कुराने से व्यक्ति तनावमुक्त, युवा और सुंदर बने रहते हैं।

विशेष आमंत्रित वेद प्रभातम ने कहा कि होली एक पवित्र त्यौहार है, जिसे ऋषिमुनी प्राचीन काल से बड़े यज्ञकुंडों और घरों में प्रातः एवं सायं यज्ञ करके मनाते आए हैं।

### उपस्थित गणमान्य व्यक्ति

मुख्य रूप से राजेन्द्र आर्य, आलोक राघव, आशा आर्या, डा. प्रमोद सक्सेना, वी के गुप्ता, सुमन चौहान, सुभाष शर्मा, सौरभ आर्य, बृजपाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम का संचालन और समापन

मंच का कुशल संचालन यशस्वी मंत्री वी के धामा ने किया। समाज के प्रधान लक्षमन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम शांतिपाठ एवं ऋषि लंगर के साथ सम्पन्न हुआ।

## लखनऊ सामाजिक समाचार

# बाबा नीम करौली जी की प्रेरणा से बृज की रसोई बना मानवीय सेवा का जीवंत उदाहरण

# इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी ने आशियाना क्षेत्र में नि:शुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम सम्पन्न किया

**समाज जागरण**

लखनऊ, आशियाना। बाबा नीम करौली जी की सेवा-प्रेरणा से संचालित इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी (पंजी.) के सेवा उपक्रम बृज की रसोई द्वारा रविवार को आशियाना क्षेत्र में निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम शालीनता एवं सामाजिक मयार्दा के साथ सम्पन्न हुआ।

संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर लगभग 1500 अकिंचन, असहाय, श्रमजीवी, कर्मकार एवं निराश्रित–विशेषकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों–को सम्मानपूर्वक छोला-चावल और बूँदी परोसी गई।




### समाज सेवा में सहभागिता

इस सेवा में रसोई परिवार के वरिष्ठ सदस्य दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। उन्होंने अपनी सुपुत्री नूपुर श्रीवास्तव और श्री सुधीर कुमार के पुत्र-रत्न श्रीयान प्राप्ति के उपलक्ष्य में केक काटकर यह सेवा समर्पित की। उन्होंने बताया कि यह पहल केवल भोजन वितरण नहीं, बल्कि सामाजिक सहभागिता और मानवीय उत्तरदायित्व का साझा संकल्प है।

विपिन शर्मा ने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि सामूहिक सहयोग से ही यह पुण्य अभियान निरंतर आगे बढ़ सकता है।

### कार्यक्रम का संचालन

जालिम सिंह ने बताया कि निर्धारित समयानुसार कार्यक्रम आरंभ हुआ और भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं वितरण अनुशासन को प्राथमिकता दी गई।

आशीष शुक्ला ने कहा कि स्वयंसेवकों ने सुव्यवस्थित पंक्तियों के माध्यम से सेवा प्रदान की, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ।

विकास पाण्डेय ने बताया कि यह पहल सतत जनसहयोग पर आधारित है और प्रत्येक रविवार चिन्हित स्थलों पर आवश्यकता-आधारित सेवा सुनिश्चित की जाती है।

दिवस श्रीवास्तव ने कहा कि समाज के वंचित तबकों तक सहायता पहुँचाना संस्था की कार्य-दिशा का केंद्रीय उद्देश्य है।

संजय श्रीवास्तव ने बताया कि स्थानीय नागरिकों ने सेवा प्रयास की सराहना करते हुए इसे सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रभावी अभिव्यक्ति बताया।

### प्रमुख सहभागी

कार्यक्रम में जालिम सिंह, दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, शैलेश बाजपेई, बलवंत सिंह, अनुराग दुबे, अर्पित रावत, विकास पाण्डेय, मुकेश कनौजिया, सुधीर कुमार, दिवस श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार और नूपुर श्रीवास्तव सहित अनेक समाजसेवी सक्रिय रहे।

समापन अवसर पर संस्था ने सेवाभावी कार्यकताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ सेवा विस्तार का संकल्प व्यक्त किया।

# होली के पावन पर्व और रमजान माह के दृष्टिगत नोएडा पुलिस अलर्ट

**समाज जागरण**

नोएडा। होली के पावन पर्व एवं रमजान माह के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सीपी नोएडा द्वारा नोएडा जोन के सेक्टर-18 मार्केट, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों तथा मेट्रो स्टेशनों पर पुलिस अधिकारियों और पुलिस बल के साथ भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से भी त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।



# साइबर ठगी पर यूपी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**समाज जागरण**

कौशांबी। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा विभिन्न माध्यमों से की गई साइबर धोखाधड़ी के मामलों में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कौशांबी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 35 पीड़ितों से ऑनलाइन ठगी किए गए कुल 11,84,181 की धनराशि वापस कराई है।

इसके अतिरिक्त साइबर ठगी से संबंधित करीब 30 लाख की रकम विभिन्न बैंक खातों में होल्ड कराई गई है।

पुलिस द्वारा इस राशि को पीड़ितों के खातों में वापस कराने की प्रक्रिया जारी है।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि खाते से धोखाधड़ी होने की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या cyber-crime.gov.in पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि त्वरित कार्रवाई संभव हो सके।

# नजीबाबाद में साइबर क्राइम व महिला हेल्पलाइन की जानकारी हेतु पम्पलेट वितरित

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद (बिजनौर)। नजीबाबाद के जगन्नाथ चौक पर थाना नजीबाबाद पुलिस द्वारा साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा एवं विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया।
इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल 588 निर्वशी एवं महिला कांस्टेबल 490 अनीता द्वारा बालिकाओं एवं आम नागरिकों को पम्पलेट वितरित कर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।
अभियान के दौरान पुलिस कर्मियों ने साइबर क्राइम से बचने के उपाय, महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबर तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं नशा मुक्ति भारत अभियान जैसी योजनाओं की जानकारी शामिल रही।
इसके साथ ही वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी लोगों को अवगत कराया गया।
पुलिस द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों को सुरक्षा संबंधी सेवाओं की जानकारी देना तथा समाज में अपराध रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अभियान के दौरान नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबर भी साझा किए गए।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर अश्वनी जैन का हुआ भव्य स्वागत।

**समाज जागरण**




सिरसागंजः- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन सेवन वंडर्स इंटर कॉलेज, सूरजपुर दुगमई, सिरसागंज में धीरेन्द्र कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक, फिरोजाबाद के संयोजन में सम्पन्न हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि की भूमिका में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रंजना गुरुदत्त सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुलभूषण आर्य इंटर कॉलेज मलापुर के प्रबंधक, पूर्व जिला समन्वयक रत्नेश कुलश्रेष्ठ एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार ने श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार में नामित करने के लिए माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। इसी के साथ विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती ब्रजेश कुमारी, निदेशक संजय शर्मा, प्रधानाचार्य एम डी सर एवं समस्त विद्यालय परिवार ने उनका भव्य स्वागत किया।
डीआईओएस धीरेन्द्र कुमार ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करके बताया वे विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। इसके साथ जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक की भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हैं। जिससे जनपद एवं नगर की प्रतिभाएं राज्य स्तर तक प्रतिभाग कर रही हैं। रत्नेश कुलश्रेष्ठ ने अपने पुराने संस्मरण सुनाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को विज्ञान की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद, धीरेन्द्र कुमार, रत्नेश कुलश्रेष्ठ, विद्यालय परिवार के साथ अपने परिवार, समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ आर के तैंगुरिया, डॉ सुनील यादव, विकास कुमार, डॉ दिलशाद अली, अंशुल खंडेलवाल, सुखेन्द्र यादव, ललिता वशिष्ठ, शिवम जैन, पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# फिरोजाबाद के कांता होटल में भीषण आगः दमकल की कई गाड़ियां मौके पर, कोई हताहत नहीं, जांच शुरू

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र स्थित कांता होटल में रविवार को अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग लगने से होटल में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, होटल से धुआं उठता देख स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचित किया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दमकल की कई गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।
प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, होटल में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। शॉर्ट सर्किट को आग का संभावित कारण माना जा रहा है, लेकिन आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही होगी।
थाना उत्तर पुलिस ने होटल मालिक और कर्मचारियों से पूछताछ शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से एहतियाती कदम उठाए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि दमकल समय पर न पहुंचती तो आग आसपास की दुकानों और मकानों तक फैल सकती थी।
फिलहाल, प्रशासन ने घटना की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए हैं और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# बिना ठोस साक्ष्यों के पीड़ित के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट, जांच पर उठे सवाल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



रामपुर। कोतवाली मिलक पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठे हैं। जनपद बरेली निवासी धर्मपाल मौर्या ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने बिना ठोस साक्ष्यों, चश्मदीद गवाहों और सीसीटीवी फुटेज की जांच किए उनके खिलाफ झूठी चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। पीड़ित का कहना है कि वह करीब एक वर्ष तक निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर अधिकारियों के चक्कर लगाता रहा, लेकिन उसकी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हुई।
पीड़ित के अनुसार, 16 दिसम्बर 2024 की शाम वह अपने बहनोई छेदालाल निवासी ग्राम सिर्रा (रामपुर) के यहां से घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में हैरिटेज स्कूल के पास पीछे से तेज गति और अनियंत्रित बाइक चला रहे कासिम ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कासिम की बाइक पर पीछे बैठे रामकिशोर के सिर में गंभीर चोट आई, जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई, जबकि धर्मपाल मौर्या भी गंभीर रूप से घायल हो गए।
धर्मपाल मौर्या का आरोप है कि घटना के लिए जिम्मेदार बाइक चालक कासिम के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई, जबकि उन्हें ही आरोपी बनाते हुए विवेचक उपनिरीक्षक रामआशीष ने जल्दबाजी में विवेचना पूरी कर चार्जशीट दाखिल कर दी। उनका कहना है कि यदि घटना स्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जाती तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती थी।
पीड़ित ने बताया कि घटना के अगले दिन जब उनके बहनोई तहरीर देने कोतवाली पहुंचे तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से मना कर दिया। बाद में 3 जनवरी 2025 को मृतक के भाई द्वारा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई, जिसके बाद मात्र चार दिनों में विवेचना पूरी कर उन्हें आरोपी बना दिया गया।
धर्मपाल मौर्या ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार पुलिस अधीक्षक और अन्य उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जांच के दौरान उन्हें बयान दर्ज कराने के नाम पर दबाव बनाया गया और उनके कथनों को गलत तरीके से दर्ज किया गया।
पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की है। वहीं, इस प्रकरण को लेकर क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली पर चर्चा तेज हो गई है।
अगर आप चाहें तो मैं इस खबर के लिए हेडिंग के 5-6 अलग विकल्प, छोटी खबर (संक्षिप्त संस्करण) या अखबार लेआउट फॉर्मेट भी बना सकता हूँ।

# बड़े ही उमंग व धूमधाम के साथ अपनी नई पहचान बनाते हुए निकला द्वादशी का जुलूस

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नगीना नगर में द्वादशी का जुलूस सिद्ध पीठ मंदिर मुक्तेश्वर नाथ बड़ा मंदिर समिति के तत्वाधान में बड़े ही उमंग व धूमधाम के साथ अपनी नई पहचान बनाते हुए एतिहासिक रहा। हुर्रियारों ने जम कर रंग और गुलाल उड़ाया जिससे राहगीरों को रंगों की बौछारों से सराबोर होना पड़ा। जुलूस बाजार के मुख्य मार्गों से होता हुआ रेलवे स्टेशन पहुँच कर सम्पन्न हुआ। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से जुलूस के साथ उच्चाधिकारी व भारी पुलिस बल मौजूद रहे शनिवार की दोपहर दो बजे सिद्ध पीठ बड़ा मंदिर मुक्तेश्वर नाथ मंदिर कमेटी के तत्वाधान में होली पर्व के अवसर पर निकलने वाला द्वादशी रंग-गुलाल का जुलूस मंदिर मुक्तेश्वर नाथ से पूजन के बाद प्रारम्भ होकर मुख्यबाजार सुनहरी मस्जिद, बारादरी, साहूवान होता हुआ मौहल्ला चौधराना देवता मंदिर पर पहुँचा वहां से हवन-पूजन कर वापस होते हुए मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा बाजार, एक मीनारी मस्जिद मौहल्ला पाद्यान, खोखरा मंदिर, जामामस्जिद बाजार, बाजार बारादरी, सरार्फा बाजार, सुनहरी मस्जिद बाजार, गंज बाजार बड़ा मंदिर, बाजार मझलैटा, लुहारी सराय, मण्डी मौलगंज, नगरपालिका बाजार, गांधी मूर्ती व रेलवे स्टेशन रोड होते हुए रेलवे स्टेशन पर जाकर समाप्त हुआ। जहां पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। जुलूस में डीजे व झांकियों सहित रंग व गुलाल की बुग्गियों पर मौजूद हुर्लियारे रंग गुलाल बिखेरते व ढोल नगाडों की थाप पर नाचते कूदते चल रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ अंजनी कुमार चतुवेर्दी, थाना प्रभारी अवनीत मान, एस एस आई सुक्रमपाल सिंह राणा, दरोगा सुभाष तोमर, रामचन्द्र सिंह, सोहन सिंह पुंडीर सहित कई थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ जुलूस में मौजूद रहे। जुलूस में भाग लेने वालों में मुख्य रूप से कपिल अग्रवाल, सलिल अग्रवाल , मुकेश उर्फ आले अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, अभिषेक अग्रवाल, मोहित गर्ग, कर्तव्य अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, पिंकी शर्मा, नीरज विश्नोई, विक्रांत, मुकुल सिंघल, नवीन माहेश्वरी, लवी चौपड़ा, लक्ष्य बंसल, विजय अग्रवाल, गर्वित चौधरी, राजीव अग्रवाल, मोहित गुप्ता, तरूण अग्रवाल, नितिन, अंशुल, आशीष, सौरभ मित्तल, अंकित मित्तल, मोहित गर्ग, विशाल गुप्ता, रोहित गुप्ता, सुशील अग्रवाल, संजीव गुप्ता, हर्ष गोयल, श्वेत कमल, अरविन्द विश्नोई सहित नगर के सैकडों युवा व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से सहायक अध्यापिका की मौत, मायका पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप।

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद।जनपद इटावा के जसवंत नगर निवासी एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से अचेत हो गई परिजन उसे उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लेकर जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया इधर सूचना पर आए मृतका के भाई ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से कराया है
थाना मटसेना क्षेत्र निवासी रामशंकर ने बताया तो उसने अपनी बहन सोनी शर्मा की शादी जनपद इटावा गांव उतराई निवासी शिवकिशोर के साथ 2023 में की थी सोनी जसराना के एक स्कूल मे सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत थी जबकि शिवाकिशोर एडीओ पंचायत के पद कार्यरत हैं राम शंकर ने बताया की सोनी के ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर सोनी का उत्पीड़न करते थे कई बार उनको समझाया भी परंतु उनकी समझ में कुछ नहीं आया शनिवार की शाम सोनी के ससुरालियों द्वारा फोन पर सूचना दी उनकी बहन की तबीयत ज्यादा खराब है हम लोगों ने उनसे यहा लाकर सरकारी ट्रामा सेंटर मैं भर्ती कराने के लिए कहा तो वह लोग सोनी को लेकर आ गए जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया जिससे परिजनों में कोहराम मच गया उन्होंने बताया कि सोनी की फांसी लगने से मौत हुई है उन्होंने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से कराया है।

# कैंटर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, चालक फरार

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। नगर में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना वरी चौराहे के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों को सूचना दी हैं।
थाना रसूलपुर के अंतर्गत वरी चौराहे के निकट रविवार को दोपहर में तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना रसूलपुर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कैंटर को भी अपने कब्जे में ले लिया है।
मृतक की पहचान हाथरस जनपद के सादाबाद तहसील स्थित धधाऊ गांव निवासी विवेक कुमार के रूप में हुई है। उनकी पहचान उनके पास मिले एक कार्ड के आधार कार्ड से हुई है। पुलिस परिजनों को घटना की जानकारी दी है। दुर्घटना के बाद कैंटर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# वृंदावन की तर्ज पर संभल में सजी लठमार होली की अनुपम छवि – चौबीस कोसीय मासिक परिक्रमा में फाल्गुन उत्सव का भव्य आयोजन

**समाज जागरण**



संभल। चौबीस कोसीय मासिक परिक्रमा समिति के तत्वावधान में फाल्गुन मास की मासिक परिक्रमा अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुई। इस बार की परिक्रमा विशेष रूप से फाल्गुन मास के महात्म्य के अनुरूप वृंदावन की तर्ज पर आयोजित की गई, जिसमें फूलों एवं रंगझगुलाल की होली का दिव्य आयोजन हुआ।
प्रातः 6 बजे से ही श्रद्धालु श्री वंशगोपाल तीर्थ पर एकत्रित होने लगे। सैकड़ों की संख्या में परिक्रमार्थियों ने कुंड एवं पौराणिक कदम वृक्ष की परिक्रमा की। तत्पश्चात ब्रह्माजी द्वारा स्थापित भोलेनाथ मंदिर में आरती एवं जलाभिषेक किया गया। भगवान शंकर, भगवान कल्कि एवं भगवान हरिहर को पुष्प एवं गुलाल अर्पित कर होली खेली गई।
इस अवसर पर महिलाओं एवं पुरुषों में अपार उत्साह देखने को मिला। श्री वंशीगोपाल तीर्थ पर महिलाओं द्वारा लठमार होली का शुभारंभ किया गया, जिसमें पुरुषों ने ढाल से प्रतीकात्मक बचाव करते हुए नृत्य किया। पूरे मार्ग में श्रद्धालु रंग-बिरंगे गुलाल और पुष्पों से होली खेलते, भजन-कीर्तन करते आगे बढ़ते रहे।
परिक्रमा भुवनेश्वर तीर्थ पहुंची, जहां रुद्राष्टकम का पाठ पंडित शोभित शास्त्री, पंडित मुकेश शर्मा विशाल शर्मा पंडित विनीत शर्मा द्वारा किया गया। चामुंडा मंदिर में होली के पारंपरिक गीतों के साथ नृत्य एवं फूलों की होली का आयोजन हुआ। इसके पश्चात परिक्रमा प्रोजपुर चामुंडा मंदिर होते हुए क्षेमनाथ धाम, नैमिषारण्य तीर्थ पहुंची, जहां बाबा बालयोगी दीनानाथ जी महाराज ने आरती संपन्न कराई। वहां भी श्रद्धालुओं ने पुष्प एवं गुलाल से होली खेली।
आगे भवानीपुर मंदिर में मंदिर कमेटी एवं रामचंद्र गिरी महाराज जी द्वारा सुंदर व्यवस्थाएं की गई थीं। महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन एवं लठमार होली का प्रतीकात्मक आयोजन किया गया तथा जलपान की व्यवस्था भी रही। इसके उपरांत भगवान शंकर पर जलाभिषेक एवं आरती के बाद परिक्रमा चंद्रेश्वर तीर्थ पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को रंग एवं पुष्प अर्पित कर मंगलकामनाएं कीं।
अंततः परिक्रमा पुनः वंशीगोपाल तीर्थ धाम पहुंचकर संपन्न हुई। संपूर्ण परिक्रमा मार्ग हर-हर महादेवह्न और जय श्रीहरि के जयकारों से गुंजायमान रहा। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भक्ति और उत्साह के साथ इस दिव्य आयोजन में सहभागिता की और रंग-गुलाल से एक-दूसरे को सराबोर कर फाल्गुन मास के इस आध्यात्मिक उत्सव को अविस्मरणीय बना दिया।
इस अवसर पर समिति के सदस्यों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा परिक्रमा मार्ग के विकास हेतु 300 करोड़ रुपये का प्रस्ताव मंजूर होने पर शासन एवं प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। सभी ने विश्वास जताया कि इस स्वीकृति से परिक्रमा मार्ग का समुचित विकास होगा और श्रद्धालुओं को और अधिक सुविधाएँ प्राप्त होंगी।
परिक्रमा में भवानीपुर शिव मंदिर के महंत रामचंद्र गिरी महाराज ,राजकुमार शर्मा जसपाल सिंह विकास वर्मा ऋषभ,भूकेंद्र सारस्वत, संजीव शुक्ला राहुल शर्मा शोभित गुप्ता ,अमित शुक्ला जसपाल सिंह सौरभ गुप्ता धर्मेंद्र ठाकुर, रामगोपाल शर्मा दीपक कुमार राकेश वार्षेण्य सरिता गुप्ता अरविंद प्रजापति सुनीता यादव नीतू माथुर राजू टेंट मंजू रावत पूनम शर्मा देवांश वैष्णवी रागिनी भटनागर मुरारी मुरली सिंह प्रभाकर शुक्ला प्रभाकर शुक्ला अमित शर्मा सतवीर सिंह मुदिता गुप्ता शंकर शर्मा शंकर शर्मा सोनू सैनी समरपाल सिंह गुड्डू पालसमिति के पदाधिकारीगण क्षेत्रीय संत-महात्मा, महिलाएं, पुरुष, युवा एवं बालक-बालिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर वूमेन प्राइड व वूमेन एरा का संयुक्त रूप से बृज होली उत्सव का भव्य आयोजन

**समाज जागरण**

चंदौसी।होली मिलन समारोह भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन है ,जो रंगों के त्योहार होली के उपलक्ष्य में आजाद रोड स्थित संजीवनी पैलेस में आयोजित किया गया ।यह समारोह आपसी प्रेम ,सौहार्द और हिंदू सनातन को बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया गया।
समारोह की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ सुधा चौधरी (सी.सी.एम.जी.डब्ल्यू.एफ), पदमा भार्गव (आईपीपी फेडरेशन 5), क्षमा अग्रवाल (यूनिट डायरेक्टर), अनु रस्तोगी जी( चीफ प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर), शुभा अग्रवाल( फेडरेशन ऑफिसर) उपस्थित रहे।
इसके बाद दीप प्रज्वलन हमारे विशिष्ट अतिथियों के द्वारा कराया गया।
तत्पश्चात सभी सदस्यों ने मिलकर जॉइंट्स प्रार्थना की।
इसके बाद हमारे सनातन धर्म को बढ़ावा देने के लिए राधा कृष्ण का स्वरूप धारण कर सदस्यों द्वारा मनोहर नृत्यों का आयोजन किया गया। जिसमें राधा कृष्ण के समक्ष सभी ने फूलों की व गुलाल की होली खेली तथा एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। मनोहर नृत्यों के साथ समारोह में होली थीम पर तंबोला ,होली गेम्स व हिंदू सनातन को बढ़ावा देने के लिए प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।
होली के उत्सव के साथ सभी ने विश्व मानव सप्ताह जो कि मानवता, मानव अधिकारों, समानता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष सप्ताह है उसे भी मनाया। जिसमें कुछ सदस्यों ने जाति, धर्म ,भाषा व रंग के भेदभाव को समाप्त करने का संदेश दिया।
अंत में सभी सदस्यों ने स्वादिष्ट व्यंजनों व ठंडाई का आनंद लिया।
इस अवसर पर नीतू, शुभा, प्रीति, अंजलि, वंदना , रेशु, नैना, काव्या ,प्रियांशी, अलका, शिवानी ,शिखा ,आंचल ,सुरभि, सुनीता, कविता, शुभ्रा, गीताली, स्वाति,मानसी आदि ग्रुप के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शनो का वितरण किया गया।

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। रविवार को श्री राम गैस सर्विस के मालिक सुधीर शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत अमित कुमार उपाध्याय के आवास कपावली में रमाकांत उपाध्याय सदस्य गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के कर



कमलों द्वारा फ्री गैस कनेक्शनो का वितरण किया गया जिसमें एक पाइप एक रेगुलेटर एक चूल्हा एक भरा सिलेंडर पाकर महिलाओं के खिले चेहरे इस अवसर पर कमला गैस सर्विस एका के मालिक लक्ष्मी नारायण बघेल जी समाज सेवी कौशल किशोर उपाध्याय पूर्व प्रधान रविंद्र सिंह परिहार , संतोष शर्मा , ध्रुव शर्मा,पवन उपाध्याय ,गौरव उपाध्याय , आकाश शर्मा ,विपिन उपाध्याय , क्षेत्र पंचायत सदस्य रविंद्र कुशवाहा व राजकुमार बघेल,शिवम शर्मा ,कुणाल तेनगुरिया आदि समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# केमिस्ट एसोसिएशन ने खेली गुलाल और फूलों की होली।

### डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय मूर्खाधिराज तथा राहिल भारतीय चुने गए मूर्ख शिरोमणि

**समाज जागरण**

संभल ।केमिस्ट एसोसिएशन ने गुलाल और फूलों से होली खेलकर डॉक्टर प्रशांत वार्ष्णेय को मूर्खाधिराज और राहिल भारतीय को मूर्ख शिरोमणि चुनकर गुलाल और फूलों की होली खेली। एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली शुभ की टोपी पहनाकर सामूहिक रूप से पुष्प वर्षा करके होली का आनंद लिया। चंदौसी रोड पर स्थित विवान अस्पताल में केमिस्ट एसोसिएशन के द्वारा होली से एक दिन पूर्व गुलाल और फूलों की होली खोली गई। सर्वप्रथम चिकित्सा, समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में यश पताका फहराने वाले सिद्धि हॉस्पिटल के स्वामी तथा वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर प्रशांत वार्ष्णेय को सर्वसम्मति से मूर्खाधिराज चुना गया और असमोली से आए केमिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राहिल भारतीय को मूर्ख शिरोमणि चुना।




केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम शरण शर्मा ने मूर्खाधिराज और मूर्ख शिरोमणि को माल्यार्पण किया अभिनंदन किया। विवान अस्पताल के स्वामी सत्यवीर सिंह पाल और सुबोध सिंह पाल ने मूर्खाधिराज और मूर्ख शिरोमणि को पगड़ी पहनाई। डॉक्टर नसीम, शाहनवाज आलम, डॉक्टर अभिजीत पॉल, अजय कुमार शर्मा, दुर्वेश सैनी, डॉ .वाहिद हुसैन, सुनील कुमार, राजपाल सिंह, दिनेश कुमार, रंजीत सिंह, बॉबी चौधरी, मोहम्मद हसनैन, शैलेश सक्सेना, दिनेश कुमार, सौरभ गुप्ता आदि अनेक सदस्यों ने मूर्खाधिराज और मूर्ख शिरोमणि के ऊपर पुष्प वर्षा की। सभी ने एक दूसरे को होली की टोपी पहनाकर गुलाल लगाया और जमकर फूलों की होली खेली।
इस अवसर पर मूर्ख शिरोमणि बने राहिल भारतीय ने कहा कि होली भाईचारे का त्यौहार है। होली का अर्थ है कि अपने मन में व्याप्त सभी बुराइयों का खात्मा करना और चटकीले भड़कीले रंगों की तरह स्वयं का स्वभाव सुगंधित बनाना। इस अवसर पर उन्होंने केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया। मूर्खाधिराज बने डॉक्टर प्रशांत वार्ष्णेय ने केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित गुलाल और फूलों की होली जमकर खेली और सभी सदस्यों से फूलों की तरह महकने व्यवहार करने और बनने की अपेक्षा की। उन्होंने केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित गुलाल और फूलों की होली कार्यक्रम की सराहना करते हुए केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा समाज हित समर्पित रहने के स्वभाव की प्रशंसा की। समस्त कार्यक्रम का संचालन सुबोध पाल ने किया।

# ब्राह्मण महिला सभा चंदौसी द्वारा होली कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**समाज जागरण**

चंदौसी। ब्राह्मण महिला सभा चंदौसी जिला संभल के तत्वाधान में गौशाला रोड पर स्थित ब्राह्मण महिला सभा की महामंत्री रंजना शर्मा के निवास स्थान पर होली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। जिसमें ब्राह्मण महिला सभी की नगर अध्यक्ष उर्मिला शर्मा के द्वारा सरस्वती माँ के समक्ष दीप प्रज्वलित करके गायत्री मन्त्र के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। और भजन मंडली के द्वारा खूब सुन्दर सुन्दर भजनो की प्रस्तुति दी गयी और सभी सदस्यों ने होली के गीतों पर खूब नृत्य किया। बाद मे फूलों और गुलाल से होली खेली गयी। इस अवसर पर आशा सारस्वत, ममता शर्मा, उर्मिला शर्मा, सुनीता शर्मा, सुधा शर्मा, नीलम राय, साधना पाठक, जयश्री, शिप्रा शर्मा, मुस्कान भारद्वाज पूजा शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्मिला शर्मा ने और संचालन रंजना शर्मा के द्वारा किया गया।



# दो बाइको की टक्कर में तीन युवक घायल, गंभीर हालत में रेफर

**समाज जागरण**

कांधला।(फुरकान जंग)थाना के एलम बाईपास मारग पर दो बाइकों की टक्कर हो गई।हादसे मे तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक मोटरसाइकिल सवार युवक को पीछे से तेज गति से आ रही दूसरी बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर मारने वाले युवक नशे की हालत में बताए जा रहे हैं। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर किया है। शनिवार देर शाम विकास पुत्र ओमपाल निवासी ग्राम कासिमपुर खेड़ी, थाना रमाला, अपनी मोटरसाइकिल से शामली से बिराल की ओर जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर पहुंचा तो पीछे से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी मोटरसाइकिल ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए।टक्कर मारने वाली बाइक पर बबीत पुत्र ओमप्रकाश व रविंद्र पुत्र राजवीर सिंह निवासी छपरौली, जिला बागपत सवार थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।आसपास के लोगों ने डायल 108 एंबुलेंस को सूचना दी।सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस व घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि मामले में अभी तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रांसफार्मर में धमाका, विद्युत आपूर्ति ठप, पानी की किल्लत से लोग परेशान

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर के बिजली घर मार्ग पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब विद्युत सप्लाई के लिए स्थापित ट्रांसफार्मर में अचानक जोरदार धमाका हो गया। जिस कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे मोहल्ले में बिजली व्यापारी के लिए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।रविवार सुबह के समय अचानक ट्रांसफार्मर से चिंगारियां निकलने लगीं और कुछ ही क्षणों में धमाके के साथ वह बंद हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय आसपास कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और कोई जनहानि नहीं हुई।बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घरों में लगे पानी के मोटर बंद हो गए, जिससे पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई। मोहल्ले के लोगों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से शिकायत कर शीघ्र समाधान की मांग की।

विद्युत विभाग के अवर अभियंता धीरज कुमार ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण ट्रांसफार्मर में यह समस्या उत्पन्न हुई है। विभाग की टीम को तुरंत मौके पर भेज दिया गया है और मरम्मत कार्य जारी है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही ट्रांसफार्मर ठीक कर विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी।समाचार लिखे जाने तक मरम्मत कार्य जारी था और क्षेत्रवासी बिजली बहाली का इंतजार कर रहे थे।

# मामूली विवाद और नशे में हंगामे पर पुलिस सख्त, पांच का शांति भंग में चालान

**समाज जागरण कांधला।**

नगर एवं थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर झगड़ा और हंगामा कर रहे पांच लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर शांति भंग की धारा में चालान कर दिया।रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र की इदरीश बैंग बिहार कॉलोनी में बच्चों के मामूली विवाद को लेकर अनीश व आय्यान आपस में झगड़ा कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले आई।पुलिस को दूसरी सूचना मिली कि नगर के दिल्ली बस अड्डे पर जनपद मुजफ्फरनगर के गांव कूकडा निवासी अब्दुल कादिर नशे की हालत में लोगों से झगड़ा कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया और थाने ले आई।एलम चौकी प्रभारी को सूचना मिली कि गांव में मिट्टी उठाने को लेकर मुरसलीन और मुकीम के बीच मारपीट हो रही है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया।रविवार को पुलिस ने पकड़े गए सभी पांच आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए शांति भंग की धारा में चालान कर दिया।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि नगर और क्षेत्र में किसी भी कीमत पर शांति व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या के विरोध में गंगेरू में उबाल, बाजार बंद कर जताया रोष

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर किए गए हमले तथा वहां के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई लोगों की हत्या की खबर के विरोध में क्षेत्र के गांव गंगेरू में मुस्लिम समुदाय के लोगों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। घटना की जानकारी मिलते ही समुदाय के लोग एकजुट हो गए और गांव में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।प्रदर्शन के दौरान लोगों ने अपनी दुकानें बंद रखीं और बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। बड़ी संख्या में लोग कर्बला के मैदान में एकत्रित हुए और अमेरिका व इजराइल की कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह हमला मानवता के खिलाफ है और इससे पूरी दुनिया में अशांति का माहौल बन सकता है।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या को वह धर्म के लिए दी गई शहादत मानते हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मामले में हस्तक्षेप कर ऐसी घटनाओं को रोकने की मांग की। लोगों ने कहा कि किसी भी संप्रभु देश पर इस प्रकार का हमला वैश्विक शांति के लिए खतरा है।गांव में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क नजर आया। किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। इस दौरान इस्तखार हुसैन, फरहत हुसैन, मंजर अब्बास, वसी हैदर, इजहार हुसैन, सादिक, नजर अब्बास, इंतखाब हुसैन, रिहान जैदी, अफसान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ओयो होटल की आड़ में कथित देह व्यापार का आरोप

-सूत्रों का दावा–फोटो दिखाकर वसूली जा रही मोटी रकम, युवक-युवती से नगदी हड़पने की चर्चा

-एंटी करप्शन व सीएम पोर्टल तक पहुंचीं, शिकायत

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र में संचालित ओयो होटलों मे स्थानीय लोगों व सूत्रों का आरोप है कि होटल की आड़ में कथित रूप से देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन क्षेत्र में इसको लेकर आक्रोश व्याप्त है और मामला उच्च स्तर तक पहुंच गया है।सूत्रों के अनुसार होटल में आने वाले ग्राहकों को पहले युवतियों की फोटो दिखाई जाती है और पसंद के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। सूत्रों का कहना है कि एलम के एक होटल में दो दिन पूर्व एक युवक और युवती कमरे में आपत्तिजनक अवस्था में पाए जाने की चर्चा है। आरोप है कि इस दौरान संबंधित लोगों से भारी नगदी लेकर मामला रफा-दफा कर दिया गया। हालांकि इस प्रकरण में अभी तक कोई लिखित शिकायत सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आई है।कस्बे के कई लोगों का कहना है कि होटलों में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की चर्चा है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से सवाल खड़े हो रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है की शिकायत के बावजूद ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे, जिससे अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। मामले में कई लोगों ने एंटी करप्शन विभाग,पुलिस अधिकारियों तथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर क्षेत्र के सभी होटलों को बंद कराने की मांग की है।जब इस संबंध में पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उनका कहना था कि यदि कोई ठोस साक्ष्य या लिखित शिकायत प्राप्त होती है

तो जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि बिना प्रमाण के लगाए गए आरोपों की भी जांच की जाएगी, ताकि सच्चाई सामने आ सके। फिलहाल कस्बे में इस मुद्दे को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# नहर में गिरी बाइक, 14 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी 14 वर्षीय किशोर की नहर में डूबने से मौत हो गई। किशोर की बाइक का संतुलन बिगड़ने से वह पुलिया के समीप नहर में जा गिरा। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।परिजनों ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया।रविवार को गांव गंगेरू निवासी उमर अब्बास का 14 वर्षीय पुत्र उमैर घर से बाइक लेकर घसौलीझगंगेरू मार्ग की ओर गया था। जैसे ही वह मार्ग स्थित पुलिया के पास पहुंचा, अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक समेत नहर में जा गिरा। पानी मे किशोर डूब गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राहगीरों ने मामले की पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी विक्रम भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों की मदद से किशोर को नहर से बाहर निकाल कर सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। और शव देखते ही परिवार में कोहराम मच गया और रो-रोकर उनका बुरा हाल हो गया। परिजनों ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है।

# स्टाफ नर्स पर अभद्र व्यवहार एवं चिकित्सीय प्रकिया में लापरवाही बरतने का आरोप

**समाज जागरण**
**शामली। (फुरकान जंग)**

सीएचसी शामली में तैनात एक स्टाफ नर्स पर अभद्र व्यवहार और चिकित्सीय प्रक्रिया में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने चिकित्सा अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायती पत्र में चिकित्सकों ने बताया कि 28 फरवरी को एक गर्भवती महिला उपचार के लिए सीएचसी शामली पहुंची थी। जांच में उसका हीमोग्लोबिन 6.3 पाया गया तथा गर्भाशय में पानी की कमी भी बताई गई। ब्लड की उपलब्धता न होने पर चिकित्सकों ने महिला को उच्च केन्द्र के लिए रेफर किया, लेकिन परिजनों ने लिखित रूप में हायर सेंटर जाने से असहमति जताते हुए सीएचसी में ही उपचार कराने का अनुरोध किया।आरोप है

कि एनबीएसयू यूनिट में कार्यरत स्टाफ नर्स मोनिका ने बिना विधिवत बीएचटी पर डॉक्टर से आयरन सुक्रोज का प्रिस्क्रिप्शन कराए तथा आवश्यक प्रारंभिक परीक्षण बीपी, पल्स रेट, चिकित्सीय इतिहास आदि पूर्ण किए बिना ही आयरन सुक्रोज चढ़ा दिया। कुछ समय बाद गर्भवती महिला को सांस लेने में परेशानी होने लगी, जिस पर उसे तत्काल इमरजेंसी में शिफ्ट कर उपचार दिया गया। उपचार के बाद महिला की स्थिति सामान्य हुई, जिसके बाद उसकी गंभीरता को देखते हुए उसे पुनः हायर सेंटर रेफर कर एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई। चिकित्सक ने संबंधित स्टाफ नर्स ने मरीज और तीमारदारों को भ्रमित किया तथा उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाकर जेल भिजवाने की धमकी देने का आरोप लगाया। साथ ही यह भी आरोप है कि उक्त नर्स की ड्यूटी एनबीएसयू में होने के बावजूद वह लेबर रूम में कार्य कर रही थी।चिकित्सा अधीक्षक ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# व्यापार मंडल का सम्मान समारोह, एसपी ने दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



नगर के जैन स्थानक भवन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल कांधला इकाई द्वारा सम्मान समारोह एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक

सुमित शुक्ला, क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार तथा थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण के साथ किया गया।

व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि सहित सभी

पुलिस अधिकारियों का फूलमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान सभागार में बड़ी संख्या में नगर के व्यापारी मौजूद रहे।गोष्ठी को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नगर में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। किसी भी व्यापारी के साथ अपराध या उत्पीड़न की घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी को कोई समस्या है तो वह सीधे पुलिस से संपर्क करे, तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वह सीसीटीवी कैमरे लगवाएं, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें और साइबर अपराधों से सतर्क रहें।अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला ने कहा कि पुलिस और व्यापारियों के बीच समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार ने भी व्यापारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक सुझाव दिए और सहयोग की अपेक्षा जताई।व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर में बढ़ती भीड़भाड़, यातायात व्यवस्था और बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपने सुझाव पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखे। इस अवसर पर व्यापारी पवन कंसल, रोहित गुप्ता, डॉ. रश्मिकांत जैन, मोहनलाल चावला,

अरविंद कंसल, दीपक गुप्ता, अमन मित्तल, जहांगीर, प्रतिभा उर्फ सिमरन, सुधा तोमर सहित अनेक गणमान्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# 19 वें ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में पियूष शर्मा ने जीता गोल्ड

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) मध्यप्रदेश के इंदौर में आयोजित 19वें ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में उत्तर प्रदेश पुलिस का प्रतिनिधित्व करते हुए शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज पियूष शर्मा ने व्यक्तिगत एवं टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी इस उपलब्धि से जनपद में हर्ष का माहौल है।

ग्राम मादलपुर निवासी किसान मुकेश शर्मा के बेटे पियूष शर्मा वर्तमान में मेरठ की छठी वाहिनी पीएसी से संबद्ध होकर निशानेबाजी का अभ्यास कर रहे हैं। वह शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु खिलाड़ी हैं और पूर्व में भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। 21 से 28 फरवरी तक बीएसएफ सेंटर इंदौर में आयोजित प्रतियोगिता में पियूष शर्मा ने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में 627.8 अंक हासिल कर व्यक्तिगत वर्ग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं टीम वर्ग में ग्राम टोडा निवासी आकाश कुमार एवं तीसरे खिलाड़ी अमन रावल के साथ 1879.1 अंक अर्जित कर रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पियूष शर्मा इससे पूर्व कजाकिस्तान में आयोजित एशियन चौंपियनशिप तथा नई दिल्ली में आयोजित निशानेबाजी विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। साथ ही दिसंबर माह में भोपाल में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में स्वर्ण एवं रजत पदक भी जीत चुके हैं। खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी मनाई। इस अवसर पर मुकेश चौधरी, तपन मलिक, अभिनव निर्वाल, डॉ. धीरेन्द्र ब्रह्मचारी, अमन चौधरी, जतिन निर्वाल, वंश चौधरी, शिवम बालियान, अभिनव पंवार, शौर्य शर्मा, संस्कार सिंघल, अनंत पंवार मौजूद रहे।

# उद्यमियों के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से मिलकर रखीं समस्याएं

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) औद्योगिक क्षेत्र में जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर साईंमा के चेयरमैन एवं लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष अंकित गोयल के नेतृत्व में उद्यमियों के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम अरविंद कुमार चौहान से मुलाकात कर समस्या रखी।

रविवाद को अंकित गोयल ने डीएम एवं सीडीओ विनय कुमार तिवारी को बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया का नाला बार-बार चोक हो जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में पानी भर जाता है और उद्योगों के संचालन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने स्वयं औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया और नाले को टिटौली ड्रेन से जोड़कर मवी गांव की झील तक पानी की निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश सिंचाई विभाग को दिए। योजना के अनुसार पानी

को साफ कर आगे निकासी की व्यवस्था की जाएगी, जिससे जल भराव की समस्या से राहत मिल सके। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विवेक वार्ष्णेय ने जानकारी दी कि टिटौली ड्रेन की सफाई के लिए 25 लाख रुपये का टेंडर जारी कर दिया गया है। आगामी 10 से 15 दिनों के भीतर सफाई कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इससे इंडस्ट्रियल एरिया का पानी पूर्वी यमुना नहर की ओर जाने के बजाय नई निकासी व्यवस्था से प्रवाहित होगा।

भविष्य में बजट स्वीकृत होते ही नाले को और अधिक पक्का एवं सुदृढ़ बनाया जाएगा। इस आश्वासन के बाद उद्यमियों ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के संरक्षक अशोक बंसल, जिलाध्यक्ष आलोक जैन, आशीष जैन, आशीष अग्रवाल, अमित जैन उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब शामली सिनर्जी के तत्वावधान में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। लायंस क्लब शामली सिनर्जी के तत्वावधान में शनिवार देर रात होली मिलन समारोह हर्षोल्लास, सौहार्द एवं पारिवारिक वातावरण में आयोजित किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में प्रोजेक्ट चेयरमैन अमन शर्मा ने बताया कि समारोह का उद्देश्य सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और



सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में रंगों और पुष्पों से होली खेली गई तथा सभी ने प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में सुंदर झांकियां, फूलों की होली, चटपटी चाट शामिल रहे। इस अवसर पर भारत संगल, अजय कुमार, रूचित संगल, निशांत गर्ग, अमन शर्मा, पारस जैन, प्रियांक गोयल, भुवनेश कौशिक, विकास, तुषार धवन, वैभव गुप्ता, पुनीत जैन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# भाकियू ने मनाई शहीद किसान जयपाल व अकबर की पुण्यतिथि

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शामली के खेड़ीकरमू बिजलीघर पर किसान आंदोलन में पुलिस की गोली लगने से शहीद हुए किसान जयपाल मलिक व अकबर अली की 39वीं पुण्यतिथि मनाई गई। भाकियू अध्यक्ष नरेश टिकैत ने शहीद जयपाल मलिक की समाधि स्थल पर हवन का आयोजन किया गया, जबकि अकबर अली की मजार पर पुष्प अर्पित किए गए।

वर्ष 1987 में भाकियू के संस्थापक अध्यक्ष स्व. चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के आह्वान पर शामली के खेड़ीकरमू बिजलीघर पर किसानों का आंदोलन हुआ था। इस आंदोलन में किसानों व पुलिस के बीच टकराव हो गया था। इस दौरान पुलिस की फायरिंग के दौरान गोली लगने से गांव लिसाढ़ निवासी किसान जयपाल सिंह मलिक व गांव सिंभालका निवासी किसान अकबर अली शहीद हो गए थे। तब से प्रत्येक वर्ष शहीद किसानों की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। रविवार को शहीद किसान जयपाल मलिक की समाधि स्थल पर सुबह हवन यज्ञ व सभा का आयोजन हुआ। जिसमें भाकियू अध्यक्ष नरेश टिकैत ने आहुति प्रदान की। इसके बाद गांव सिंभालका में भी शहीद किसान अकबर अली की मजार पर पुष्प अर्पित किए गए। इसके बाद राजबहादुर के घेर में सभा का आयोजन कर किसानों ने शहीद किसानों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक प्रसन्न चौधरी, जिलाध्यक्ष सांता प्रधान, अनिल मलिक, ओमपाल सिंह, राजबीर आदि मौजूद रहे।

# महाराजा अग्रसेन बारात घर में पारिवारिक होली मिलन समारोह आयोजित

**समाज जागरण**



शामली। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज द्वारा शनिवार देर शाम महाराजा अग्रसेन बारात घर में पारिवारिक होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के अग्रबंधुओं, मातृशक्ति, युवाओं एवं बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। प्राकृतिक रंगों एवं पुष्प वर्षा के साथ पूरा वातावरण प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के रंग में रंग गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। इसके बाद कहना राधे रानी, आज बिरज में होली रे रसिया एवं रंग बरसे भीगे चुनर वाली जैसे होली गीतों पर उपस्थित जनसमूह झूम उठा। समारोह में राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी तथा हनुमान जी की भव्य झांकी का प्रस्तुतीकरण किया गया। भजन प्रस्तुति में सौरभ वर्मा एवं संजय गोयल ने मधुर भजनों से समां बांध दिया। फूलों की होली कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें सभी ने एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर सामाजिक समरसता एवं पारिवारिक एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष रोबिन गर्ग, उत्तम जिंदल, रजत बिंदल, अमित बंसल, पंकज संगल, अमित जिंदल, नीरज मित्तल, सचिन सिंघल, अनुभव गोयल एवं संजीव गोयल मौजूद रहे।

# बच्चों को गुलाल लगाकर दी होली की शुभकामनाएं

**समाज जागरण**

शामली। रंगोत्सव होली के पावन पर्व पर वीतराग पाठशाला में हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को गुलाल लगाकर रंगोत्सव की शुभकामनाएं दी गईं तथा प्रेम और सौहार्द का संदेश



दिया गया। शहर के जैन विहार कालोनी की ओर से सतेंद्र कुमार जैन एवं अमित कुमार जैन द्वारा बच्चों को सुंदर पिचकारी, गुब्बारे एवं गुलाल वितरित किए गए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में जैन समाज शामली के संरक्षक जेके जैन ने बच्चों को होली पर्व की शुभकामनाऐं दी। वीतराग पाठशाला की संयोजिका प्रीति जैन, शिवानी जैन, दीपा जैन, हिमानी जैन तथा संयोजक शरद जैन ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन आपसी प्रेम, भाईचारे और हर्षोल्लास के वातावरण में हुआ।

# मानव जीवन का परम लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति है, जैन मुनि

**समाज जागरण शामली**

शहर के की जैन धर्मशाला में चल रहे आध्यात्मिक शिविर के दूसरे दिन प्रतीक सागर मुनिराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जैन दर्शन के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के अनुसार मानव जीवन का परम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति है और इसके लिए आचरण की शुद्धता, संयम तथा सम्यक दृष्टि अत्यंत आवश्यक है।

मुनिराज ने कहा कि विशेष परिस्थितियों में भी स्त्री या पुरुष को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। यदि साधक शुद्ध भाव से साधना करे तो आध्यात्मिक उन्नति संभव है। ऐसे समय में पंच नमोकार मंत्र का शांत चित्त से ध्यान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मंत्र जपते समय उसकी गिनती करने के बजाय अनंत भाव से स्मरण करना अधिक फलदायी माना गया है। साथ ही मौन एवं निराजन व्रत का पालन कर मन, वचन और शरीर की पवित्रता बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रातःकाल उठकर जिनेंद्र भगवान के दर्शन करने से जीवन में सकारात्मकता आती है। इससे घर में सुख-शांति और समृद्धि का वातावरण बनता है, अमंगल दूर होते हैं तथा वाणी में मधुरता और प्रभावशीलता आती है।

## बड़ौत में अग्रवाल समाज का होली मिलन उत्सवः एकता और सेवा का संदेश

**समाज जागरण बागपत।**
बड़ौत के कोताना रोड स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में होली मिलन उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता युगल किशोर गर्ग ने उद्घाटन किया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के



मंत्री कपिल अग्रवाल, सांसद अतुल गर्ग, और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में फूलों की होली खेली गई, बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, और उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। हास्य कविताएं और लकी ड्रा भी आकर्षण का केंद्र रहे। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष हंसराज गुप्ता ने समाज को एकजुट करने का आह्वान किया, जबकि मंत्री कपिल अग्रवाल ने समाज की सेवा और धर्म के मार्ग पर चलने की बात कही। सांसद अतुल गर्ग ने अग्रवाल समाज की एकता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम ने समाज के लोगों को एक मंच पर लाकर एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

## रक्तदान शिविर मे 16 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

**समाज जागरण बागपत।**
अग्रवाल धर्मशाला में जिला रेड क्रॉस समिति और लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। क्लब अध्यक्ष लायन संजय गोयल ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया और कहा कि रक्तदान सबसे पुनीत कार्य है। एमजेएफ लायन अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि 16 लोगों ने



रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में पूर्व सभासद राकेश मानव, राजपूत एकता मंच के पिंकी चौधरी, सत्य युवा ब्रिगेड के अरविंद शर्मा, वर्तमान अध्यक्ष धीरज अग्रवाल, डॉक्टर प्रदीप नैन, ललिता धर्मपत्नी अनिल मानव, नीरज शर्मा एडवोकेट सहित अनेक समाजसेवी शामिल थे। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में लायन दीपक गोयल, रीजन चेयरमैन डॉक्टर जेएस शर्मा, लायन आशुतोष मित्तल, लायन मनोज मित्तल, लायन प्रदीप कुमार मानव, डॉक्टर योगेश कुमार, अनिल कुमार गांधी, पूर्व रीजन अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने सहयोग किया।

## सेंट आर वी कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम के साथ मनाया गया होली मिलन समारोह

**समाज जागरण बागपत।**
सेंट आर वी कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा हेतु पीटीएम का सफल आयोजन किया गया। साथ ही होली मिलन समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें आपसी सौहार्द, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ एवं हवन पूजन के साथ किया गया। सभी अभिभावकों ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से हवन में आहुति दी। विद्यालय परिवार द्वारा सभी अभिभावकों का तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योगेश धामा विधायक बागपत, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार साहब सिंह, आरएसएस के विकास माजरा, प्रवीण जैन अध्यक्ष जैन समाज बड़ौत , वीरसेन जैन अध्यक्ष जैन समाज नेहरू रोड, तेजवीर सिंह,चौधरी यशपाल सिंह, एडवोकेट सोमेंद्र ढाका अध्यक्ष जिला जाट महासभा बागपत, सुभाष तोमर अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन



बागपत, अजीत सिंह महामंत्री जिला बार एसोसिएशन बागपत, अमित तोमर एडवोकेट, गौरव बड़ौत, अलोक शास्त्री, सत्यव्रत आर्य, मुदित जैन, टीटू प्रधान, सचिन जैन,मनीष गोयल, नितिन जैन, मयंक जैन, विकास जैन, आशीष जैन,नवनीत जैन, देवेंद्र पंवार राजीव कौशिक, राजीव तोमर जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ बागपत, के के त्यागी,संजय जैन व हर्षित जैन वंस्थली पब्लिक स्कूल, अजय जैन व वैभव जैन वर्धमान ज्वेलर्स, मनोज जैन मंत्री जैन समाज बड़ौत उपस्थित रहे। उनका स्वागत समाजसेवी अनुराग जैन, विद्यालय की निदेशिका चारू जैन, उप-निदेशक एडवोकेट प्रथम जैन एवं प्रधानाचार्य पंकज शर्मा द्वारा पगड़ी एवं पुष्पमाला पहनाकर किया गया। मुख्य अतिथि योगेश धामा ने कहा कि विद्यालय में हनुमान चालीसा पाठ और हवन के साथ इस शुभ कार्य की शुरुआत अत्यंत सराहनीय है।विद्यालय की निदेशिका चारू जैन ने कहा कि जीवन में सफलता का मूल मंत्र निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास है। प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने कार्यक्रम में आये सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## महादेवी इंटर कॉलेज गौना में हुई फेयरवेल पार्टी में दिया देश सेवा का संदेश

**समाज जागरण बागपत।**
महादेवी इंटर कॉलेज गौना में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में फेयरवेल पार्टी का शानदार आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन एवं सुप्रसिद्ध समाज सेवी वीरेंद्र यादव ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य कविता यादव ने हिमांशु यादव, सना खान, अर्शी खान, देविका, प्रिया शर्मा व अन्य को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और उनका उत्साह बढ़ाया। इसके अलावा फेयरवेल पार्टी में बच्चों को अपने कैरियर में समाज सेवा और देश सेवा करने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सभी का खूब मनोरंजन किया। साथ ही अपने अनुभव साझा किए और जूनियर



विद्यार्थियों को अनुशासित ढंग से शिक्षा ग्रहण करते रहने की प्रेरणा दी। वीरेंद्र यादव ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें निरंतर प्रगति पथ पर बढ़ते रहने की शुभकामना दी। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में प्रत्येक क्षेत्र में सफलतापूर्वक जीवन जीने के लिये प्रेरित किया।

## बागपत बार एसोसिएशन ने एडवोकेट दानिश की सदस्यता बहाल की

**समाज जागरण बागपत।**
बागपत बार एसोसिएशन ने एडवोकेट दानिश की सदस्यता को बहाल कर दिया है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया से स्टे मिलने के बाद यह फैसला लिया गया। बागपत बार एसोसिएशन ने उनकी सदस्यता बहाल करते हुए निमित शुक्ल जमा करा लिया है।
यह कदम बार काउंसिल ऑफ इंडिया की अनुशासन समिति द्वारा दानिश के लाइसेंस पर स्टे लगाने के बाद उठाया गया है। अब अधिवक्ता दानिश अपना विधि व्यवसाय का कार्य कर सकते है।

## सामाजिक समरसता का प्रतीक होली पर्व- ममता प्रजापति

**समाज जागरण बागपत।**
भारत त्यौहारों व पर्वो का देश है। होली दीपावली,दशहरा, रक्षाबंधन ये त्यौहार भारतीय संस्कृति में विशेष महत्त्व रखते है। भारतीय संस्कृति में होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, प्रेम और सौहार्द का अनुपम पर्व है। प्राचीन कथा अनुसार प्रह्लाद की भक्ति और होलिका के दहन की स्मृति में मनाया जाने वाला यह उत्सव सत्य की असत्य पर विजय का प्रतीक है। यह पर्व समाज में व्याप्त ऊँच-नीच, भेदभाव और वैमनस्य को मिटाकर



भाईचारे का संदेश देता है। रंगोत्सव मानव हृदय में नवचेतना का संचार करती हैं और सबको एक सूत्र में बाँधती हैं। गाँव से नगर तक, निर्धन से समृद्ध तक सभी वर्गों के लोग परस्पर गले मिलकर प्रेम प्रकट करते हैं।ऋग्वेद में वर्णित निम्नलिखित श्लोक_संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम। अर्थात हम सब मिलकर चलें, मिलकर विचार करें और हमारे मन एक हों होली पर्व के सामाजिक समरसता के उद्देश्य से मेल खाता है। इस प्रकार होली भारतीय संस्कृति की जीवंतता, लोकआनंद और सामाजिक एकता का सशक्त प्रतीक है, जो विविधता में एकता की भावना को सुदृढ़ करता है।

## भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है होली पर्व- डॉ दीपिका मेहरा।

### रंगोत्सव पर्व को सौहार्दपूर्ण मनाये किसी को ह्रदय को दुख ना पहुंचने दें - डॉ दीपिका मेहरा

**समाज जागरण बागपत।**
हमारा देश त्यौहारों व पर्वो का देश है। होली दीपावली,दशहरा, रक्षाबंधन ये त्यौहार हमारी संस्कृति में विशेष महत्त्व रखते है। होली पर्व के अवसर पर अपने विचार रखते हुए डॉ दीपिका मेहरा का कहना है कि -भारतीय संस्कृति में होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का सुंदर पर्व है। प्राचीन कथा अनुसार प्रह्लाद की भक्ति और होलिका के दहन की स्मृति में मनाया जाने वाला यह उत्सव सत्य की असत्य पर विजय का प्रतीक है।



यह पर्व समाज में व्याप्त ऊँच-नीच, भेदभाव और वैमनस्य को मिटाकर भाईचारे का संदेश देता है। रंगोत्सव मानव हृदय में नवचेतना का संचार करती हैं और सबको एक सूत्र में बाँधता हैं। गाँव से शहर तक, निर्धन से समृद्ध तक सभी वर्गों के लोग परस्पर गले मिलकर प्रेम प्रकट करते हैं, हमारा ध्येय ये रहना चाहिए कि पर्व को मनाते समय किसी की भावना आहत ना हो, सभी को खुशियां बांटें। होली भारतीय संस्कृति की जीवंतता, लोकआनंद और सामाजिक एकता का सशक्त प्रतीक है, जो विविधता में एकता की भावना को सुदृढ़ करता है। उन्होंने होली के लिए सन्देश देते हुए कहा कि सभी देशवासी सौहार्दपूर्ण होली पर्व मनाये ओर खुशियां बांटें।

## सारथी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा "सारथी की रसोई" का सफल आयोजन

**समाज जागरण**
बड़ौत। "कोई भूखा न सोए" के संकल्प के साथ सारथी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा "सारथी की रसोई" का आयोजन किया गया। यह रसोई पिछले लगभग चार वर्षों से निरंतर संचालित हो रही है और समाज के जरूरतमंद लोगों को ससम्मान भोजन उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित सांसद राजकुमार सांगवान एवं राजेश पंवार द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जरूरतमंदों एवं स्थानीय नागरिकों ने मात्र 5 रुपये में



भरपेट एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन ग्रहण किया। संस्था के अध्यक्ष विकास गुप्ता ने कहा कि यदि सभी का सहयोग और साथ मिलता रहा तो यह रसोई इसी प्रकार निरंतर चलती रहेगी और अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सेवा पहुँचाती रहेगी। राजकुमार सांगवान जी द्वारा कहा गया कि इस रसोई में सभी भोजन करते हैं सभी का साथ सम्मान के साथ रसोई कराई जाती है बहुत ही सराहनीय कार्य सारथी के माध्यम से किया जा रहा है वहीं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की कोऑर्डिनेटर वंदना गुप्ता ने कहा कि इस रसोई का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए और प्रत्येक जरूरतमंद स्वाभिमान के साथ जीवन जी सके। आयोजकों ने बताया कि हर माह के प्रथम रविवार को आयोजित होने वाली इस रसोई में हजारों लोग लाभान्वित होते हैं। संस्था का उद्देश्य सेवा, सहयोग एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। इस मौके पर अध्यक्ष विकास गुप्ता, सचिन खोखर, राजेश पंवार, वन्दना गुप्ता, हिमांशु अग्रवाल, कवि सुशील कुमार,अनिल अरोरा, नीतीश जैन ,अनुभव जैन, शेफाली जैन बबीता खोखर,मीता अरोड़ा ,मनीष जैन,आशा ग्रोवर, सुनील मेवला, प्राची, डोली गुप्ता, विपिन, अनमोल गुप्ता, सुहान, प्रिंस गुप्ता एवं समस्त सारथी वेलफेयर फाउंडेशन परिवार उपस्थित रहा।

## वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

28 फरवरी 1928 को सी.वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज की ऐतिहासिक घोषणा की स्मृति में, सीएसआईआर की राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एन पीएल) ने 28 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (एनएसडी-2026) मनाया। एनएसडी 2026 के अंतर्गत सुबह राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन और दोपहर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन के साथ हुआ। इस कार्यक्रम ने 40 वर्ष से कम आयु के शोधकताओं, छात्रों और युवा वैज्ञानिकों को तीन व्यापक विषयगत क्षेत्रों - सामग्री विज्ञान और प्रौद्योगिकी (एमएसटी), भौतिकी, अभियांत्रिकी और
मापिकी ( पीईएम), और पर्यावरण, स्वास्थ्य और रसायन विज्ञान (ईएचसी) - के अंतर्गत पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने शोध को प्रदर्शित करने के लिए एक जीवंत मंच प्रदान किया। चयनित सर्वश्रेष्ठ पोस्टरों को योग्यता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य युवा वैज्ञानिक प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और अंतःविषयक अनुसंधान को बढ़ावा देना था।



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस व्याख्यान का शुभारंभ सीएसआईआर-एनपीएल के निदेशक प्रोफेसर वेणु गोपाल अचंता के उद्घाटन भाषण और उपस्थित विशिष्ट अतिथियों के हार्दिक स्वागत के साथ हुआ। प्रोफेसर अचंता ने श्री के.एस. कृष्णन के माध्यम से सीएसआईआर-एनपीएल और रमन प्रभाव के बीच ऐतिहासिक संबंध को बखूबी बताया। श्री के.एस. कृष्णन ने रमन प्रभाव के निर्णायक प्रमाण खोजे थे। वे सीएसआईआर-एनपीएल के संस्थापक निदेशक भी हैं। प्रोफेसर अचंता ने स्थानीय और वैश्विक समस्याओं के स्थानीय समाधान खोजने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने क्वांटम मापिकी में उभरती चुनौतियों को स्वीकार करने और सामाजिक उपयोग के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अग्रणी क्षेत्रों में मापिकी उपायों को आगे बढ़ाने के महत्व पर भी बल दिया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर भीम सिंह, विज्ञान श्री, एएनआरएफ राष्ट्रीय विज्ञान चेयर प्रोफेसर और आईआईटी दिल्ली के मानद
प्रोफेसर (एमेरिटस/मानद प्रोफेसर) ने व्याख्यान दिया। उनका विषय था इलेक्ट्रिक वाहन - एक सतत ऊर्जा क्रांति। प्रोफेसर सिंह ने सतत ऊर्जा क्रांति के रूप में इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास, प्रौद्योगिकियों, चार्जिंग प्रणालियों और मिशन-आधारित रोडमैप पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि का व्याख्यान दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रतीक शर्मा ने दिया। उन्होंने सामाजिक समस्याओं का एक संग्रह बनाने और शिक्षाविदों और अनुसंधान प्रयोगशालाओं के सहयोग से उनके समाधान खोजने पर अपने विचार साझा किए और शिक्षा-अनुसंधान के मध्य तालमेल और नवाचार-संचालित विकास के अपने दृष्टिकोण से श्रोताओं को प्रेरित किया।

कार्यक्रम का समापन एनएसडी-2026 के संयोजक डॉ. गोविंद गुप्ता के औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने प्रथम राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन के आयोजन सहित सीएसआईआर-एनपीएल द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया, साथ ही कैटेलिसिस विकसित भारत सीएस आईआर-एनपीएल में विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं का भी उल्लेख किया।

## शेगांव में राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026 का समापन, इससे आयुष को समग्र स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण सशक्तिकरण के स्तंभ के रूप में बढ़ावा मिला

### चार दिवसीय राष्ट्रीय आरोग्य मेले में जनभागीदारी देखने को मिली, इससे विदर्भ में निवारक स्वास्थ्य सेवा और औषधीय खेती को बढ़ावा मिला

यह मेला स्वास्थ्य सेवा, अनुसंधान और ग्रामीण समृद्धि को एक करता है केंद्रीय मंत्री श्री प्रतापराव जाधव ने राष्ट्रीय आरोग्य मेले 2026 के लिए व्यापक जागरूकता अभियान का नेतृत्व किया, इसे बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली निःशुल्क ओपीडी, योग प्रतियोगिताएं और किसानों के लिए कार्यशालाओं के साथ मेले का सफल समापन हुआ
आयुष मंत्रालय द्वारा अखिल भारतीय आयुर्वेदिक कांग्रेस के सहयोग से महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के शेगांव में 25-28 फरवरी 2026 तक आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026 का कल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण सशक्तिकरण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।
भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने संत गजानन महाराज संस्थान के पवित्र विसावा मैदान में इस मेले का उद्घाटन किया गया। यह मेला, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, वैज्ञानिक संवाद, किसानों की सहभागिता और जनभागीदारी का एक सजीव संगम बनकर उभरा। चार दिनों तक चले इस आयोजन में बुलढाणा और विदर्भ क्षेत्र के नागरिकों, चिकित्सकों, शोधकताओं, उद्योगों के प्रतिनिधियों, छात्रों और हजारों किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

राष्ट्रपति ने अपने उद्घाटन भाषण में स्वास्थ्य को सर्वोच्च सुख बताया और इस बात पर जोर दिया कि आयुष प्रणालियां तन और मन के सामंजस्य पर आधारित एक व्यापक जीवनशैली के बारे में बताती हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि रोग को कम करने और राष्ट्र को




सशक्त बनाने के लिए निवारक और समग्र स्वास्थ्य सेवाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर उन्होंने आयुर्वेद में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रख्यात चिकित्सकों को आजीवन आयुर्वेदिक गौरव सम्मान से सम्मानित किया और पारंपरिक चिकित्सा और जन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में उनकी दशकों की सेवा की प्रशंसा की।

महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत ने आयुर्वेद को भारत की प्राचीन ज्ञान प्रणालियों में निहित एक शाश्वत वैज्ञानिक परंपरा बताया और उन्होंने चिकित्सा पद्धति और दवाओं में प्रामाणिकता और गुणवत्ता के महत्व पर जोर दिया।

आयुष मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रतापराव जाधव ने लगभग चारों दिन मेले का व्यक्तिगत रूप से दौरा किया। उन्होंने राष्ट्रीय आरोग्य मेले को भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों का महाकुंभ बताया। उन्होंने चिकित्सकों, किसानों, उद्यमियों और आम जनता के साथ व्यापक संवाद स्थापित करते हुए दोहराया कि आयुष केवल एक उपचार प्रणाली नहीं है, बल्कि निवारक स्वास्थ्य सेवा, ग्रामीण समृद्धि और वैश्विक स्वास्थ्य नेतृत्व के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन है।

श्री जाधव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मंत्रालय आयुष प्रणालियों में प्रमाण-आधारित अनुसंधान, गुणवत्ता आश्वासन और वैश्विक स्तर पर पहुंच को मजबूत कर रहा है। उन्होंने आयुष पर्यटन की अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्साओं के माध्यम से भारत समग्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर बनकर उभर सकता है। इससे रोजगार सृजन होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।
मेले का एक प्रमुख आकर्षण जनता को निःशुल्क प्रदान की गई व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं थी। आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा और होम्योपैथी प्रणालियों के लिए समर्पित ओपीडी काउंटरों पर चार दिनों तक भारी भीड़ देखी गई। हजारों लाभार्थियों ने निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, स्वास्थ्य जांच और प्रामाणिक आयुष औषधियों का लाभ उठाया। आगंतुकों ने जीवनशैली संबंधी विकारों, दीर्घकालिक बीमारियों और निवारक देखभाल पर एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ सलाह प्राप्त करने के अवसर की सराहना की।

योग प्रदर्शन के सीधे प्रसारण और योग चिकित्सा सत्रों में सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले के दौरान आयोजित योग प्रतियोगिता में युवाओं और छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह एक निवारक और संवर्धक स्वास्थ्य माध्यम के रूप में योग के प्रति बढ़ती जागरूकता और स्वीकृति को दशार्ता है। आयुष सिद्धांतों पर आधारित क्षेत्र-विशिष्ट, संतुलित आहार पद्धतियों को बढ़ावा देने वाले आयुष आहार खंड को भी आगंतुकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

मंत्रालय के पवेलियन में उसके अनुसंधान परिषदों, राष्ट्रीय संस्थानों और राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी) के कार्यों को प्रदर्शित किया गया। इस पवेलियन में वैज्ञानिक अनुसंधान परिणाम, जन स्वास्थ्य संबंधी पहल, शैक्षणिक कार्यक्रम और डिजिटल आउटरीच प्रयास प्रस्तुत किए गए। ग्रामीण आगंतुकों और स्वयं सहायता समूहों ने औषधीय पौधों, हर्बल उत्पादों और सरल घरेलू उपचारों पर आधारित संवादात्मक प्रदर्शनों में रुचि दिखाई।

राष्ट्रीय आरोग्य मेले 2026 की एक विशेष बात किसानों के साथ इसका विशेष जुड़ाव था। आयुर्वेदिक खेतीः उत्पादन, मूल्यवर्धन और विपणन पर आयोजित विशेष सत्रों में औषधीय पौधों की खेती, फसल कटाई के बाद के प्रबंधन और सुनिश्चित बाजार संपर्कों पर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कृषि संस्थानों और विशेषज्ञों के समन्वय से आयोजित इस कार्यशाला में लगभग 2000 किसानों ने भाग लिया। हल्दी की खरीद के लिए एक महत्वपूर्ण वापिस खरीद समझौते सहित कई आशय पत्रों पर हस्ताक्षर, आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और किसानों को लाभकारी प्रतिफल सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस कदम था।

विदर्भ क्षेत्र के किसानों और प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि औषधीय पौधों की खेती में विविधता लाना पारंपरिक कृषि के साथ-साथ एक सतत और लाभदायक विकल्प प्रदान करता है। कई लोगों ने इस मेले को एक समयोचित पहल बताया जो स्वास्थ्य सेवा में सुधार को आय वृद्धि और पर्यावरणीय स्थिरता से जोड़ती है।

चार दिनों तक चले इस मेले ने ज्ञान के आदान-प्रदान, जन जागरूकता और प्रत्यक्ष सेवा वितरण के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य किया। विशेषज्ञों के व्याख्यान, चिकित्सा पद्धतियों का प्रदर्शन, उद्योग प्रदर्शनियों और नीति निमार्ताओं तथा जमीनी स्तर के हितधारकों के बीच संवाद ने स्वास्थ्य और आजीविका के एकीकृत दृष्टिकोण को सुदृढ़ किया। शेगांव में राष्ट्रीय आरोग्य मेले 2026 का सफल समापन आयुष मंत्रालय की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को लोगों के करीब लाने की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है, साथ ही साथ आयुष मूल्य श्रृंखला में अनुसंधान, गुणवत्ता मानकों और किसानों की भागीदारी को मजबूत करता है। मेले ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं, वैज्ञानिक सहभागिता, योग प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं की भागीदारी और औषधीय पौधों की खेती के लिए संरचित समर्थन को मिलाकर यह प्रदर्शित किया है

## जिलों का समग्र विकासः विकसित भारत के लिए शासन में बदलाव विषय पर राष्ट्रीय शासन सम्मेलन 3 मार्च 2026 को जम्मू में आयोजित किया जाएगा

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री और जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री राष्ट्रीय शासन सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में संबोधित करेंगे

जिला कलेक्टर और राज्य/केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी पुरस्कार विजेता सर्वोत्तम कार्यप्रणालियां प्रस्तुत करेंगे इस शासन सम्मेलन का उद्देश्य ह्यलोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार जीतने वाली पहलों और देश भर से अन्य नवोन्मेषी शासन कार्यप्रणालियों का प्रसार करना है प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी), जम्मू एवं कश्मीर सरकार के सहयोग से 3 मार्च, 2026 को जम्मू में जिलों का समग्र विकासः विकसित भारत के लिए शासन में बदलाव विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय शासन सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री माननीय डॉ. जितेंद्र सिंह और जम्मू एवं कश्मीर के माननीय मुख्यमंत्री श्री उमर अब्दुल्ला संयुक्त रूप से राष्ट्रीय शासन सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे और उद्घाटन भाषण देंगे। इस सम्मेलन में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों की विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत मान्यता प्राप्त शासन मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे। डीएआरपीजी की सचिव श्रीमती रचना शाह और जम्मू एवं कश्मीर सरकार के मुख्य सचिव श्री अटल दुल्लू भी उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। इससे विचारों और व्यवस्थाओं के सार्थक आदान-प्रदान के लिए एक उपयुक्त वातावरण तैयार होगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री पुरस्कार विजेता 2023 और 2024 की पहलों के प्रदर्शन सत्र से होगा। इसमें एलुरु (आंध्र प्रदेश), गोमती (त्रिपुरा), कोरापुट (ओडिशा) और कारगिल (लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश) सहित जिलों और संस्थानों की प्रस्तुतियां शामिल होंगी। दूसरे तकनीकी सत्र में नलबाड़ी (असम), कुपवाड़ा (जम्मू एवं कश्मीर) और आंध्र प्रदेश के पार्वतीपुरम जिले की प्रिज्म 10 पहल सहित अन्य पुरस्कार विजेता पहल प्रस्तुत की जाएगी। इसमें आकांक्षी ब्लॉक, नवाचार परियोजनाएं और समग्र जिला विकास मॉडल शामिल हैं।

# ऐतिहासिक परिवर्तन यात्रा से जागी आशा और जनशक्ति, सच्चे बदलाव की ओर बढ़ता कदमः सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल

**समाज जागरण**

जैतो, 1 मार्च( रघुनंदन पराशर ):राष्ट्रीय भाजपा नेता, अधिवक्ता सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल भुखड़ी कलां ने कहा कि वे कोलकाता शहर कोलकाता से शुरू हुई ऐतिहासिक परिवर्तन यात्रा के शुभारंभ पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं और सच्चे अभिनंदन प्रेषित करते हैं। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण यात्रा उन करोड़ों नागरिकों की आशाओं, आकांक्षाओं और सपनों का सशक्त प्रतीक है, जो वास्तविक बदलाव, ईमानदार शासन और एक उज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।ग्रेवाल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया मंचों फेसबुक, लिंक्डइन, पिनटेरेस्ट, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स और विशेष रूप से एक्स पर लिखा कि वे गहरे सम्मान और आदर के साथ माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हैं, जिनकी अथक मेहनत, अटूट प्रतिबद्धता और परिवर्तनकारी दृष्टि राष्ट्र को प्रगति, विकास और समावेशी उन्नति के मार्ग पर निरंतर प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहा कि उनके गतिशील नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण की भावना को नई ऊर्जा और उद्देश्य



मिला है।उन्होंने आगे कहा कि वे राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन तथा समस्त भाजपा नेतृत्व के प्रति भी अपनी सच्ची शुभकामनाएं और गहरी सराहना व्यक्त करते हैं, जिनकी प्रतिबद्धता, शक्ति और दृढ़ संकल्प इस व्यापक जन आंदोलन को स्पष्टता, ईमानदारी और जनसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ा रहे हैं।ग्रेवाल ने कहा कि ह्लपलटाव जरूरी है, चाहिए भाजपा सरकारह्व केवल एक नारा नहीं है, बल्कि यह जनता की वह सशक्त और भावनात्मक आवाज है, जो विकास, सम्मान, पारदर्शी शासन और निर्णायक नेतृत्व की चाहत को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन एक नई जवाबदेही और प्रगति के युग की शुरूआत का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि यह यात्रा जनमानस में नई आशा का संचार करने, जनता के विश्वास को मजबूत करने और सार्थक एवं स्थायी परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करने की क्षमता रखती है। ग्रेवाल ने इस महान उद्देश्य में जुड़े प्रत्येक कार्यकर्ता, समर्थक और नेता को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं, जिनकी अथक मेहनत और समर्पण इस परिवर्तनकारी यात्रा की वास्तविक शक्ति है।ग्रेवाल ने कहा कि विश्वास, दृढ़ संकल्प और एकता के साथ विकास, समृद्धि और सुशासन का एक नया युग अवश्य स्थापित होगा, जो देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए एक प्रगतिशील और सशक्त भारत की नींव को और मजबूत करेगा।

# जमीनी विवाद के चलते 2 लोगों की मौत

**समाज जागरण**

कालांवाली 1मार्च (सुरेश जोरासिया) शहर कालांवाली से 11 किलोमीटर दूरी पर स्थित गांव खोखर में जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के दो लोगो की हत्या कर दी। मृतक गांव में किसी के मकान की नींव के कार्यक्रम पर जा रहे थे। जहा आरोपियों ने दोनों पर बरसे से हमला कर मौत के घाट सुला दिया। जिसके बाद मृतक परिवार के सदस्यों ने आरोपियों के तीन लोगों से मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को शहर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद सिरसा के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। वही मृतकों की पहचान 47 वर्षिय पूर्व सरपंच झरमल सिंह व 24 वर्षिय दलजीत सिंह के रूप में हुई। इसके अलावा घायलों की पहचान 60 वर्षिय बीकर सिंह, 50 वर्षीय मोती सिंह, 24 वर्षिय जसवंत सिंह, 23 वर्षिय अर्शदीप सिंह व 40 वर्षिय गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई। मृतको में मे चाचा भतीजे का रिश्ता था। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी संदीप धनखड़, कालांवाली सीआईए टीम, शहर थाना पुलिस, डबवाली





सीआईए टीम मौके पर पहुचीं। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों परिवार आपस मे एक ही परिवार से सम्बद्ध रखते है। गांव के ही भिंदर सिंह ने आरोपी 2 कनाल जमीन मृतक परिवार को खरीदने के लिए कहा था लेकिन मृतक परिवार ने खरीदने से मना कर दिया। जिसके बाद भिंदर सिंह ने दो कनाल का सौदा बीकर सिंह के साथ कर लिया और साई के तौर पर 10 हजार की रकम प्राप्त कर ली। लेकिन कुछ कारणों के कारण जमीन का सौदा केंसल हो गया। हमले से एक दिन पहले आरोपियों और मृतकों की बीच सौदा केंसल करवाने को लेकर कहासुनी हुई थी। जिसके बाद रविवार सुबह करीब 9 बजे चाचा भतीजा गांव में ही किसी के घर मकान की नींव में शामिल होने जा रहे थे कि मोती सिंह, बीकर सिंह, जसवंत सिंह व अन्य ने दोनों का रास्ता रोक तेजदार हथियार से हमला कर जान से मार दिया। जिसके बाद आस पास लोगो ने घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को दी गई ।

# होलिका दहन जैतो के चौक नंबर एक में धूमधाम से मनाया जाएगा आज, बच्चों के लिए मुफ्त में होंगे झूलें

**(दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,1 मार्च : अग्रवाल समाज सभा जैतो के चेयरमैन प्रवीण जिंदल व अध्यक्ष सतपाल जिंदल ने कहा कि आम जनता को आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी की हर साल की तरह इस साल भी होली के पावन पवित्र त्यौहार के अवसर पर सोमवार 2 मार्च को चौक नम्बर 1 जैतो में सभी की





मंगल कामना करते हुए होली पूजन सुबह 9.30 बजे किया जाएगा। होली मंगलन (दहन) का समय सोमवार को शाम को 7 बजे है। उन्होंने कहा कि आप से आग्रह है कि कृपया आप सपरिवार व साथियों सहित सुबह 9.30 बजे होली पूजन और शाम को 7.45 बजे होली मंगलन (दहन) के शुभ अवसर पर शामिल हो । सूत्रों के अनुसार यह पर्व बुराई पर अच्छी की जीत का भी प्रतीक माना जाता है।शाम के समय लोग लकड़ियों व गोबर से बने उबलो के ढेर को जलाते हैं और उसकी परिक्रमा करते हैं जिस दौरान श्रद्धालु मुख्य रूप से जीवन में सुख समृद्धि, स्वास्थ्य, आर्थिक मजबूती की कामना करते हैं।माना जाता है कि एक नारियल होलिका की अग्नि में अपनी मनोकामनाएं को लेकर अर्पित करना अति शुभ होता है।

# सड़क हादसे में दूध व्यवसायी की मौत, परिजनों ने लगाया जाम

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर /राजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिजार्पुर-सोनभद्र मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 45 वर्षीय दूध व्यवसायी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया, जिससे मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जानकारी के अनुसार, मड़िहान थाना क्षेत्र के ग्राम कुंदरुफ निवासी सतीश यादव उर्फ झगडू यादव (45) दूध का व्यवसाय करते थे। रविवार सुबह करीब सवा नौ बजे वे अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी ग्राम पंचायत डढ़िया के बसंतपुर मौजा गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सतीश यादव की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। बड़ी



संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और आरोपी चालक व वाहन की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दी। जाम के कारण मीरजापुर-सोनभद्र मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया और भीषण गर्मी में मुसाफिरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

पुलिस की कार्रवाई सूचना मिलते ही राजगढ़ थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे ने बताया कि परिजनों को समझा-बुझाकर और उचित कानूनी कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवा दिया गया है।

शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन की तलाश जारी है और मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# स्वास्थ्य कार्यक्रम आज बिमारी का व्यवसाय बन गया है -: डाक्टर भानु

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

लखनऊ गांधी विचार मंच तथा सर्वोदय समाज के संयुक्त तत्वाधान में 22 फरवरी से उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा होते हुए गांधी स्मृति यात्रा 28 फरबरी को रात्रि लखनऊ पहुंची। यात्रा का उद्देश्य गांधी और विनोबा के वैचारिक और भौतिक संसाधनों का संरक्षण है। यात्रा के द्वारा राष्ट्रीय एकता का संदेश पहुंचा जा रहा है।यात्री का गांधी भवन लखनऊ में गांधी स्मृति यात्रा का स्वागत और बैठक डॉक्टर भानु पूर्वांचल ग्रामीण विकास संस्थान लखनऊ तथा गांधी भवन द्वारा किया गया।

गांधी भवन में पूर्वांचल ग्रामीण विकास संस्थान और गांधी भवन के संयुक्त तत्वाधान में डॉ सूर्य कांत सिंह गौतम कि अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित हुई।लाल बहादुर राय जी ने संचालन तथा डॉ.भानु ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए अग्रिम कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत किया।राकेश श्रीवास्तव ने यात्रा के महत्व पर प्रकाश डाला।अपने यात्रा का अनुभव साझा किया।ओम प्रकाश सिन्हा ने बताया कि वे ऑल इंडिया वर्कर्स कॉन्फ्रेंस से जुड़े हैं।कहा कि फासीवाद के खिलाफ वैचारिक और व्यवहारिक समाधान जवाब है। डॉक्टर भानु ने बताया कि स्वस्थ कार्यक्रम आज बीमारी का व्यवसाय बन गया है। संजीव शर्मा ने प्रजातंत्र और मानवीय मूल्यों की सुरक्षा गांधी विचार में निहित है।राधा कृष्ण राय ने कहा कि भारत और गांधी एक ही है।ह्रदय नारायण श्रीवास्तव ने कहा कि जन जीवन को प्रभावित किया था।गांधी की प्रेरणा के आधार क्या हैं?

ज्ञातव्य हो कि गांधी सबसे पहली बार 1916 के दिसंबर में 31 में कांग्रेस अधिवेशन में भाग लेने के लिए पहुंचे थे। यह अधिवेशन अंबिका चरण मजूमदार के सभापतित्य में आयोजित हुआ था।इसमें कांग्रेस लीग सुधार योजना प्रस्तुत किया गया था दूसरी बार उनकी यात्रा 1919 में हुई 10 और 11 मार्च को हुए लखनऊ में रिहाफे आम हॉल में सत्याग्रह सभा हुई थी। इसकी अध्यक्षता सैयद हुसैन कर रहे थे। 1919 में ही दूसरी बार 7 और 8 अगस्त को गांधी लखनऊ में रहे। इस बार की सभा में उन्होंने कहा की गुलामी में रहने से तो अच्छा है समुद्र




में डूब मरना। ब्रिटिश शासन शैतानियत की सत्ता है। 1921 में चौथी बार गांधी लखनऊ आए। 26 फरवरी और पांचवीं बार 7 - 8 अगस्त को वे लखनऊ में थे। यहां मुरादाबाद से पहुंचे थे और अमीनुदुल्लाह पार्क में एक लाख लोगों को संबोधित किया था।

1925 में 17 अक्टूबर को आए और सीतापुर भीगए। 1929 में 27 से 30 सितंबर तक लखनऊ में रहे। अब्दुल बारी के घर शो प्रकट करने गए विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित किया 30 सितंबर को अकबरपुर और टांडा भी गए। 1931 में मोतीलाल जी के इलाज के लिए 4 से 6 फरवरी तक लखनऊ में थे 6 फरवरी 1931 को मोतीलाल जी की मृत्यु हो गई थी। 1934 में गांधी मुख्य रूप से हरिजन यात्रा कर रहे थे यहां भी कानपुर से आए थे और फिर कानपुर वापस हो गए इस बीच उन्होंने जानाना पार्क में महिलाओं की सभा को संबोधित किया हरिजनो और आर्य समाज के लोगों को संबोधित किया 1936 में 28 मार्च से 3 अप्रैल तक लखनऊ में थे स्वदेशी और ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था। 1936 में 8 अप्रैल से 16 अप्रैल तक 9 दिन की अवधि लखनऊ में बिताई इस बीच ऑल इंडिया डिप्रेस्ड क्लास कॉन्फ्रेंस आयोजित हुआ था उसमें भी गांधी ने शिरकत की ओर भाषण दिया। उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर गांधी गए वाराणसी कानपुर इलाहाबाद आगरा अलीगढ़ आदि जगहों पर तो कई बार गए। मुजफ्फरनगर शिकोहाबाद मैनपुरी फरुर्खाबाद फतेहगढ़ कन्नौज अकबरपुर टांडा गोरखपुर बस्ती मुरादाबाद शाहजहांपुर बरेली बलिया और मेरठ में भी गांधी ने अपना संदेश दिया। सभा के अंत में बर्तमान युद्ध में जो इजरायल और ईरान के बीच हो रही है उसमें जाने अनजाने मारे गए लोगों की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया।

# होलिका में हरे पेंड काटकर न डालने की अलख लगाता एक किरदार मनीष पटेल।

**समाज जागरण**

वाराणसी। साइकिल की घण्टी बजी ट्रिन...ट्रिन...ट्रिन... ।सुनो भइया,सुनो रे बहना, ।बात पते की बतलाता हूँ,, ।हरा पेड़ मत काटो ।वे दुश्मन नहीं,हैं हमारे भइया और बहना ।काटोगे तो पछताओगे ।संकट में जीवन देख कल आंशू बहाओगे ।आओ संकल्प ले पेड़ पौधों का जीवन भर साथ निभाएंगे ।होलिका की रस्म करेंगे अदा,,,,गोबर की उपली से होलिका जलाएंगे सदा,,, ।

जनाब ! यह किसी गीत के बोल ही नहीं बल्कि पर्यावरण रक्षा की अलख जगाने में जुटे जोरदार किरदार खेवली गाँव के मनीष पटेल के दिल की आवाज है।

खेती किसानी से समय निकाल कर गाँव व शहर के प्रमुख बाजारों में पहुँच जाते हैं ।साईकिल में लगी घंटी की आवाज ट्रीन.. ट्रीन सुनकर हर कोई बोल उठता है-ये देखों मनीष जी आ गए।

खेवली गाँव की बने नयी पहचानः जन कवि सुदामा पांडेय 'धूमिल' के गाँव खेवली के पर्यावरण व जल संरक्षण प्रेमी मनीष पटेल ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया है ।गर्मी में जल संरक्षण को लेकर जागरुकता का मुहिम चलाते है ।होली से पूर्व हरियाली पर प्रहार रोकने में जुट जाते हैं। जहा होलिका जलती है वहां युवाओं से संपर्क करते हैं ।हरे पेड़ की महत्ता बताते हैं ।होलिका में हरे पेड़ न जलाने के लिए युवाओं,बच्चों से अनुरोध भी करते है।



साइकिल से घूम घूम कर होलिका में पेंड की डालियां न काटने का सन्देश दे रहे पर्यावरण प्रेमी मनीष पटेल।




पर्यावरण प्रेमी मनीष पटेल होलिका में पेंड व डालियां न काटने और गोबर के उपले से होलिका जलाने का दे रहे सन्देश

मुहिम से जुडे. गाँव के बच्चे,युवा,बुजूर्ग,,इस कार्य में जन कवि धूमिल स्मारक पुस्तकालय के बच्चों व गाँव के लोगों को भी जोड़ लिया है। दो दशक से पर्यावरण व जल संरक्षण का प्रयासः मनीष पटेल के मन मे पर्यावरण संरक्षण का भाव जगा तो शुरू में लोगों से ताने सुनने को मिलते रहे मन घबराया नहीं जोश जज्बा जुनून से आगे बढ़ता गया लोग जुड़ते गये आज हजारों बच्चे जुड़ चुके हैं,युवाओं की टोली बन गयी हैं। मनीष पटेल नर्सरी में पौध उगाकर निःशुल्क त्योहारों,पर्वो पर वितरित करते हैं ।जनपद के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर जाकर पौध लगाकर संरक्षण का संदेश देने का सराहनीय कार्य काफी चर्चित है।

# काव्यधारा के साथ मनाया गया होली का रंगोत्सव, कवि सम्मेलन में बही साहित्य की रसधार

**समाज जागरण**

चन्दौसी। साहित्य चेतना मंच चन्दौसी एवं दिव्य गंगा सेवा मिशन के तत्वावधान में रविवार को होली पर्व के उपलक्ष्य में विराट कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। स्टेशन रोड स्थित पंजाबी धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोरखनाथ भट्ट (मुख्य विकास अधिकारी, सम्भल), विशिष्ट अतिथि लता वार्ष्णेय (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद चन्दौसी) तथा कार्यक्रम की अध्यक्षा शालिनी रस्तौगी (महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष, दिव्य गंगा सेवा मिशन) ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालन एल.के. विकास मिश्रा (एडवोकेट) ने अपनी चुटीली शैली में किया, जबकि आयोजन को सफल बनाने में दिनेश पाल सिंह दिव्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कवि सम्मेलन में बदायूं के वरिष्ठ




कवि सुखपाल सिंह गौर ने फागुनी पर्व पर शांति और सौहार्द का संदेश दिया। वहीं खटीमा की कवयित्री शांति राणा शांति ने बुजुर्गों के सम्मान पर आधारित रचना प्रस्तुत की। सम्भल के अतुल कुमार शर्मा ने होली पर बढ़ती नशाखोरी पर चिंता व्यक्त की। इसके अतिरिक्त दिनेश पाल सिंह दिव्य, एल.के. विकास मिश्रा, अपूर्व प्रताप सिंह अद्भुत, शिखा राम रावत बुलबुल, विवेक त्रिपाठी विकट, संजय सृजन, मुकेश कुमार दीक्षित शिवांश, अंजली वर्मा चहक एवं शिवाय दीक्षित बल कवि सहित अनेक कवियों ने श्रृंगार, वीर, सामाजिक एवं व्यंग्य रस की रचनाओं से कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की।

मुख्य अतिथि गोरखनाथ भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने साहित्य चेतना मंच और दिव्य गंगा सेवा मिशन के संयुक्त प्रयास की सराहना करते हुए इसे चन्दौसी की साहित्यिक परंपरा को समृद्ध करने वाला आयोजन बताया। कवि सम्मेलन में विभिन्न रसों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

# गुन्नौर अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**समाज जागरण**

संभल गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के आगराझमुरादाबाद नेशनल हाईवे पर रविवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 35 वर्षीय बाइक सवार युवक जीतू यादव पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव लोगढ़, थाना जिरौली जनपद अलीगढ़ की दर्दनाक मौत हो गई।

मृतक जीतू अपनी ननिहाल से मोटरसाइकिल लेकर घर वापस जा रहे था,वही थाना गुन्नौर क्षेत्र के मोहल्ला जुलेपुरा स्थित कुम्हारों वाली पुलिया के पास



मृतक जीतू यादव का फाइल फोटो

एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जीतू के भाई अमित ने बताया कि मुझे जीतू यादव रविवार को गुन्नौर के मोहल्ला जुलेपुरा स्थित अपनी ननिहाल आए थे। शाम को अकेले वह मोटरसाइकिल से अपने घर वापस गांव लोगढ़ के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह आगराझमुरादाबाद नेशनल हाईवे पर कुम्हारों वाली पुलिया के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सक विवेक गंगवार ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हादसे के बाद चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक अपने परिवार में चार भाईयों के बीच सबसे बड़ा था। उनके छोटे भाइयों में बोबी, अमनेश और अमित हैं। परिवार में मृतक की पत्नी प्रीति और तीन मासूम बच्चे–खुशी (13 वर्ष), रिया (11 वर्ष) और कन्हैया (7 वर्ष)–हैं। हादसे के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव लोगढ़ में शोक की लहर दौड़ गई है। वही तीन बच्चों के सिर से पिता का छाया उठने से पत्नी व बच्चे फूट फूटकर रो रह है।

वही प्रभारी निरीक्षक राजीव मलिक ने बताया कि परिजनों की तरफ से तहरीर नही दी गई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# तीन सप्ताह से बंद पड़ा हेंड पंप, कस्बेवासी परेशान

**समाज जागरण**
**फिरोज खांन वारसी**

झालावाड़ । राजस्थान. 1 मार्च 2026,चौमहला.गंगधार कस्बे के माली मोहल्ले मे स्थित हेंडपम्प विगत तीन सप्ताह से खराब पड़ा हुआ। इसके मोहल्ले वासियों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें पाने के लिए दूर जाना पड़ रहा है। मोहल्ले वासी श्याम राठौर ने बताया कि हेंडपम्प कई घरों की दैनिक जल आवश्यकता को पूरा करता है। इसके खराब होने से कई परिवारों के सामने गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। कस्बे वासियों को पानी लाने में अत्यधिक



परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासन बताया कि इस संबंध में कई बार संबंधित विभाग को शिकायत की लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

**इनका कहना है**

की इस विषय की जानकारी मिली है जल्द ही मामले को दिखवाया जाएगा।

वंदना शर्मा कनिष्क अभियंता

# मथुरा पुलिस की चेतावनीः फर्जी वीडियो वायरल करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**समाज जागरण**

मथुरा। सोशल मीडिया पर बिना सत्यापन वीडियो साझा करने वालों के खिलाफ मथुरा पुलिस ने सख्त चेतावनी जारी की है। पुलिस ने कहा है कि सस्ती लोकप्रियता के चक्कर में भ्रामक वीडियो वायरल करने वालों को होली जेल में भी मनानी पड़ सकती है।

सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे एक वीडियो का संज्ञान लेते हुए मथुरा पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी वीडियो को बिना सत्यापन के साझा न करें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भ्रामकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, एक वीडियो मथुरा का बताकर शेयर किया जा रहा है, जिसमें एक महिला आरोप लगा रही है कि भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में होली के नाम पर महिलाओं के साथ अभद्रता की जा रही है। वीडियो में महिला ने निजी अंगों को निशाना बनाकर रंग फेंकने और छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं।

हालांकि पुलिस जांच में सामने आया है कि यह वीडियो दो साल पुराना है और वर्ष 2024 का बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, वर्तमान में इस प्रकार की कोई घटना नहीं हुई है और वीडियो को सस्ती लोकप्रियता के लिए दोबारा वायरल किया जा रहा है।

वहीं सोशल मीडिया पर यूजर्स की भी मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। जहां कुछ लोग सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, वहीं एक यूजर ने टिप्पणी की कि दो साल पहले जब यही वीडियो साझा हुआ था, तब संबंधित महिला कार्यक्रम की तारीफ कर रही थी, जबकि अब शिकायत कर रही है। बताया जा रहा है कि वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। दूसरी ओर ब्रजवासियों ने भी वीडियो पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि यह सस्ती लोकप्रियता पाने की कोशिश है। उनका कहना है कि होली यहां हजारों साल पुरानी परंपरा है, जिसे अतिथि देवो भवः की भावना के साथ मनाया जाता है। ऐसे भ्रामक कंटेंट फैलाने वाले हैंडल्स पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

## राहुल गांधी पर बीजेपी प्रवक्ता का तंज, बोले– "सिर्फ बड़े परिवार से होने से कुछ हासिल नहीं"

**समाज जागरण न्यूज रांची**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष Rahul Gandhi के हालिया बयान को लेकर सियासत तेज हो गई है। रांची में मीडिया से बातचीत के दौरान बीजेपी प्रवक्ता Pratul Shah Deo ने राहुल गांधी पर निशाना साधा।

Pratul Shah Deo ने कहा, सिर्फ बड़ा नेता होने से कुछ हासिल नहीं होता। बड़े परिवार से होने से भी कुछ हासिल नहीं होता। अगर आप Sonia Gandhi के बेटे नहीं होते, तो क्या आप कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष की इस स्थिति में होते?

# पाली में शांति समिति की बैठक संपन्न



**होली पर्व सौहार्द्र पूर्ण मनाने की अपील**

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- होली पर्व को परंपरागत , सौहार्द्र पूर्ण मनाने के लिए आज पाली थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शिव चरण बोहित, तहसील
दार लक्ष्मीकांत शर्मा , नगर निरीक्षक राजेश चंद्र मिश्रा के साथ भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष श्री मती राधा तिवारी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रवि मिश्रा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश पालीवाल, नगर के सामाजिक पुरोधा पार्षद संजीव खण्डेलवाल, फिल्मी अभिनेता नत्थू लाल पटेल, भारतीय जनता पार्टी मंडल महामंत्री विमल अग्रवाल, पूर्व पार्षद कालिका प्रसाद उर्फ बहादुर भैया, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्र मोहन शुक्ला,सनू उपाध्याय, राम नारायण पाण्डेय, राज तिवारी,कामता विश्व कर्मा, बिन्दे सिंह आदि राजनै तिक दलों के प्रमुख जन के साथ पत्रकारों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। बैठक में होली परंपरा रीति रिवाज के अनुरूप मनाने पर विचार विमर्श करते हुए शांति पूर्ण मनाने पर चर्चा हुई। नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने पर चर्चा करते हुए बाजार में चार पहिया वाहनों पर पाबंदी लगाने की बात कही गयी। नगर में अश्लीलता रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की बात तय हुई। नगर में लगे सी सी कैमरे सुचारू रूप से चले इसके लिए आवाज उठायी गयी। बताया गया की अधिकांश सी सी कैमरे बंद हैं, उन्हें शीघ्र सुधरवाने की पहल की जाये।

# ऋषभ शुक्ला को मुख्य कार्य पालन अधिकारी की नयी जिम्मेदारी

**कार्य कुशलता का अघोषित पुरूस्कार**
**जनपद के कार्यों में कसावट की तैयारी**

**समाज जागरण**

उमरिया--- उमरिया जिले की सबसे बड़ी जनपद पंचायत करकेली के मुख्य कार्य पालन अधिकारी के पद पर आर ई एस के एज्यूकेटिव इंजीनियर ऋषभ शुक्ला को इस दायित्व के साथ सी ई ओ की नयी जिम्मेदारी सौंपी गयी है। यह कांटों भरा ताज उनकी कुशल कार्य शैली दक्षता और चुनौती पूर्ण कार्यों कि सफलता की मंजिल के बदले में मिले पुरूस्कार के रूप में देखा जा रहा है। जानकर और उनके समीपस्थ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार श्री शुक्ला अपने दायित्व का जिस कुशलता , और तत्परता के साथ निभाया है जिससे वह जिला प्रशासन का मन जीत लिया है। विदित होवे की जनपद पंचायत करकेली एक लंबे समय से मूल रूप से मुख्य कार्य पालन अधिकारी की अनुपस्थिति से जुझ रही है। यहाँ पर श्री मती प्रेरणा सिंह के बाद यह जनपद पंचायत प्रभारियों के भरोसे संचालित होती रही है, और इन प्रभारी राज में ऋषभ जी ही अधिकांश प्रमुख कार्यों को मंजिल तक पहुचाते रहे हैं। बताया जाता है की राज्य स्तरीय अभियान और राष्ट्रीय अभियानों में जिस सहजता के साथ काम करने की



इंजीनियरिंग , तजुर्बा उनमें देखने को मिलती है, वह कम ही दायित्व वान लोगों में देखने को मिलती है।इन्ही सब असहज उपलब्धियों के परिणा मस्वरूप शुक्ला जी को नयी जिम्मेदारी सौंप कर जिला प्रशासन ने उन्हें एक नयी अग्नि परीक्षा में लगा दिया है, अब बारी उनकी है की वह एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में भी उसी कुशलता के साथ कसौटी पर खरे साबित हो।
मालुम होवे की करकेली जनपद पंचायत न सिर्फ जिले की सबसे बड़ी जनपद पंचायत है, इसके साथ ही इस जनपद की भौगोलिक स्थिति भी समतलीय न होकर पहाड़ी विषमताओं और वनांचल क्षेत्रों से आच्छादित है इसकी सीमायें एक तरफ कटनी जिले की सीमा तो दो सिरे डिण्डौरी जिले की सीमा से लगे हैं, यहाँ तक की जनपद की बिछिया ग्राम पंचायत तो डिण्डौरी जिले को पार करके पहुचा जाता है। वही पर करकेली जनपद पंचायत में उमरिया नगर बीचों बीच स्थित है जिस कारण से जिले भर के प्रशासनिक अधिकारियों, राजनेताओं और सभी राजनैतिक दलों की नजर सदा, बराबर बनी रहती है । इन सारी चुनौतियों को आप को उसी सादगी, ईमानदारी, तत्परता के साथ निभाना होगा। जनपद में उनकी टीम है, वह हर एक चेहरे से वाकिफ है की किसमें कितनी काबिलियत है, किन मोहरों को कहा लगाना है, इस बाखूबी से वह चिर परिचित हैं, काम करने की उनकी लगन, बारीकियों को परखने की कला से भरपूर श्री शुक्ला एक सफल मुख्य कार्य पालन अधिकारी साबित होंगे, ऐसी शुभेच्छा उनके कार्य शैली को देखते हुए दी जा रही है

# जेल से छूटे आरोपी का हाईवे पर तांडव, भाई-बहन को बेरहमी से पीटा

## निगोहां थाना क्षेत्र में दबंगई, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा.....

**समाज जागरण**
**संवाददाता निगोहा**

मोहनलालगंज। लखनऊ, जेल से हाल ही में छूटे आरोपी द्वारा हाईवे पर खुलेआम दबंगई और मारपीट का मामला सामने आया है। निगोहां थाना क्षेत्र में माया खेड़ा मंदिर के पास रविवार दोपहर जाम के दौरान स्कॉर्पियो सवार दबंगों ने बाइक से जा रहे भाई-बहन को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित अर्पित बाजपेई पुत्र रमेश बाजपेई निवासी राघवपुर थाना बछरावां जनपद रायबरेली अपनी बहन सुरभि को उसके ससुराल बाजपेई खेड़ा (निगोहां) से विदा कराकर बाइक से घर वापस लौट रहे थे। माया खेड़ा मंदिर के पास हाईवे पर जाम लगा होने के कारण अर्पित अपनी बहन के साथ एक ट्रक के पीछे खड़े हो गए।इसी दौरान पीछे से आ रही काले रंग की स्कॉर्पियो ने लगातार हॉर्न बजाना शुरू कर दिया। अर्पित द्वारा आगे जाम होने का इशारा करने पर स्कॉर्पियो सवार दो युवक भड़क उठे। गाड़ी से उतरकर उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर अर्पित को सड़क पर गिराकर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया।
जब बहन सुरभि ने बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। राहगीरों ने हस्तक्षेप कर किसी तरह दोनों को बचाया और निजी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज रेफर कर दिया गया, जहां घायल अर्पित का इलाज जारी है।पीड़ित के पिता रमेश बाजपेई ने निगोहां थाने पहुंचकर तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने आरोपी जीतू यादव व दिनेश उर्फ गोगा के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।
बताया जा रहा है कि आरोपी जीतू यादव पूर्व में भी गंभीर आपराधिक मामले में जेल जा चुका है और हाल ही में जेल से छूटकर आया है।थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। पुलिस द्वारा दबिश दी जा रही है और जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है।

# चरण तीर्थ पावनधाम में भक्ति का उमडा महासागर , शहनाज अख्तर के भजनों से गूंजा रामनाम

**चरण तीर्थ पावन धाम आस्था का केंद्र बिंदु है ; श्री जायसवाल**

**समाज जागरण**

कोतमा। परम पूज्य जगतगुरु श्री रामललाचार्य जी महाराज द्वारा चरण तीर्थ पावनधाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा, 11 कुंडिय श्री राम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा तथा रामलीला के समापन के अंतिम दिवस पर भक्ति और श्रद्धा का अनुपम दृश्य देखने को मिला। भारत की प्रख्यात भजन गायिका शहनाज अख्तर ने अपने सुमधुर भजनों से पूरे धाम को राममय कर दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे और पूरा परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंजता रहा।



**रामशिला की परिक्रमा से मनोकामना पूर्ण होने की मान्यता**

चरण तीर्थ पावनधाम क्षेत्र का एक अत्यंत श्रद्धेय धार्मिक स्थल है। यहां स्थित पवित्र रामशिला के संबंध में मान्यता है कि श्रद्धा और विश्वास के साथ इसकी परिक्रमा करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है तथा जीवन में सुख-शांति एवं समृद्धि आती है। इसी आस्था के साथ दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पहुंचकर भगवान श्रीराम के चरणों में अपनी भक्ति अर्पित करते हैं।

**धाम में समय-समय पर भजन-कीर्तन,**

कथा-प्रवचन, यज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होता रहता है, जिससे यह स्थल क्षेत्र की आध्यात्मिक चेतना का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

**मंत्री दिलीप जायसवाल ने लिया जगतगुरु का आशीर्वाद**

समापन अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल विशेष रूप से 11 कुंडी यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने जगतगुरु रामलालाचार्यजी से आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।
अपने संबोधन में मंत्री जायसवाल ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को एकता के सूत्र में बांधते हैं और नई पीढ़ी को संस्कार एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि चरण तीर्थ पावनधाम न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है।

**लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति**

समापन दिवस पर अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, अमलाई, शहडोल, बुढार सहित आसपास के क्षेत्रों एवं पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आयोजकों के अनुसार लाखों भक्तों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। भक्ति और आस्था का यह दिव्य संगम क्षेत्रवासियों के लिए लंबे समय तक स्मरणीय रहेगा।

# ऊर्जा दक्षता ब्यूरो ने 25वां स्थापना दिवस मनाया

विद्युत मंत्री ने 25वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया; बीईई@25 लोगो का अनावरण किया, बीईई स्टार लेबल मोबाइल ऐप और आरसीओ पोर्टल का शुभारंभ किया
भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) का 25वां स्थापना दिवस आज नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों, नीति निमार्ताओं, सहयोगी संगठनों और देश भर के हितधारकों की उपस्थिति में मनाया गया।
श्री मनोहर लाल, विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में भाग लिया। श्री पंकज अग्रवाल, विद्युत सचिव ने मुख्य भाषण दिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों, राज्य नामित एजेंसियों (एसडीए) और सहयोगी संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।
श्री मनोहर लाल ने प्रसिद्ध कहावत, ह्लउपचार से बेहतर रोकथाम है,ह्व का स्मरण करते हुए कहा कि ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) विद्युत क्षेत्र के लिए एक निवारक संस्था के रूप में कार्य करता है। आज बचाई गई बिजली की प्रत्येक इकाई अतिरिक्त उत्पादन क्षमता की आवश्यकता को कम करने और उत्सर्जन को घटाने में सीधे तौर पर योगदान देती है। ऊर्जा-दक्ष प्रणालियों को अपनाकर हम न केवल पर्यावरण की रक्षा करते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और अधिक टिकाऊ भविष्य भी सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने देश में ऊर्जा दक्षता पहलों को आगे बढ़ाने में बीईई के महत्वपूर्ण योगदान की भी सराहना की।
श्री मनोहर लाल ने जलवायु संबंधी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और ऊर्जा दक्षता को राष्ट्रीय विकास के मूल स्तंभ के रूप में मजबूत करने में भारत की महत्वपूर्ण प्रगति के बारे में बताया।

# विजयम कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल डेबरिया का वार्षिकोत्सव काफी धूमधाम से मनाया गया

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता.....**

मोहनलालगंज। लखनऊ। मोहन लालगंज क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान विजयम कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल डेबरिया
में वार्षिकोत्सव अलंकृत-2026 का भव्य आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक साज-सज्जा और बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार
बना दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जितेन्द्र श्रीवास्तव नाबार्ड, भारत सरकार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत हुई, जिसने उपस्थित अभिभावकों



और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।विद्यालय के प्रबंधक अंकित तिवारी, संस्थापक सत्य प्रकाश तिवारी, व्यवस्थापक आशीष तिवारी एवं प्रधानाचार्या सारिका तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह का सफल संचालन शिवानी शर्मा ने किया, जबकि सह मंच संचालन हिन्दी प्राचार्य श्री कुलदीप शुक्ला ने संभाला।
कार्यक्रम की सबसे चर्चित प्रस्तुति बच्चों द्वारा मंचित नाटक इंटरनेशनल स्कूल्स वर्सेज नॉर्मल स्कूल रही। नाटक में आधुनिकता और दिखावे के नाम पर अत्यधिक फीस वसूली की प्रवृत्ति पर करारा व्यंग्य प्रस्तुत किया गया। बच्चों के सशक्त अभिनय और सामाजिक संदेश ने अभिभावकों का दिल छू लिया। नाटक की समाप्ति पर पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।इसके अतिरिक्त देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, समूह नृत्य, एकल प्रस्तुति एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को बांधे रखा। छोटे-छोटे बच्चों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने विद्यालय की शैक्षणिक और सांस्कृतिक गुणवत्ता को प्रदर्शित किया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री नागेश्वर द्विवेदी, अंकुर द्विवेदी, ललित शुक्ला प्रधान भसंडा सतेंद्र मिश्रा भजनलाल वर्मा प्रबंधक महात्मा गांधी बाल विद्या मंदिर अखिलेश द्विवेदी पत्रकार आशीष द्विवेदी पत्रकार,मोहनलालगंज नगर पंचायत चेयर मैन प्रतिनिधि अजय पांडेय(सत्यम) भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र पाण्डेय (धीरू) आदित्य शर्मा प्रशासनिक अधिकारी AIMS
रायबरेली, विजयचंद्र तिवारी पूर्व वरिष्ठ लेखाकार शिक्षा विभाग राकेश कुमार प्रबंधक एम.एम. मेमोरियल अकैडमी सेवई लखनऊ, डॉ. लल्ला सिंह यादव, डॉ. एस.के. मिश्रा, लक्षण प्रसाद शुक्ला अधिवक्ता ब्रजभूषण शुक्ला अधिवक्ता प्रदीप त्रिपाठी उत्तर प्रदेश पुलिस टुन्नू शुक्ला सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।
समारोह के अंत में प्रबंधक अंकित तिवारी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार और सामाजिक चेतना प्रदान करना है।



# हजारीबाग में नीतीश कुमार की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**मिंटू कुमार समाज जागरण हजारीबाग ।**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 75 वां जन्म दिवस पर हजारी बाग में प्रोवेश रिसोर्ट में जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। केक काटकर खुशियां मनाई गईऔर केक का वितरण किया गया। जनता दल यू. के जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने इस अवसर पर कहा कि नीतीश कुमार जदयू के सर्वमान्य नेता है और इनके देखरेख में बिहार राज्य प्रगति के पद पर निरंतर अग्रसारित है । खुशी जाहिर करते संगठन के प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह ने अपने विचार करते हुए उनके लंबे जीवन और बेहतर स्वास्थ्य की कामना की और बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार देश स्तर पर



संगठन को काफी मजबूत स्थिति में खड़ा किए हैं। हजारीबाग से मेयर चुनाव हाल ही में लड़ चुके झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के कोर कमेटी सदस्य और पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद भगत भी उपस्थित हुए और नीतीश कुमार को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी । विनोद भगत ने कहा की बिहार को बड़ी तीव्र गति से विकसित करने में नीतीश कुमार लगे हुए हैं । मौके पर जन्म दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में जिला उपाध्यक्ष अविरल बिहारी लाल, हजारीबाग महिला जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी ,पिंकी राणा ,चुरचू प्रखंड अध्यक्ष विनय कुमार यादव ,धीरज कुमार ,नरेश कुमार यादव आदि शामिल थे।

# इंडियन ट्रेड लिंक्स के कर्मी मोहम्मद तबरेज अजीज ने अपने कार्यालय सहयोगियों के साथ किया रोजा इफ्तार पार्टी

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 01 मार्च 2026 : जमशेदपुर के इंडियन ट्रेड लिंक्स के कर्मी मोहम्मद तबरेज अजीज ने अपने कार्यालय के सहयोगियों के साथ किया रोजा इफ्तार पार्टी।मोहम्मद तबरेज की ओर से रविवार को अपने आवास में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उन्हीं की अध्यक्षता में हुआ। पवित्र माह रमजान के अवसर पर सादगी के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में अमन-शांति और खुशहाली की दुआ की गई। इफ्तार की शुरूआत खजूर और पानी से की गई। इसके बाद देश, प्रदेश और पूरी दुनिया में शांति और तरक्की के लिए दुआ मांगी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। साथ ही विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। सभी ने आपसी





भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इस मौके पर तबरेज के सहयोगी कंपनी के मैनेजर लवदीप ने कहा कि रमजान का महीना त्याग, संयम और इंसानियत का संदेश देता है। ऐसे आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में अविनाश ,जोसेफ, ओंकार सिंह,विजय कुमार,राहुल कुमार ,मार्टिन, सौरभ सरफराज, साबिर, रफीक,लवदीप और विनोद पाण्डेय समेत कई लोग मौजूद रहे।

# स्लम बच्चों संग वॉयस ऑफ ह्यूमैनिटी ने बिखेरे खुशियो के रंग

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण,ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 01मार्च 2026: शहर की युवाओं की सामाजिक संस्था वॉईस ऑफ ह्यूमैनिटी ने होली की खुशियाँ जुगसलाई स्थित बलदेव बस्ती में रहने वाले सैकड़ो स्लम बच्चों के बीच अनोखे अंदाज में मनाया ।



टीम ने बस्ती के सैकड़ों बच्चों के बीच रंग,अबीर,पिचकारी व मिठाईया बाँट रंगों के त्योहार को खुशियों के रंग में समेटने का काम किया । जिसे देख बस्ती वासियों के बीच खुशियो का माहौल था । कार्यक्रम में देखते ही देखते बच्चो के साथ साथ बस्ती के बूढ़े बुजुर्ग भी शामिल होकर जमकर होली मनाई,कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के राजकुमारी,रानी सिंह,हरि सिंह राजपूत, चंदन ,संदीप, अजितेश ,मोहित, सूरज, महेश, बबलू, आशीष, विवेक, अभिषेक, राहुल,श्रवण,शुभम,प्रवीण, मोलू व अन्य शामिल थे।

# महानियंत्रक संचार लेखा श्रीमती वंदना गुप्ता ने उत्तर क्षेत्रीय समीक्षा बैठक का उद्घाटन किया

उत्तरी क्षेत्र लगभग 850 से अधिक लाइसेंसधारियों और 1.10 लाख पेंशनभोगियों का प्रबंधन करता है, जिसका दूरसंचार राजस्व संग्रह ₹7,250 करोड़ से अधिक है

जीवन यापन और व्यापार करने में सुगमता को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक पहलों पर चर्चा की गई और लक्ष्य निर्धारित किए गए महा नियंत्रक संचार लेखा (सीजीसीए), श्रीमती वंदना गुप्ता ने उत्तरी क्षेत्र में फील्ड इकाइयों की परिचालन दक्षता का मूल्यांकन और उसे सुव्यवस्थित करने के लिए उत्तरी क्षेत्रीय समीक्षा बैठक का आधिकारिक तौर पर उद्घाटन किया। 28 फरवरी 2026 से 01 मार्च 2026 तक आयोजित इस समीक्षा बैठक में संचार लेखा नियंत्रक (सीसीए) के आठ कार्यालय शामिल थे--- जम्मू एवं कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश (पूर्व), उत्तर प्रदेश (पश्चिम) तथा दिल्ली।
उत्तरी क्षेत्र का रणनीतिक महत्व उत्तरी क्षेत्र, सीजीसीए के अंतर्गत आने वाले सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक क्षेत्रों में से एक है। वर्तमान में यह 850 से अधिक लाइसेंसधारियों के विशाल पोर्टफो लियो का प्रबंधन करता है, जो देश के दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दशार्ता है। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक, इस क्षेत्र ने लाइसेंस शुल्क के रूप में ₹6,500 करोड़ से अधिक और स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क (एसयूसी) के रूप में लगभग ₹ 750 करोड़ एकत्र किए हैं। इसके अलावा, यह क्षेत्र दूरसंचार विभाग (डीओटी), बीएसएनएल और एमटीएनएल के 1.10 लाख से अधिक पेंशनभोगियों के कल्याण का प्रबंधन करके एक महत्वपूर्ण दायित्व भी निभाता है। परिचालन उत्कृष्टता और रणनीतिक लक्ष्य कार्यवाही के दौरान, श्रीमती वंदना गुप्ता ने कार्यात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की, जिसमें सार्वजनिक सेवा वितरण और प्रशासनिक दक्षता में उच्च मानकों को प्राप्त करने के लिए विभाग की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। सत्रों में सीजीसीए के जनादेश के कई मुख्य स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया गया: पेंशन संबंधी लाभ: पेंशन भोगियों को उनके सभी लाभ समय पर प्राप्त हों, यह सुनिश्चित करने के लिए वितरण प्रक्रिया और शिकायत निवारण तंत्र को सुव्यवस्थित करना। राजस्व एवं बजट:

इस मंच पर वित्तीय प्रवाह की सटीक निगरानी के लिए तंत्रों पर चर्चा की गई ताकि सख्त राजकोषीय अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। इन चचाओं का मुख्य बिंदु इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) को सक्रिय रूप से मार्गदर्शन प्रदान करने की रणनीति थी।

# सरैयाडीह में कानू समाज का भव्य होली मिलन समारोह, शिक्षा व एकता पर दिया गया विशेष बल

**पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण**

पदमा (हजारीबाग)। पदमा प्रखंड के सरैयाडीह स्थित कुँवरणथान परिसर में रविवार को कानू समाज द्वारा पारिवारिक होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों की भारी भागीदारी रही और पूरे परिसर में रंगोत्सव, आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला। समारोह का शुभारंभ अखिल भारतीय कानू महासभा झारखंड प्रांत के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने समाज के संगठन और उत्थान पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिसके द्वारा न केवल समाज बल्कि राष्ट्र का भी समग्र विकास संभव है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के प्रति सजग रहने और समाज को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।
सभा को विभिन्न वक्ताओं ने क्रमवार संबोधित किया। विशिष्ट अतिथियों ने कानू समाज की एकजुटता की सराहना करते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान पारंपरिक अबीर-गुलाल के साथ लोगों ने एक-दूसरे को होली की



बधाई दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी समां बांध दिया और उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।
आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के समापन पर

समाज की एकता, शिक्षा के प्रसार और सामाजिक उत्थान के संकल्प के साथ समारोह संपन्न हुआ।
मौके पर झारखंड-बिहार के विभिन्न जिलों से कानू समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव, सांसद प्रतिनिधि अजय मेहता, भाजपा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, उप प्रमुख सत्येंद्र राणा, सरैया मुखिया शांति देवी, पूर्व उप मुखिया सुरेश पांडेय, प्रकाश ओझा, कैलाश केशरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लालकिशोर गुप्ता,

पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र गुप्ता, लखन गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, संतोष गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, घनश्याम गुप्ता समेत अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समारोह ने समाज में एकता, भाईचारे और सकारात्मक सोच का संदेश दिया।

# बच्चों ने शिक्षकों सँग खेली फूलों की होली, लिया आशीर्वाद

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। रंगों का पर्व होली बुराई पर अच्छाई की जीत का एहसास कराता है। एस0 आर0 प्लेटीनम इंग्लिश स्कूल के बच्चों ने अपने शिक्षकों व बड़ों से फूलों की होली खेलकर आशीर्वाद लिया।

प्रबंध निदेशक कौशलेन्द्र नारायण सिंह ने विद्यालय के रंगोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक समरसता का यह पर्व बसंत ऋतु में प्रेम और आपसी भाईचारे का संदेश देता है।

उन्होंने कहा कि यदि आपके अंदर घमंड रहेगा तो वरदान मिलने के बाद भी हिरण्यकश्यप की बहन होलिका की तरह जल जाएंगे, और यदि आप सत्य के मार्ग पर रहेंगे तो कितनी भी बाधाएँ आएँ, प्रह्लाद की तरह सभी कठिनाइयों से पार निकल जाएंगे।

इस अवसर पर छात्रों द्वारा सराहनीय होलिका दहन की नाट्य प्रस्तुति की तत्पश्चात रंगोत्सव में बच्चों ने फूलों की पंखुड़ियों से अध्यापक-अध्यापिकाओं के साथ होली खेली तथा आपस में रंग-गुलाल लगाया। पूरा परिसर प्राकृतिक रंगों से सराबोर रहा।

मुख्य अतिथि द्वारा आदि लक्ष्मी, अभिषेक सिंह ,अंशिका पटेल अन्य छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कृष्ण कुमार सिंह, जागृति सिंह, सपना यादव, नेहा, निकिता, अमृता, अंजलि और भाविका ने प्रतिभाग किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य आर0 पी0सिंह ने किया।

# बीडीओ संग कर्मचारियों ने एक दूसरे को लगाए अबीर गुलाल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**




रामेश्वर वाराणसी। भारतीय पर्वों में रंगों के महत्व को लेकर होली मनाने की परंपरा सनातन धर्मावलम्बियों में पुरातन काल से मनाया जाता है जहां रंगों, गुलालों के साथ एक दूसरे को अपनत्व की प्रगाढ़ता को मजबूती दी जाती है।

शनिवार को सेवापुरी ब्लाक परिसर में खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह के साथ ब्लाक कर्मचारियों ने एक दूसरे को अबीर लगाकर आपसी प्रेम ,भाई चारे का उदाहरण प्रस्तुत किया।

ब्लाक कर्मचारियों ने सुनियोजित तरीके से बीडीओ को पूरी तरह रंगों से सराबोर करने की योजना बनाई गई थी।लेकिन बिल्ली के गले मे घण्टी बांधे कौन यानि अगुवाई कौन करे। रंग लाल, गुलाबी ,नीला व काला तक मंगाई गई लेकिन अंत मे सादगी को लेकर अबीर गुलाल जमकर एक दूसरे को लगाकर गले से मिलकर गीले शिकवे दूर किये। इसी बीच कुछ लोग होलियाना मुड़ में पहुंचे पुनः माहौल बनी ,बीडीओ एक बारगी ही समझ गए कि मामला बदरंग करने की है तो लोगो को भाई चारे का सन्देश देकर अबीर लगाया। एक सज्जन ने गीत गाया-'होली के दिन सब मिल जाते हैं रंगों में रंग मिल जाता है.....'। होली है ,बुरा न मानो होली है का उद्घोष कर हर हर महादेव का जयकारा लगाया।

प्रमुख रूप से बीडीओ राजेश कुमार सिंह, एडीओ पंचायत , एडीओ कृषि सहित कुछ प्रधान व लिपिक संवर्ग शामिल रहे।

# होली का उल्लास: काशी के बाजारों में इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी की धूम

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



वाराणसी। होली का त्योहार नजदीक आने के साथ ही काशी के बाजारों में रौनक बढ़ती जा रही है। इस बार पारंपरिक पिचकारियों के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी की मांग में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। बैटरी से चलने वाली यह आधुनिक पिचकारी एक बार फुल चार्ज होने पर करीब 6 घंटे तक लगातार फुहार छोड़ सकती है, जिससे बच्चे और युवा खासे उत्साहित हैं। व्यापारियों के अनुसार यह पिचकारी कुछ ही घंटों में पूरी तरह चार्ज हो जाती है और उसके बाद लंबे समय तक लगातार चलती रहती है। बाजार में इसकी कीमत 700 रुपये से लेकर 2000 रुपये तक है। कीमत अपेक्षाकृत अधिक होने के बावजूद ग्राहकों की मांग में कोई कमी नहीं है।

**दुकानदारों को माल उपलब्ध कराने में परेशानी**

बाजार के दुकानदार सोनू ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी की डिमांड उम्मीद से कहीं ज्यादा बढ़ गई है। ह्रग्राहकों की मांग के अनुसार माल उपलब्ध कराना चुनौती बन गया है। जैसे-तैसे स्टॉक मंगाकर लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि यह पिचकारी चलाने में बेहद आसान है। छोटे बच्चे भी इसे आसानी से ऑपरेट कर सकते हैं। पारंपरिक पिचकारी की तरह बार-बार पानी भरने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे बच्चों को लगातार खेलने का मौका मिलता है।

**पारंपरिक से हाईटेक होती जा रही होली**

काशी में जहां एक ओर गुलाल और पारंपरिक पिचकारियों की खरीदारी जारी है, वहीं नई तकनीक ने होली के बाजार को हाईटेक बना दिया है। इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी की लंबी बैटरी लाइफ और तेज फुहार इसे खास बनाती है। हालांकि इसकी कीमत भी लोगों को सोच में डाल दे रही है।

होली से पहले काशी के प्रमुख बाजारों जैसे लंका, गोदौलिया, चौक और सिगरा में इन पिचकारियों की खूब बिक्री हो रही है। रंगों के इस पर्व पर इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी ने बाजार में नई ऊर्जा भर दी है और इस बार की होली को और भी रंगीन और आधुनिक बना दिया है।

# इंसानियत की सेवा का गहरा पैगाम देता है रमजान

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। रमजान का महीना बीते 19 फरवरी से शुरू हो चुका है और पहला अशएसरा शनिवार को मुकम्मल हो गया। रविवार से दूसरे अशरे की शुरूआत हो गई है। माहे रमजान के इस मुबारक मौके पर हरहुआ क्षेत्र की मुस्लिम बस्तियों में रोजा इफ्तार का सिलसिला पूरे उत्साह और भाईचारे के साथ शुरू हो चुकी है। गांवों में रोजेदार दिनभर रोजा रखने के बाद शाम को इफ्तार के वक्त बैठकर अल्लाह का शुक्र अदा करके इफ्तार करता है।

इस्लामी माह में सबसे अफजल महीना रमजान का माना जाता है यह महीना मुसलमान के लिए अपने एक साल में जितने भी गुनाह किए हैं सबकी माफी होती है। इफ्तार के लिए घरों में तरह-तरह के पकवान तैयार किए जा रहे हैं। खजूर, फल, शर्बत, पकौड़ी, चना, फ्रूट चाट समेत विभिन्न व्यंजन बनाकर लोग अपने रिश्तेदारों, नातेदारों और गांव के अन्य रोजेदारों को दावत दे रहे हैं। लोगों का मानना है कि रोजेदारों को इफ्तार कराना बेहद सवाब का काम है। ऐसी आस्था है कि जो रोजेदार इफ्तार में शामिल होते हैं, वे मेजबान और पूरे मुल्क की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ करते हैं।

रविवार को दासेपुर,गांव के शब्बीर अहमद ने अपने आवास पर रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर हरहुआ क्षेत्र के भगतुपुर,दासेपुर,मंशापुर, धनेशरी, काजीसराय समेत आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। इफ्तार से पहले सभी लोगों ने हाथ उठाकर दुआ की उन्हें मुकम्मल तरीके से रोजा रखने की तौफीक मिले, उनके रोजे कबूल हों और मुल्क में अमन-चैन कायम रहे। दुआ में इफ्तार कराने वाले मेजबान पर अल्लाह अपनी रहमत और बरकत नाजिल करे तथा उन्हें हर मुसीबत से महफूज रखे। इसके बाद सभी रोजेदारों ने एक साथ इफ्तार किया और मगरिब की नमाज अदा की। नमाज के लोग एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद देते हुए अपने-अपने घरों को रवाना हो गए। पूरे कार्यक्रम में आपसी भाईचारा, सौहार्द और धार्मिक आस्था का सुंदर दृश्य देखने को मिला।

# स्पेसलिस्ट ऑफ सीएचएस बृजेश कुमार मिश्र का प्रबंध निदेशक ने किया सम्मान

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ स्थित एस0 आर0 प्लेटीनम इंग्लिश स्कूल





बैजलपट्टी ,हरहुआ के प्रबंध निदेशक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने स्पेसलिस्ट ऑफ सीएचएस, नवोदय एंड नीट एंट्रेंस एक्जाम बृजेश कुमार मिश्र का विद्यालय प्रांगण में आयोजित एक सादे समारोह में अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर स्वागत सम्मान किया।

उन्होंने कहा कि जीवन में कई परीक्षाएं देनी होती है जिसके लिए प्रिपरेशन बहुत जरूरी है। बच्चों को धैर्य के साथ बिना किसी दबाव के हर परीक्षा में शामिल होने के लिए सजगता बरतनी चाहिए।

स्कूल के बच्चों ने जीवन मे दो अंगुलियों से विक्टर (विजेता)का संकल्प लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# धार्मिक स्थल परिसर में ही हों धार्मिक आयोजन, नई परंपरा की अनुमति नहीं

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**





वाराणसी।। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि कोई भी धार्मिक क्रियाकलाप धार्मिक स्थल परिसर में ही किया जाए। कोई भी नई परंपरा की अनुमति नहीं होगी। तीव्र आवाज वाले साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न हो, सड़कों पर अतिक्रमण कर वाहन पार्क न हों। उन्होंने स्कूली बच्चों में जागरूकता लाए जाने के उद्देश्य से उन्हें ट्रैफिक नियमों की जानकारी दिए जाने को कहा। कोडिन कफ सिरप के मामलों में अवैध कारोबार में शामिल वास्तविक जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई को भी कहा। सीएम ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि सुनिश्चित करें कि कहीं भी अवैध एवं जहरीली शराब की बिक्री न होने पाए। शराब के अवैध टांसपोर्टेशन पर कड़ी नजर रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबित राजस्व वादों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण एवं समय सीमा के अन्तर्गत सुनिश्चित हो। अविवादित लंबित वादों का अविलंब निस्तारण किया जाए। अधिकारी नियमित जनसुनवाई करें और मेरिट के आधार पर समाधान सुनिश्चित कराएं। जिले एवं कमिश्नरी स्तर पर व्यापार, उद्योग बंधु तथा बैंकों की नियमित बैठकें कराई जाएं व शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए और आमजन के प्रति पुलिस का व्यवहार शालीन एवं समुचित रिस्पॉन्स हो।

**सभी जिम की जांच कराएं, महिला ट्रेनर भी सुनिश्चित करें**

सीएम ने कहा कि सभी जिम की जांच कराएं तथा सुनिश्चित करें कि वहां महिला ट्रेनर की भी व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों व पुलिस कर्मियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए। पर्व के दृष्टिगत अवैध एवं जहरीली शराब की बिक्री कहीं भी न हो। सड़क सुरक्षा की नियमित बैठकें करें एवं अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम कराएं। उन्होंने जनपद में होली एवं आगामी पर्वो के दृष्टिगत चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों ने दिया प्रजेंटेशन**

मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तावित परियोजनाओं के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जनपद में निमार्णाधीन विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लगभग 17 हजार करोड़ की 74 परियोजनाएं संचालित हैं। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने कानून व्यवस्था, गोतस्करों के खिलाफ कार्रवाई, साइबर अपराध, यातायात व्यवस्था की जानकारी दी। एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया ने आगामी 14 व 15 मार्च को प्रस्तावित पुलिस उपनिरीक्षक परीक्षा के बारे में जानकारी दी।

बैठक में स्टाम्प राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जाएसवाल, महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, डॉ. सुनील पटेल, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, राय धर्मेंद्र सिंह, अपर पुलिस आयुक्त शिवहरि मीणा, डीआईजी वैभव कृष्णा, विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, सीडीओ प्रखर सिंह, डीएफओ स्वाति सिंह समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# खेल महोत्सव से वनवासी बच्चों को भाईचारे व सामाजिक समरसता का मिला मंच

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। विश्व ज्योति जनसंचाङ्ग समिति के तत्वाधान में वार्षिक खेल समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे हरहुआ ब्लॉक के पिसौर, दानियालपुर, करोमा, चक्का, हरिहरपुर, सरसवा, कानूडीह, पुआरी खुर्द,आयर, अटेसुआ, शिवरामपुर,भटपुरवा एवं तेवर गांव के मुसहर समुदाय के लगभग 400 बच्चों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता किया।

कार्यक्रम में बच्चों को फुटबॉल, खो-खो,एथलेटिक्स एवं अन्य सामूहिक खेलों में भाग लेने का अवसर प्रदान मिला। खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ।

खेल प्रतियोगिताओं के उपरांत सभी बच्चों एवं उपस्थित अतिथियों ने सामूहिक भोज में भाग लिया, जिससे आपसी भाईचारा एवं सामाजिक समरसता का आनन्द लिया। सांस्कृतिक सत्र में बच्चों एवं प्रेरणा कलामंच के कलाकारों द्वारा दहेज प्रथा, पर्यावरण संरक्षण, साइबर क्राइम, बालिका शिक्षा,घरेलू हिंसा, छुआछूत एवं शिक्षा जैसे ज्वलंत सामाजिक विषयों पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक होने का संदेश दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता फादर आनंद ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक कैलाश नाथ सोनकर उपस्थित रहे।विशिष्ट अतिथियों में भीम प्रधान, गोपाल सिंह, डॉ0 राजकुमार, शिवा पाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन शर्मिला द्वारा किया गया। अंत में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस आयोजन को सफल बनाने में विश्व ज्योति जनसंचार समिति, प्रेरणा कलामंच के कलाकारों एवं ब्रदरगणों का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का उद्देश्य वंचित एवं मुसहर समुदाय के बच्चों को खेल, शिक्षा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से समाज के मुख्यधारा से जोड़ना तथा उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना था।

# मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के पहले दिन रविवार को सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यों, निर्माण परियोजनाओं एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।गोदौलिया पर निमार्णाधीन रोप-वे स्टेशन पर यात्रियों को चढ़ने उतरने की सुदृढ़ व्यवस्था के अनुसार तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से जोर देते हुए श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शनार्थियों के साथ पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार के साथ ही कहीं भी दुर्व्यवस्था की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने पुलिस एवं मंदिर प्रशासन को व्यवस्था में उचित सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में निर्मित दुकानों तक श्रद्धालुओं की पहुंच सुनिश्चित करने साथ ही विक्रय की जाने वाली सामग्रियों का रेट वाजिब रखा जाय। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि धार्मिक संस्थाएं पैसा कमाने का जरिया नहीं, बल्कि श्रद्धा का स्थल हैं, इसलिए श्रद्धालुओं के लिए इन स्थानों पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने मैनपावर बढ़ाकर मणिकर्णिका एवं हरिश्चंद्र घाट के निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि घाटों एवं मंदिरों के पास निर्माण कार्य के दौरान किसी भी ऐतिहासिक धरोहर का प्रत्येक दशा में संरक्षण किया जाय। नगर में सीवरेज एवं वाटर सप्लाई हेतु अमृत-2 योजनांतर्गत कार्यों को व्यवस्थित ढंग से कराए जाने का निर्देश दिया। कार्यों की सघन मॉनिटरिंग हो, इसमें कही भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि बेतरतीब कार्य न हों तथा कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत प्राथमिकता पर सुनिश्चित कराया जाए। मुख्यमंत्री ने आमजन के सहूलियत को देखते हुए रोप वे का तार्किक किराया रखने को कहा। मुख्यमंत्री ने नगर की स्वच्छता को और प्रभावी बनाने के लिए मशीनों का उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने शहर में उपयुक्त स्थलों का चयन कर वहां पर व्यवस्थित तरीके से वेंडिंग जोन के साथ ही नगर में कान्हा उपवन एवं स्ट्रीट डॉग सेंटर बनाए जाने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने उचित मुवायजा वितरित कर दालमंडी सड़क चौड़ीकरण का कार्य शीघ्रता से करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने विद्युत तारों के अंदरग्राउंड केबलिंग का कार्य मानक के अनुरूप कराए जाने का निर्देश दिया,ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो। गर्मी के दृष्टिगत पेयजल की समस्या कही भी नहीं होनी चाहिए।

कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई भी धार्मिक क्रिया कलाप धार्मिक स्थल परिसर में ही किया जाय। कोई भी नई परंपरा की अनुमति नहीं होगी। तीव्र आवाज वाले साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न हो, सड़कों को अतिक्रमण कर वाहन पार्क न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्कूली बच्चों में जागरूकता लाए जाने के उद्देश्य से उन्हें ट्रैफिक नियमों की जानकारी दिए जाने को कहा। कोडिन कफ सिरप के मामलों में अवैध कारोबार में शामिल वास्तविक जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही किया जाय। अवैध एवं जहरीली शराब की बिक्री कत्तई न होने पाए, यह सुनिश्चित किया जाय। शराब के अवैध टांसपोर्टेशन पर कड़ी नजर रखे। मुख्यमंत्री ने लंबित राजस्व वादों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण एवं समय सीमा के अन्तर्गत सुनिश्चित हो। अविवादित वरासत से जुड़े लंबित वादों का अविलंब निस्तारण किया जाय। अधिकारी नियमित जनसुनवाई करें और मेरिट के आधार पर समुचित समाधान सुनिश्चित कराए। जिले एवं कमिश्नरी स्तर पर व्यापार एवं उद्योग बंधु तथा बैंकों की नियमित बैठकें कराई जाए व उसमें प्राप्त शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखे। आमजन के प्रति पुलिस का शालीन व्यवहार एवं समुचित रिस्पॉन्स हो। सभी जिमों की जांच कराए तथा यह सुनिश्चित कराया जाए कि जिमो में महिलाओं के लिए महिला ट्रेनर की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित हो। साथ ही अवैध गतिविधियों में लिप्त पुलिस कर्मियों पर भी सख्त कार्यवाही हो। पर्व एवं त्यौहार के दृष्टिगत अवैध एवं जहरीली शराब की बिक्री कही भी न हो। सड़क सुरक्षा की नियमित बैठकें करें एवं अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम कराए। उन्होंने जनपद में होली एवं आगामी पर्वो के दृष्टिगत चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

मंडलायुक्त एस. राजलिंगम द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष भविष्य की प्रस्तावित परियोजनाओं के संबंध में प्रेजेंटेशन भी दिया गया।

इससे पूर्व जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा जनपद में निमार्णाधीन विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जिसमें उन्होंने बताया कि वर्तमान में 74 परियोजनाएं लगभग 17 हजार करोड़ की संचालित हैं जिनके नियमित मॉनिटरिंग का लगातार कार्य किया जा रहा है।

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल द्वारा कानून व्यवस्था, गौतस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई, साइबर अपराध समेत यातायात व्यवस्था की जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की गयी।एडीजी जोन पियूष मोर्डिया द्वारा जोन की कानून व्यवस्था, साइबर अपराधों के खिलाफ कड़ी एवं प्रभावी कार्रवाई, अवैध शराब कारोबार, मिशन शक्ति समेत आगामी 14 व 15 मार्च को प्रस्तावित पुलिस उपनिरीक्षक परीक्षा के बारे में जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी गयी।

बैठक में स्टाम्प राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, विधायक डॉ अवधेश सिंह, डॉ सुनिल पटेल, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, राय धर्मेंद्र सिंह, अपर पुलिस आयुक्त शिवहरि मीणा, डीआईजी वैभव कृष्णा, विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, सीडीओ प्रखर सिंह, डीएफओ स्वाति सिंह समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागाँव थाना क्षेत्र अंतर्गत हरहुआ बाजार में किराए के मकान में रह रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरहुआ बाजार स्थित ओवरब्रिज के नीचे इकबाल खान का चार मंजिला मकान है। मकान के भूतल पर उनके बेटे की इलेक्ट्रिक की दुकान संचालित होती है, जबकि ऊपरी चौथी मंजिल पर प्रशांत कुमार सरोज (32) निवासी लकमीपुर, जलालपुर, जनपद जौनपुर, पिछले लगभग आठ वर्षों से किराए पर रह रहा था। पारिवारिक कारणों से नाराज होकर घर छोड़कर हरहुआ में रहकर वेल्डिंग का काम करता था। क्षेत्रों में घूम-घूमकर काम कर अपनी आजीविका चलाता रहा।

परिजनों के अनुसार प्रशांत से चार दिन पूर्व उनके पिता छोटेलाल सरोज मिलने हरहुआ आए थे, लेकिन प्रशांत ने उनसे मुलाकात नहीं की और कमरे में ताला बंद कर कहीं चले गए।

रविवार सुबह करीब 10 बजे तक जब प्रशांत अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो आसपास के किराएदारों को संदेह हुआ। खिड़की से झांककर देखा तो वह जमीन पर बिस्तर पर पड़ा था। तत्काल मकान मालिक ने हरहुआ पुलिस चौकी को सूचना दी। सूचना पर चौकी प्रभारी विवेकानंद द्विवेदी मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। फॉरेंसिक टीम को भी सूचना दी फॉरेंसिग टीम पहुंचकर बंद दरवाजे को खोला और कमरे का जांच किया। उसके बाद हरहुआ पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सूचना पर रिश्तेदार नागेंद्र सरोज व संजय कुमार सरोज मौके पर पहुंचकर बताया कि प्रशांत तीन बहनों में इकलौते भाई थे, तीनों बहनों की शादी हो चुकी है। उनके पिता रेलवे से सेवानिवृत्त हैं और लखनऊ में रहते हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा।

# होलिका दहन स्थल को लेकर विवाद, आपसी सहमति से बनी बात

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र के बड़ौरा बाजार में रविवार को होलिका दहन स्थल को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 50 वर्षों से सड़क किनारे एक ही स्थान पर पारंपरिक रूप से होलिका दहन किया जाता रहा है।इस वर्ष भी उसी स्थान पर होलिका स्थापित की गई थी। हालांकि, सड़क चौड़ीकरण कार्य के कारण कार्यदायी संस्था (एनएचआई) ने जेसीबी का उपयोग कर होलिका को हटाकर बगल में फेंक दिया। कार्यदायी संस्था की इस कार्रवाई से ग्रामीणों और स्थानीय व्यापारियों में भारी नाराजगी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग तत्काल मौके पर एकत्र हो गए और अधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार दीपाली मौर्य पहुंची। अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच हुई वार्ता के बाद एक समाधान निकाला गया। तय हुआ कि इस वर्ष होलिका दहन परंपरागत स्थान पर ही किया जायेगा। इसके साथ ही अगले वर्ष के लिए एक सार्वजनिक और सुरक्षित स्थान चिन्हित करने का निर्णय लिया गया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद स्थिति शांत हुई और लोगों ने आपसी सहमति से पुनः उसी स्थान पर होलिका स्थापित किया नायब तहसीलदार दीपाली मौर्य ने बताया कि होलिका दहन का परंपरागत स्थान सड़क चौड़ीकरण परियोजना के अंतर्गत आ गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगले वर्ष से ग्राम पंचायत की जमीन पर एक नया सुरक्षित स्थान तय कर होलिका दहन किया जायेगा।



# नाबालिक किशोरी को भगाने के मामले में पर दो केस दर्ज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने किशोरी के परिजनों की शिकायत पर दो युवकों, अजय और विशाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, मिजार्पुर जिले के मोहनपुर (पडरी) निवासी अजय जो अपने नाना के घर सिहोरवा गांव में रहता था, उसने किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। इस काम में उसी गांव के विशाल ने अपनी मोटरसाइकिल से किशोरी को अजय तक पहुंचाने में मदद की। किशोरी के परिजनों ने आरोपियों से अपनी बेटी को वापस करने की मांग की, जिस पर विशाल ने उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट पर उतारू हो गया। इसके बाद परिजनों ने जंसा थाने में शिकायत दर्ज कराई।

# मुहम्मदाबाद में ठेकेदार होली मिलन सम्पन्न

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के सेल्स प्रमोटर किसान उर्वरक केन्द्र के द्वारा ठेकेदार होली मिलन समारोह जय मां अम्बे आयरन स्टोर पर मुहम्मदाबाद में आयोजित




किया गया। जिसमें एसीसी सीमेंट कंपनी के अधिकारी मौजूद रहे।सभी उपस्थित लोगों को संजय गुप्ता के द्वारा अबीर लगा कर होली की शुभकामना दी गई एवं उपहार भेंट किया गया। इस अवसर पर टेक्निकल जीसान , सेल्स आफिसर सुधीर सिंह, मो० सैफ, ठेकेदार रामकेर, गुलाब कुशवाहा, गोपाल जी,राशिद, जोगिंदर गुप्ता, समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सोनभद्र बार एसोसिएशन का 7 मार्च को होगा शपथग्रहण समारोह: अशोक प्रसाद श्रीवास्तव

**जिला संवाददाता विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। सोनभद्र बार एसोसिएशन का 7 मार्च 2026 को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए मुख्य अतिथि बनाने के लिए प्रयागराज जाकर न्यायमूर्ति जय प्रकाश तिवारी उच्च न्यायालय इलाहाबाद से एवं विशिष्ट अतिथि हेतु श्रीनाथ त्रिपाठी एड.(सदस्य बार कौंसिल ऑफ इंडिया) एवं बिनोद कुमार पाण्डेय एड.(सदस्य बार कौंसिल ऑफ यू.पी.) से वाराणसी में मुलाकात की और आमंत्रण पत्र दिया, जिसे सभी अतिथियों ने स्वीकार कर लिया। प्रतिनिधि मंडल में सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव एड.,पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक एड, पूर्व अध्यक्ष चंद्र प्रकाश द्विवेदी एड. निवर्तमान महामंत्री अखिलेश पाण्डेय एड. व कोषाध्यक्ष वंशीधर पांडेय एड शामिल रहे।

# आरोग्य मेला में पीएचसी खलियारी पर 45 मरीजों को जांच कर दी गई दवा

**विजय शंकर पाण्डेय जिला संवाददाता/समाज जागरण**



सोनभद्र। नगवां ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलियारी पर रविवार को सीएम आरोग्य मेला में कुल 45 मरीजों को दवा वितरण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खलियारी के फार्मासिस्ट अनूप कुमार ने बताया कि मेला में कुल 45 मरीजों को दवा वितरण किया गया है, जिसमें अधिकांश मरीज बुखार, खांशी, सुगर से सम्बंधित मरीजों का इलाज किया गया है।

गर्भवती महिलाओं की जांच कर रही एएनएम सरस्वती देवी ने बताया कि हमारे यहां कुल 7 महिलाओं का वजन, बीपी, एच बी, एचआईवी का जांच कर उन्हें आईरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड दवा दी गई। एक महिला का डिलेवरी भी हुआ है।

मेला में लैब टैक्नीशियन पवन कुमार मरीजों को जांच कर रहे हैं, उन्होंने बताया कि छः मरीजों का जॉच किया गया जिसमें, हिमोग्लोबिन, मलेरिया, टाईफाइड, शुगर का जॉच किया गया जिसमें कोई पॉजिटिव नहीं पाया गया है। मेला में सीएचओ सुनीता यादव, फार्मासिस्ट अनूप कुमार मरीजों को दवा वितरण किया गया।

# एक्शन एड द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार रक्षक कमलेश कुमार को मिला अवॉर्ड

**जिला संवाददाता विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। एक्शन एड एसोसिएशन द्वारा आयोजित वन, आजीविका और पहचान आधारित जनजातीय सशक्तिकरण विषयक राष्ट्रीय स्तर के परामर्श के अवसर पर उड़ीसा के भुनेश्वर में जनपद सोनभद्र के सामाजिक कार्यकर्ता

एवं मानवाधिकार रक्षक कमलेश कुमार को एक्शन एड द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान जनजातीय समुदायों के अधिकारों, संसाधनों की सुरक्षा तथा सम्मानजनक आजीविका के लिए किए गए उनके निरंतर संघर्ष और जमीनी योगदान के लिए प्रदान किया गया। कमलेश कुमार पिछले कई वर्षों से सोनभद्र के आदिवासी समुदायों के साथ रहकर वन अधिकार, आजीविका संवर्धन, पहचान और गरिमा से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, संसाधनों की कमी और अनेक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने समुदायों को संगठित कर वन अधिकार कानून के प्रति जागरूकता, आजीविका के वैकल्पिक साधनों का विकास, तथा

मानवाधिकार उल्लंघनों के विरुद्ध शांतिपूर्ण व संवैधानिक संघर्ष को आगे बढ़ाया। उनके प्रयासों से कई गांवों में सामुदायिक एकजुटता मजबूत हुई और आदिवासी परिवारों को अपने अधिकारों के लिए आवाज मिली।

इस अवसर पर कमलेश कुमार ने कहा कि यह सम्मान व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सोनभद्र के उन सभी आदिवासी परिवारों का है, जिन्होंने अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का साहस दिखाया। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय खालिद चौधरी, एसोसिएट डायरेक्टर, एक्शन एड को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से ही वे जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्य कर पाए। उनके नेतृत्व और सहयोग ने आदिवासी मुद्दों को राष्ट्रीय विमर्श तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एक्शन एड ने कमलेश कुमार के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जमीनी कार्यकर्ता देश में समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की नींव को मजबूत करते हैं। तथा उम्मीद जताई कि यह सम्मान अन्य युवाओं और सामाजिक कार्यकताओं को भी जनजातीय अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रेरित करेगा।

# इलाहाबाद हाई कोर्ट का आदेश-लक्ष्य पूरा न कर पाना न कदाचार है और न ही निलंबन का आधार

## सोनभद्र में तैनात अवर अभियंता रामनारायण यादव के निलंबन पर दिया कोर्ट ने फैसला

**जिला संवाददाता विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



सोनभद्र। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि विभागीय अभियान में निर्धारित लक्ष्य पूरा न कर पाना कदाचार नहीं है। इस आधार पर न किसी कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा सकती है और न ही यह निलंबन का आधार बन सकता है।

इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान की एकल पीठ ने सोनभद्र में तैनात उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सब स्टेशन कोन के अवर अभियंता रामनारायण यादव के निलंबन व अनुशासनात्मक कार्य वाही पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी, साथ ही विभाग से 29 अप्रैल तक जवाबी हलफनामा तलब किया है। याची को 29 दिसंबर 2025 को इस आधार पर निलंबित कर दिया गया था कि वह बिजली बिल राहत योजना (ओटीएस) के तहत राजस्व वसूली और पंजीकरण के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल रहे। विभाग ने उन पर कार्य में शिथिलता और लापरवाही का आरोप लगाया था।

# थाना अनपरा पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई दुष्कर्म प्रकरण में 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/ उपेन्द्र कुमार तिवारी**




अनपरा/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में थाना अनपरा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उक्त क्रम मे थाना अनपरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 41/2026 धारा 137(2), 64(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त गौतम भारती पुत्र अनिल भारती उर्फ पप्पु भारती, निवासी वार्ड नं0-02 डिबुलगंज, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र, उम्र 20 वर्ष को दिनांक 01.03.2026 को मुखबिर खास की सूचना पर समय लगभग 07:05 बजे लोझरा तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

अभियुक्त द्वारा एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने तथा उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित करने के संबंध में प्राप्त सूचना/तहरीर के आधार पर थाना अनपरा पर उपरोक्त धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई।

# होली पर्व के दृष्टिगत थाना ओबरा में डीजे संचालकों की बैठक आयोजित

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



ओबरा/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार की अध्यक्षता में आज थाना ओबरा परिसर में डीजे संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान सभी डीजे संचालकों को शासन एवं उच्च अधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निदेशों तथा ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें निर्धारित मानकों के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करने, समय सीमा का कड़ाई से पालन करने तथा सार्वजनिक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया।

साथ ही संबंधित संचालकों को नोटिस तामील कराते हुए अवगत कराया गया कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस प्रशासन द्वारा होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

# गायत्री को मिस पल्हारी, इंद्रजीत सिंह को मिस्टर पल्हारी खिताब मिला

## - पीएम श्री पल्हारी में धूमधाम से सम्पन्न हुआ तृतीय पूर्व छात्र सम्मेलन व वार्षिकोत्सव

- दस विद्यार्थियों को स्टार ऑफ द पल्हारी सम्मान से नवाजा गया

**सदर संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी में तृतीय पूर्व छात्र सम्मेलन एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ किया गया। इस दौरान गायत्री को मिस पल्हारी व इंद्रजीत सिंह को मिस्टर पल्हारी खिताब प्रदान किया गया। वहीं आकाशवाणी ओबरा में कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले दस विद्यार्थियों को स्टार ऑफ द पल्हारी खिताब प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि युवा नेता बब्लू धांगर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभू नारायण सिंह (प्रधानाध्यापक, उप्रा मऊकला), एआरपी द्वय रमेश कुमार सिंह एवं अरविंद कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जय प्रसाद चौरसिया (प्रधानाध्यापक) ने की, जबकि संचालन डॉ. बृजेश कुमार सिंह महादेव (ब्लॉक स्काउट मास्टर, नगवां) द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधान जागेश्वर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

स्वागत गीत के उपरांत पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षा पर आधारित नाट्य प्रस्तुति दी गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राष्ट्रीय गीत, करमा नृत्य, भक्ति गीत, लघु नाटिका सहित अनेक रंगारंग प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं।

इस अवसर पर डॉ. बृजेश महादेव के साथ आकाशवाणी ओबरा में कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले दस विद्यार्थियों को स्टार ऑफ द पल्हारी सम्मान से नवाजा गया। वहीं गायत्री को मिस पल्हारी तथा इंद्रजीत सिंह को मिस्टर पल्हारी का खिताब प्रदान किया गया। विजयगढ़ से आए जादूगर अनिल शर्मा के जादुई कार्यक्रम ने बच्चों व अभिभावकों का विशेष मनोरंजन किया। आयोजन समिति में राज बहादुर सिंह (यूपीपी),आर.डी. सिंह ( प्रधानाचार्य) एवं शिवशंकर मसराम का योगदान सराहनीय रहा, जिन्हें मछेन्द्र महादेव महोत्सव के संयोजक डॉ. बृजेश महादेव द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दीपक मौर्य, पवन सिंह, रमेश कुमार, चंद्रिका सिंह, राम बहाल, सुदामा प्रसाद (ग्राम प्रधान), विन्दू (बीबीसी), विशाल कुमार, गुलाब, सुरेश प्रजापति, केदार सिंह, उर्मिला देवी, मनीषा सहित सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे। पहाड़ी क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजनों को शैक्षिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अनुकरणीय बताया गया।

# ग्राम पंचायत पनारी में ओबरा पावर प्लांट की राख का कहर: फसलों के साथ जीवन भी संकट में

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय ब्लॉक के ग्राम पंचायत पनारी अंतर्गत चकाड़ी गांव में ओबरा थर्मल पावर प्लांट द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। पावर प्लांट से उड़ने वाली राख और पाइप फटने से हुए जलभराव के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। इस गंभीर समस्या को लेकर आज अपना दल एस के नेताओं और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व प्लांट प्रबंधन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

**धूल और राख से घुट रहा है दम:** ग्रामीणों का आरोप है कि प्लांट से निकलने वाली 'फ्लाई ऐश' (राख) पूरे गांव में फैल रही है। इसके राख कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत और फेफड़ों की बीमारियां हो रही हैं। खेतों में राख की मोटी परत जमने से खड़ी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। घरों के भीतर तक राख पहुंचने से खाना बनाना और पानी पीना भी दूश्वार हो गया है।

**फटे पाइप ने बढ़ाई मुसीबत:** हाल ही में राख ले जाने वाली पाइप लाइन फटने से स्थिति और भी भयावह हो गई है। पाइप से निकले मलबे और पानी ने गांव की मुख्य सड़क को क्षतिग्रस्त कर दिया है और कई एकड़ कृषि भूमि जलमग्न होकर बंजर होने की कगार पर है।

**शिवदत्त दुबे ने दी चेतावनी**

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अपना दल (एस) के पूर्व प्रदेश सचिव रविन्द्र सिंह यादव और जिला महासचिव शिवदत्त दुबे ने कहा कि विकास के नाम पर ग्रामीणों की बलि नहीं चढ़ने दी जाएगी। उन्होंने मांग की कि प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा दिया जाए और प्रदूषण नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।"प्लांट प्रबंधन ग्रामीणों के जीवन से खिलवाड़ कर रहा है। यदि जल्द ही पाइप की मरम्मत और राख के निस्तारण का सही प्रबंध नहीं हुआ, तो हम बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।"

इस दौरान मुख्य रूप से हनीफ अंसारी, रामआसरे केशरी, रमेश यादव, असमुद्दीन, राजेंद्र प्रजापति, डांगर यादव, राजन अंसारी, असलम अंसारी, रामबली अगरिया, धनेश्वर अगरिया, बबूला अगरिया, रामप्रसाद खरवार, जवाहिर बैगा, रीता बैगा, बुलवा बैगा और रामसिंह बैगा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हथवानी में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पत्नि की दर्दनाक मौत, पति व बालक घायल

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**



हाथीनाला/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के रेणुकूट मार्ग पर हथवानी गांव के पास रेणुकूट की तरफ से आ रही बाइक पर सवार एक महिला की अज्ञात वाहन से कुचल कर मौके पर ही मौत हो गई साथ में बाइक पर सवार पति और बालक अचिन्त्य वर्ष लगभग 10 वर्ष मामूली रूप से घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार होकर पति और बालक के साथ महिला रेणुकूट से तेलगुड़वा की तरह जा रहे कि हाथीनाला थाना क्षेत्र के रेणुकूट मार्ग पर हाथवानी गांव के पास रविवार की तड़के सुबह बाइक किसी वाहन की चपेट में आ गई जिससे वाहन से कुचल कर महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार पति और बालक भी मामूली रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार आशुतोष त्रिपाठी उर्फ लालबाबू पुत्र राजीव नयन त्रिपाठी निवासी मिटीहिनिया टोला लालबिजौरा निवासी किसी कंपनी में एम आर का कार्य व अपने बच्चों की शिक्षा की वजह से रहते थे। बताया जा रहा है कि उनकी दो लड़कियां मोनी, छोटी व एक बालक अचिन्त्य हैं। होली की त्यौहार के चलते अपने बच्चों व पत्नि सहित घर जा रहे थे कि अचानक घटना घटित हो गई।

इस दर्दनाक घटना से बच्चों के ऊपर से माँ का साया हट गया वहीं घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

सूचना मिलते ही हाथीनाला पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस दुद्धी भेज दिया । पुलिस हादसे की जांच पड़ताल करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई है ।

थाना प्रभारी हाथीनाला नागेश सिंह ने बताया कि बाइक सवार आशुतोष त्रिपाठी पुत्र राजीव नयन त्रिपाठी निवासी मिटीहिनिया टोला लालबिजौरा थाना कोन सोनभद्र उम्र 46 वर्ष अपनी पत्नी खुशबू त्रिपाठी उम्र 33 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से रेणुकूट की तरफ से हाथीनाला की तरफ आ रहे थे कि हाथीनाला थाना से 2 किमी पहले पीछे से डीसीएम ट्रक ने बाइक की डिक्की में टक्कर मार दिया जिससे उनकी पत्नी रोड पर गिर गई और आशुतोष त्रिपाठी सड़क किनारे कच्चे में चले गए आशुतोष त्रिपाठी बच गए उनकी पत्नी खुशबू त्रिपाठी की मौके पर ही मृत्यु हो गई है मृतका की शव को पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी स्थित मोर्चरी भेज दिया गया है दुर्घटना में शामिल वाहन को पकड़ लिया गया है।

# पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 150 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद (अनुमानित कीमत लगभग 22.50/- लाख रुपये)

अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करी का भंडाफोड़, 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/ सदर संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं तस्करों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय)

अनिल कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्र के पर्यवेक्षण में आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस एवं एसओजी टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।

इसी क्रम में दिनांक 28.02.2026 को समय करीब 20.55 बजे वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर टाटा मोटर्स शो-रूम के आगे सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में खड़े आयशर गुड्स कैरियर वाहन संख्या OD19 X 8751 की तलाशी ली गई। वाहन चालक अनन्ता द्वारी पुत्र चौधरी द्वारी निवासी जनपद अंगुल (उड़ीसा) से पूछताछ एवं नियमानुसार तलाशी के दौरान वाहन में लदे एल्यूमिनियम बंडलों के पीछे छिपाकर रखे 08 प्लास्टिक बोरों में कुल 150 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत लाखों रुपये आँकी गई है। अभियुक्त के कब्जे से एक मोबाइल फोन, नगद धनराशि एवं वाहन संबंधी दस्तावेज भी बरामद किए गए। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0 अ0सं0 159/2026 धारा 8/20/27ए/29/60 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त ने बताया कि वह उक्त वाहन का चालक है और लगभग एक वर्ष से वाहन चला रहा है। दिनांक 24.02.2026 को उसने नाल्को, अंगुल (उड़ीसा) से एल्यूमिनियम लोड कर भीवाड़ी (राजस्थान) के लिए प्रस्थान किया था। आर्थिक तंगी के कारण अपने परिचित बंशीधर के माध्यम से साडू सीलू नामक व्यक्ति के संपर्क में आया, जिसने

दिनांक 26.02.2026 की रात्रि नाकची (उड़ीसा) में

वाहन में लगभग 150 किलोग्राम गांजा एल्यूमिनियम बंडलों के पीछे छिपाकर लदवाया। गांजा पहुंचाने के एवज में ₹50,000/- तय हुआ था, जिसमें ₹10,000/- अग्रिम प्राप्त हुए थे। अभियुक्त के अनुसार वाहन स्वामी को गांजा लदे होने की जानकारी नहीं थी। पुलिस चेकिंग की सूचना मिलने पर वाहन को सुनसान स्थान पर खड़ा कर छिपने का प्रयास करते समय वह पकड़ा गया।

# दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन, जल संचयन की तकनीकों पर हुआ गहन मंथन

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**



डाला/ सोनभद्र। जनपद में जल संरक्षण और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डाला स्थित उपक्रम एजुकेशनल फाउंडेशन द्वारा तरुण्य युवा कार्यक्रम के तहत 27 व 28 फरवरी को दो दिवसीय आवासीय क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय वर्षा जल संचयन एवं वॉटर फिल्ट्रेशन तकनीक रहा, जिसमें पड़रछ ग्राम सभा के टोला भालुकूदर व सतद्वारी के युवाओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम प्रबंधक अंकित मौर्य ने बताया कि पहले दिन क्षमता विकास कार्यशाला की पृष्ठभूमि, आवश्यकता और प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई। दूसरे दिन तकनीकी सत्रों में वर्षा जल संचयन, जल की उपलब्धता, मांग एवं संसाधनों की सैद्धांतिक समझ के साथ साइट विजिट कर व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया। प्रतिभागियों को वर्षा जल संचयन व वर्षा जल शोधन प्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से दिखा कर युवाओं द्वारा वर्षा जल को पीने लायक तैयार करने हेतु फिल्टर भी खुद से तैयार किया गया।

चुर्क निवासी डॉ. जय नारायण तिवारी (76 वर्षीय) जो कि पेशे से इंजीनियर है तथा सेवानिवृत्ति के बाद से विगत 10 वर्ष से ड्रिप इरिगेशन और स्प्रिंकलर प्रणाली से कृषि भी कर रहे हैं ।उन्होंने ही युवाओं का वर्षा जल संचयन व शोधन प्रणाली को लेकर प्रशिक्षण दिया एवं कृषि को लेकर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने स्थानीय संसाधनों से वर्षा जल संचयन की व्यवहारिक तकनीक का उत्कृष्ट प्रदर्शन अपने कृषि के लिए किया है। साथ ही ग्राम सभा पड़रछ के भलुकूदर गाँव में सामुदायिक स्तर पर एक पायलट प्रोजेक्ट को प्रायोजित करने की घोषणा की।

कृषि विज्ञान केंद्र सोनभद्र एवं आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से संबद्ध वैज्ञानिक डॉ. रश्मि सिंह ने भी प्रतिभागी युवाओं को जल संरक्षण को पोषण सुरक्षा और टिकाऊ कृषि से जोड़ते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। कार्यशाला में ड्रिप सिंचाई तकनीक की समझ और कृषि खेत का फील्ड दौरा भी कराया गया। समापन सत्र में प्रतिभागियों ने जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

उपक्रम संस्था की सह - संस्थापक चंद्र किरण तिवारी ने कहा कि यह पहल जनपद में सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से जल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम लेना और युवाओं को इसके लिए तैयार करना है। इस मौके पर कुमुद तिवारी, कार्यक्रम प्रबंधक अंकित मौर्य तथा युवा प्रतिभागी - रूमा, पूनम, अवधेश, दिनेश व चंदन उपस्थित रहे।

# होली मिलन समारोह में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अमरदीप सिंह को किया गया सम्मानित

**सदर संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। होली मिलन समारोह के पावन अवसर पर लखनऊ में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा जी एवं आदरणीय प्रदेश संरक्षक प्रदीप शर्मा जी ने जिला महासचिव सोनभद्र अमरदीप सिंह भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा अत्यंत करिश्माई, दूरदर्शी एवं ऊजार्वान व्यक्तित्व के धनी हैं। उनका सरल स्वभाव, स्पष्ट विचार धारा, सशक्त नेतृत्व क्षमता तथा संगठन और राष्ट्र के प्रति समर्पण वास्तव में प्रेरणादायक है। उनके मार्गदर्शन में संगठन निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है।

प्रदेश संरक्षक प्रदीप शर्मा जी भी अपनी सादगी, संयमित व्यक्तित्व और संगठनात्मक अनुभव के लिए अत्यंत सम्मानित हैं। उनका शांत स्वभाव, सकारात्मक दृष्टिकोण और सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहना हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

होली मिलन समारोह केवल रंगों का उत्सव नहीं था, बल्कि आपसी प्रेम, एकता और सामूहिक संकल्प का भी प्रतीक था। इस अवसर पर आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन की घोषणा भी की गई, जिसमें माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी से संबंधित महत्वपूर्ण घोषणा होने की जानकारी दी गई। यह समाचार सभी कार्य कताओं के लिए अत्यंत उत्साह जनक है।

# प्रभारी मंत्री से बोले, फंड वापस होने का खतरा-राम निवास वर्मा

**समाज जागरण**

नानपारा/बहराइच ` नानपारा विधायक राम निवासी वर्मा ने प्रभारी मंत्री से नानपारा में प्रस्तावित नाला निर्माण के तीसरे चरण का कार्य रुकने की शिकायत की है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि यदि जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो आवंटित धनराशि वापस चली जाएगी और परियोजना अधूरी रह जाएगी।विधायक वर्मा ने बताया कि नानपारा में बारिश के कारण शहर जलमग्न हो जाता है, जिससे जल निकासी की गंभीर समस्या पैदा होती है। उन्होंने चुनाव के दौरान नगरवासियों से इस समस्या से निजात दिलाने का वादा किया था।इस समस्या के समाधान के लिए नानपारा नगर में तीन चरणों में नाले का निर्माण प्रस्तावित था। इसमें से दो चरणों का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है। तीसरे चरण के कार्य के लिए सरकार द्वारा धनराशि भी आवंटित की जा चुकी है।हालांकि, तीसरे चरण का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। विधायक के अनुसार, जहां से कार्य प्रारंभ होना है, वहां विद्युत विभाग की 33 हजार वोल्ट की भूमिगत लाइनें गुजर रही हैं। इस संबंध में विधायक ने जिलाधिकारी से बात की थी, जिसके बाद जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को तार हटवाने के लिए धनराशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। अपर जिलाधिकारी ने करीब डेढ़ माह पहले इस कार्य को कराने का आश्वासन भी दिया था।बीते शनिवार को प्रभारी मंत्री के दौरे के दौरान जब यह मुद्दा उठाया गया, तो अपर जिलाधिकारी पहले चुप रहे। बाद में उन्होंने दावा किया कि उस जमीन पर माननीय न्यायालय का स्थगन आदेश (स्टे) है। विधायक ने उनसे संबंधित कागजात दिखाने को कहा, लेकिन अपर जिलाधिकारी कागजात नहीं दिखा पाए। विधायक वर्मा ने चेतावनी दी कि यदि यह निर्माण कार्य शीघ्र शुरू नहीं हुआ, तो आवंटित धनराशि वापस हो जाएगी और नानपारा की जल निकासी की समस्या जस की तस बनी रहेगी।

# 7 मार्च को जिलाधिकारी को दिया जाएगा ज्ञापन

## कारीकोट सुजौली हरखापुर मार्ग को लेकर करेंगे आंदोलन

**समाज जागरण**



बहराइच/ उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद मुख्यालय से करीब 100 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर स्थित कारीकोट- सुजौली - हरखापुर मार्ग पूर्ण रूप से जर्जर हो गया है बताया जा रहा है कि इस सड़क के जर्जर होने से आए दिन हादसे होते रहते हैं पिछले एक दशक से ज्यादा समय से ग्रामीण इस सड़क के निर्माण कार्य की मांग कर रहे हैं लेकिन सड़क का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है ग्रामीणों के मुताबिक कई वर्षों पहले सुजौली से हरखापुर की तरफ वाहन चलते थे सेंट्रल स्टेट फॉर्म भी खुला हुआ था लेकिन सेंट्रल स्टेट फॉर्म बंद होने के बाद और त्रिमुहानी घाट का पुल जर्जर होने के बाद सड़क का निर्माण कार्य भी नहीं किया गया जिसके चलते सड़क पूर्ण रूप से बाधित हो चुकी है जिससे आए दिन बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है वही सुजौली से कारिकोट जाने वाला मार्ग भी पूर्ण रूप से जर्जर हो चला है करीब 5 किलोमीटर मार्ग पर आधा दर्जन से ज्यादा पुलिया स्थित है जो की जर्जर हो चली है हजारों ग्रामीणों का आवागमन प्रतिदिन सड़क पर होता है सड़क के निर्माण हेतु ग्रामीणों ने कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है लेकिन बीते कई सालों से इन सड़कों का निर्माण कार्य नहीं हो पाया है जिसके चलते ग्रामीण काफी परेशान है इस दौरान सुजौली ग्राम पंचायत भवन पर ग्रामीणों ने सैकड़ो की संख्या में एकत्र होकर सड़क के निर्माण हेतु आंदोलन का इजाद किया है ग्रामीणों के मुताबिक 7 मार्च को ग्रामीण एकत्र होकर तहसील मोतीपुर मिहिपुरवा जाएंगे जहां पर तहसील दिवस के दौरान सड़क निर्माण और पुलिया निर्माण करवाने हेतु जिलाधिकारी बहराइच को ज्ञापन दिया जाएगा जिसमें समय सीमा भी निर्धारित रहेगी इसके बाद भी अगर सड़क निर्माण कार्य नहीं चालू होता है तो ग्रामीणों के द्वारा आंदोलन ओर धरना प्रदर्शन किया जाएगा

# सीमा संवाद व ग्राम गौरव सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**




मिहींपुरवा(बहराइच): मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र अंतर्गत भारत नेपाल सीमा के समीप स्थित ग्राम गौरा पिपरा में सीमा जागरण मंच द्वार सीमा संवाद तथा ग्राम गौरव सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा उर्फ सौरभ वर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा यह संवाद केवल वक्तव्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि सीमांत गांव के निवासियों की वास्तविक समस्याओं, आकांक्षाओं और संभावनाओं में सीधा विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से किया जा रहा है । चर्चा में यह स्पष्ट रहा कि सीमावर्ती समाज केवल सीमा की रक्षा में सहभागी नहीं है बल्कि राष्ट्र की आत्मा को जीवित रखने वाला संवेदनशील प्रहरी भी है । सीमा जागरण मंच के प्रांत महामंत्री अनिल कुशवाहा ने सीमा संवाद कार्यक्रम के उद्देश्य, सीमा सुरक्षा को सुदृढ़ करना, स्थानीय निवासियों में राष्ट्र चेतना जगाना और सीमांत क्षेत्र के विकास व सामाजिक सांस्कृतिक स्थिरता को बढ़ावा देना आदि संगठन के कार्यों से लोगों को अवगत कराया। सीमा संवाद कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में प्रांत संगठन मंत्री अमरनाथ ने यह संदेश सशक्त रूप से रखा की सीमांत क्षेत्र केवल भौगोलिक सीमाएं नहीं बल्कि सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के प्रथम स्तंभ हैं । स्थानीय सहभागिता और जागरूकता के माध्यम से ही सीमांत क्षेत्र का समग्र विकास संभव है । सीमा संवाद तथा ग्राम सम्मान कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही । संगोष्ठी के माध्यम से सुरक्षा, समन्वय, विकास आंतरिक सुरक्षा, रिवर्स पलायन, आत्मनिर्भर भारत और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विमर्श हुआ ।

इस कार्यक्रम में सीमा जागरण मंच के अवध प्रांत संगठन मंत्री अमरनाथ, प्रांत सह प्रचार प्रमुख योगेन्द्र मौर्य उर्फ पिन्टू मौर्य, सरदार गुरमीत सिंह, समाजसेवी सोमवर्धन पांडेय, राम किशोर वर्मा, जगोले वर्मा, रामनिवास, अशोक, भोला मिस्त्री, रामानुज, सुखदेव पांडे, हरिश्चंद्र पांडे, तेजपाल गौतम, हरिश्चंद्र मिस्त्री, पिन्टू शर्मा, सरदार अवतार सिंह, सरदार बलराज सिंह सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय महिला पुरुष मौजूद रहे ।

# शिक्षिकाओं ने मनाई होली रेती हाता में बच्चों का रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**



बहराइच/जरवलरोड ब्लॉक अंतर्गत होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जरवल ग्राम पंचायत स्थित संविलियन विद्यालय रेती हाता में बच्चों द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अध्यापकों के साथ मिलकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा कीं। विद्यालय परिसर में रंग, उमंग और उत्साह का सुंदर वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने होली के महत्व को समझते हुए प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया। शिक्षकों ने भी बच्चों को सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाने के लिए प्रेरित किया।

इसके उपरांत बीआरसी (ब्लॉक संसाधन केंद्र) पर शिक्षिकाओं ने आपस में गुलाल लगाकर होली का पर्व मनाया। इस अवसर पर सीमा मौर्या, गरिमा पाल, शिखा सिंह, चेतना साहू, शैल तिवारी, किरण मैम एवं कुमुद विशन की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर एकता, सहयोग और आत्मीयता का संदेश दिया।

बीआरसी में आयोजित कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहां सौहार्दपूर्ण वातावरण में शिक्षिकाओं ने पर्व की शुभकामनाएं साझा कीं और पूरे ब्लॉक में सकारात्मक संदेश दिया।

# होली पर सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**समाज जागरण**



नवाबगंज/ बहराइच/ होली व रमजान पर्व को शांति पूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को नवाबगंज थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा व्यापक रूट मार्च निकाला गया। प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर यादव के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च आयोजित किया गया।पुलिस बल ने चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों के साथ क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।फ्लैग मार्च नवाबगंज थाने थाने से शुरू होकर मिजार्पुर तिलक, सती जोर, नूरी चौराहा,निम्निहारा चौराहा, अवधूत गांव चौराहा,से होते हुए बस अड्डा, चौक घंटाघर, छावनी चौराहा होते हुए पुनः थाना परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ।

इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर यादव ने लोगों से होली का त्योहार आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। साथ ही असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में संतलिया पुलिस चौकी इंचार्ज शैलेन्द्र कुमार सोनकर थाने के क्राइम इंस्पेक्टर अशोक कुमार वर्मा,मुन्नर सिंह, चंद्रिका प्रसाद, विशाल पाठक ,आरक्षी असद खान,अजय चौधरी, जितेंद्र राज, सुरेंद्र आदि भारी संख्या में पुलिस जवान मौजूद रहे।

# नेपाल चुनाव व होली-रमजान को लेकर बॉर्डर पर कड़ी चौकसी, एएसपी ने किया औचक निरीक्षण

**समाज जागरण**



रूपईडीहा/ नेपाल में होने वाले चुनाव तथा सीमा क्षेत्र में आगामी होली और रमजान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एएसपी श्री तिवारी ने बॉर्डर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा नो मेंस लैंड पहुंचकर ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल और सुरक्षा एजेंसियों के जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, संदिग्ध आवाजाही व तस्करी पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नेपाल में चुनाव और स्थानीय स्तर पर होली व रमजान जैसे महत्वपूर्ण पर्वों को देखते हुए सीमा क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने जवानों को सतर्क रहकर सघन चेकिंग अभियान चलाने, संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच करने तथा आपसी समन्वय के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सीमा की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है और खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है, ताकि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनी रहे।

# शिव एच सी पब्लिक स्कूल में मना 14वां वार्षिकोत्सव

**समाज जागरण**



पयागपुर/ बहराइच/ पयागपुर तहसील क्षेत्र में हुजूरपुर रोड पर स्थित बागेश्वरनाथ मंदिर के पास संचालित शिव एच सी पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय में लगातार 14 वर्षों से आयोजित हो रहे इस वार्षिक कार्यक्रम की कड़ी में इस वर्ष भी 28 फरवरी 2026 को रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वागत गीत, लोकगीत, रिकॉर्डिंग डांस और आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की मासूम अदाओं और शानदार मंच प्रदर्शन पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साह बढ़ाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत पयागपुर अध्यक्ष बालेंद्र श्रीवास्तव (उर्फ विपिन श्रीवास्तव) ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय की ओर से मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया, वहीं नन्हीं-मुन्नी बच्चियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत पर प्रसन्न होकर नगर अध्यक्ष ने बच्चों को पुरस्कृत भी किया।

कार्यक्रम के दौरान न्यू रॉयल मॉडर्न एजुकेशनल इंस्टीट्यूट पयागपुर के प्रबंधक राम पाल गुप्ता, पीबीएम मॉडर्न पब्लिक स्कूल अमीनपुर के प्रबंधक मनोज गुप्ता तथा भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के जिला संगठन मंत्री सलमान अहमद भी कार्यक्रम में पहुंचे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधक हरिश्चंद्र यादव की ओर से सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान सचौली पप्पू मिश्रा ने की, जबकि कार्यक्रम संयोजक प्रधान तालाब बघैल ओमप्रकाश हालदार रहे। संरक्षक के रूप में परमानंद तिवारी व वशिष्ट तिवारी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग व अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन से विद्यालय परिसर उत्सवमय माहौल में नजर आया और अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना की।

# ईरान हमले के विरोध में शिया समुदाय का शोक सभा

**समाज जागरण**

नानपारा/बहराइच कस्बे में शिया अंजुमन अब्बासिया ने ईरान पर हुए हमले के विरोध में एक शोक सभा का आयोजन किया। यह सभा जन्नतुल बकी किला नानपारा मस्जिद परिसर में हुई, जिसमें शिया समाज के लोगों ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए बेगुनाह लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

शोक सभा के दौरान, शिया समुदाय ने हमले को मानवता के खिलाफ बताया और कहा कि इससे पूरे मुस्लिम जगत में रोष व्याप्त है। वक्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से ऐसे हमलों पर सख्त रुख अपनाने और निर्दोष लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

सभा में दिवंगत आत्माओं की मगफि रत (मोक्ष) और क्षेत्र में अमन-चैन (शांति) के लिए दुआ की गई। उपस्थित लोगों ने एक स्वर में अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और न्याय की मांग की।

इस अवसर पर मौलाना मोहम्मद हैदर साहब, मोहम्मद अरशद साहब, कलीम, जीशान कादिर, कादिर नवाब, असरफ, मुन्ना रिजवी, डॉक्टर राशिद, सहित नानपारा के बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यक्रम स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। राजा बाजार पुलिस चौकी इंचार्ज राम गोविंद वर्मा और कस्बा के कामेश्वर राय शाहिद सहित कई पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहे।

# अध्यक्ष प्रतिनिधि ने जरूरतमंदों तक पहुंचाई राहत किट

**समाज जागरण**



जरवल / बहराइचआगामी ईद और होली के पावन अवसर पर नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि इंतजार अहमद 'मिथुन' ने सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। यह पहल नगर क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल बनी।

त्योहारों से पहले ही गरीब, असहाय, मजदूर, यतीम और बेवा महिलाओं सहित जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित किया गया था। उनके लिए विशेष किट तैयार की गई, जिसमें चावल, आटा, बेसन, चना, रिफाइंड तेल, सेवईं, शक्कर और गुलाल जैसी आवश्यक सामग्री शामिल थी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सभी परिवार सम्मानपूर्वक अपने त्योहार मना सकें।

वितरण कार्यक्रम के दौरान, इंतजार अहमद 'मिथुन' और उनके सहयोगियों ने स्वयं कैंप लगाकर राहत किटों को जरूरतमंदों तक पहुंचाया।

इस अवसर पर श्री 'मिथुन' ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना उनका सामाजिक और नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, "जब तक जीवन है, मैं गरीबों और असहायों की सेवा करता रहूंगा। अल्लाह ने मुझे देने की क्षमता दी है और मैं उसी का शुक्र अदा करते हुए समाज की सेवा में लगा हूं।

स्थानीय लोगों ने इस मानवीय पहल की सराहना की। नगरवासियों ने इसे आपसी एकता और भाईचारे की मजबूत कड़ी बताया, उनका कहना था कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और त्योहारों की असली भावना–साझेदारी, प्रेम और सहयोग–को जीवंत रखते हैं।

# प्रधान प्रतिनिधि द्वारा किया गया रोजा इफ्तार का आयोजन

## मुख्य अतिथि रहें सपा पार्टी के मटेरा विधानसभा से विधायक प्रतिनिधि यासर शाह

**समाज जागरण**



नवाबगंज/बहराइच नवाबगंज के ग्राम पंचायत गोविन्दा पुर पंडित के मजरा बक्सी गांव में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शहाबुद्दीन खान द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मटेरा विधानसभा से सपा पार्टी के विधायक प्रतिनिधि यासर शाह रहे। क्षेत्र के लगभग पांच हजार रोजेदारों ने शिरकत कर रोजा इफ्तार किया तथा अमन व शांति की दुआएं मांगी इस दौरान रोजेदारों को सम्बोधित करते हुए मौलाना मतीन ने कहा कि पवित्र रमजान माह नेकियों का महीना कहा गया है। यह इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना है इसमें सब्र के साथ गरीब और जरूरतमंदों के साथ हमदर्दी का महीना है ।तथा यह रहमतों का महीना है रोजा इस्लाम का पांचवा स्तंभ में से एक है जो शख्स आम दिनों में इबादत से दूर होता है, वह रमजान में इबादत करके गुलजार हो जाता है ।रोजेदारों के सभी गुनाह माफ हो जाते हैं । उन्होंने रोजा इफ्तार पार्टी को सम्बोधित करते हुए कहा कि रमजान को तीन हिस्सों में बटा है। हर दस दिन को एक असरा कहते हैं। इसका पहला असरा रहमत का है, अल्लाह अपने बंदों पर रहमत अता फरमाता है, दूसरा असरा मगफिरत का है, गुनाहों की माफी का है, गुनाहों को माफ कर देता है। जो रब का सच्चे दिल से इबादत करता है, गुनाहों से तौबा कर दुआ मांगता है तो इस तरह की बरकत से अल्लाह उसकी गुनाहों को माफ कर देता है । रमजान का आखिरी अशरा जहन्नुम से मुक्ती का होता है।इस दौरान इफ्तार पार्टी में शामिल रोजेदारों ने शांति अमन की दुआएं मांगी गई आम रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन मदरसा रियाजुल उलूम बक्शी गांव के साथ साथ पूरे गांव में जगह जगह पर किया गया आयोजन में प्रधान प्रतिनिधि शहाबुद्दीन खान के साथ साथ मुख्य अतिथि सपा के पूर्व विधायक यासर शाह, जिला पंचायत सदस्य जवाहर यादव आदि मौजूद रहे।

# होली को लेकर प्रशासन अलर्ट, रुपईडीहा में तैयारियों की जांच

**समाज जागरण**

रूपईडीहा/बहराइच आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में तहसीलदार नानपारा शैलेश अवस्थी ने रुपईडीहा पहुंचकर होलिका दहन स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थल की साफ-सफाई, सुरक्षा प्रबंध, लकड़ियों की व्यवस्था तथा होलिका दहन के निर्धारित समय को लेकर संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों व आयोजन समिति के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और स्वच्छता को प्राथमिकता दी जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

तहसीलदार ने होली कमेटी के अनिल अग्रवाल से विस्तार से बातचीत कर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि होली आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है, इसलिए सभी लोग मिल-जुलकर शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं। प्रशासन की ओर से हर आवश्यक सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

इस मौके पर रतन अग्रवाल, लेखपाल करुणेश त्रिपाठी, उपनिरीक्षक दीनानाथ सागर समेत अन्य अधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सीमा चौकी का आईजी रतन संजय ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था परखी

**समाज जागरण**

रुपईडीहा/बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के आईजी रतन संजय ने रुपईडीहा सीमा चौकी का निरीक्षण किया। उन्होंने सीमा से आवागमन



करने वाले लोगों की जांच प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया तथा सीमावर्ती क्षेत्र और नो मेंस लैंड का भ्रमण कर तैनात जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कमांडेंट गंगा सिंह उदावत एवं सहायक कमांडेंट शिवम कुमार भी उपस्थित रहे। सीमा पर आने-जाने वाले लोगों की सघन जांच सीसीटीवी कैमरों, स्कैनर, डॉग स्क्वायड और फेस रीडिंग कैमरों के माध्यम से की जा रही है। परिचय पत्रों के सत्यापन के साथ-साथ चेहरों का मिलान भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

मुख्य मार्गों के अतिरिक्त पगडंडियों और अन्य वैकल्पिक रास्तों पर भी आउट पोस्ट के माध्यम से एसएसबी जवानों की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोका जा सके। आईजी ने जवानों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

# शरारती तत्वों से कड़ाई से निपटा जाएगा - डी पी तिवारी

**समाज जागरण**

नानपारा/बहराइच` होली और रमजान के त्योहारों के मद्देनजर पुलिस लगातार पैदल और वाहन से गश्त कर लोगों में सुरक्षा का एहसास करा रही हैं। हाल ही में थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी। इसके बाद



राजनाथ सिंह ने दोनों समुदायों के वरिष्ठजनों के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। उन्होंने सभी से अपील की कि होली और रमजान का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए।

कोतवाल ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की शरारत बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

रविवार शाम अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी भारी पुलिस बल और पीएसी के साथ नगर में पैदल गश्त किए। उन्होंने लोगों से भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि त्योहार आपसी सौहार्द बढ़ाने के लिए होते हैं, न कि इसे खराब करने के लिए। पैदल गस्त के दौरान उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी, प्रभारी तहसीलदार शैलेश अवस्थी, सीओ पहुंप सिंह सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी शामिल रहे

# दो बाइको की आपस मे टकराने से दोनो चालक घायल

**समाज जागरण**

मोतीपुर/बहराइच मोतीपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत मझरा जाने वाली सड़क पर दो बाइको की आमने सामने की टक्कर में दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पंहुचे परिजनों ने घायलों को सीएचसी मोतीपुर पंहुचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत के कारण मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

गिरगिट्टी निवासी अखिलेश 24 पुत्र अमेरिका अपने बाइक से मंझरा से घर को लौट रहे थे। तो वहीं दीपक पुत्र नंदलाल 22 वर्ष ललतूपुरवा मंझरा अपनी बाइक से घर जा रहे थे। इस दौरान लगभग रात 8:00 बजे मंझरा गिरगिट्टी मार्ग पर दोनों बाइक अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गई। जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों के परिजनों को सूचना दी। आनन फानन में दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है ।

# रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने 5.200 किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



किशनगंज रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5.200 किलोग्राम गांजा (कैनाबिस) के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 2,59,561 रुपये बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 फरवरी की शाम लगभग 7:40 बजे आरपीएफ के उप निरीक्षक एम.के. बैरवा अपने दल के साथ प्लेटफॉर्म संख्या 1ए पर नियमित गश्त पर थे। इसी दौरान द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय के समीप तीन युवक संदिग्ध हालत में इधर-उधर नजर बचाने का प्रयास करते दिखे। संदेह के आधार पर जवानों ने तत्काल तीनों को रोककर पूछताछ शुरू की।

तलाशी लेने पर दो आरोपियों की कमर से भूरे टेप में लिपटे दो पैकेट बरामद किए गए, जिनमें कुल 5.200 किलोग्राम गांजा पाया गया। इसके अतिरिक्त उनके पास से 4,150 रुपये नकद भी जब्त किए गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कृष्णा मंडल और बिमल बिस्वास (दोनों जिला कूचबिहार, पश्चिम बंगाल) तथा सुक्यात शेख (जिला मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल) के रूप में हुई है।

आरपीएफ ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तीनों आरोपियों को जब्त गांजे के साथ जीआरपी, किशनगंज के हवाले कर दिया। जीआरपी ने एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 08/20(b)(ii)(B) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरपीएफ की इस सतर्क कार्रवाई से स्टेशन परिसर में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस पूरे मामले की गहन छानबीन कर रही है।

# होली के उपलक्ष्य में चेस क्रॉप्स द्वारा शतरंज प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



आसन्न होली के उपलक्ष्य में जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में चेस क्रॉप्स अकादमी द्वारा रविवार को एक निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अकादमी के लगभग दो दर्जन बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना का परिचय दिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष तथा संघ के वरीय उपाध्यक्ष मनोज गट्टानी एवं श्रीमती सन्नो देवी गट्टानी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि हमारे शतरंज खिलाड़ी होली जैसे पारंपरिक पर्व-त्योहारों में भी प्रतिस्पर्धात्मक खेल का आनंद लेना चाहते हैं। उनके इस उत्साह और जज्बे की सराहना की जानी चाहिए।

संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव सह उक्त केंद्र के संचालक कमल कर्मकार ने बताया

कि सभी प्रतिभागियों को चार विभागों में विभाजित कर प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। प्रतियोगिता के निर्णायक एवं संघ के संयुक्त सचिव सुधांशु सरकार तथा रोहन कुमार ने जानकारी दी कि

अपने-अपने विभागों में शिवांश शेखर, वंश शर्मा, लकी कुमार साहा एवं जीविका चितलांगिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय स्थान पर कुणाल सरकार, राजवी गुप्ता, अयांश रंजन एवं नित्य चितलांगिया रहे। वहीं स्वरूप गुप्ता, उत्कर्ष कुमार साहा, अस्मित आनंद एवं रियांशी कनोडिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मयंक पारीक, ईशान कर्मकार, गोपी चौधरी सहित अन्य प्रतिभागियों के प्रदर्शन की भी सराहना की गई।

अंत में विजेताओं सहित सभी प्रतिभागियों को चेस क्रॉप्स अकादमी की ओर से पारितोषिक प्रदान किए गए। पारितोषिक के रूप में होली खेलने हेतु पिचकारी, गुलाल एवं टोपी भेंट की गई। मुख्य अतिथि मनोज गट्टानी एवं सन्नो देवी गट्टानी ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

इस आयोजन को सफल बनाने में सहायक सचिव रौनक कुमार का विशेष योगदान रहा।

# होली को लेकर ईचागढ़ थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**



ईचागढ़ : आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को ईचागढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व ईचागढ़ अंचल अधिकारी दीपक कुमार ने किया। बैठक में ईचागढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा, थाना प्रभारी बजरंग महतो, शांति समिति के सदस्यगण, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि एवं मीडिया बंधु उपस्थित रहे।

इस दौरान होली पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों पर रोक लगाने, डीजे संचालन के निर्धारित नियमों का पालन करने तथा आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की गई।

अंचल अधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

बैठक शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई तथा सभी ने मिलकर होली को भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लिया।

# मिथिला संकीर्तन मंडली ने होली मिलन समारोह का किया भव्य आयोजन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण,ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 01 फरवरी 2026: मिथिला संकीर्तन मंडली आदित्यपुर द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन वीर कुंवर सिंह मैदान रोड नंबर 7-8 में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस आयोजन में मिथिला समाज के सैकड़ों महिला एवं पुरुष ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं होली के रंग मे सराबोर दिखे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडली के कलाकारों द्वारा गुरु वंदना के साथ किया गया तत्पश्चात बाहर से आये कलाकार पप्पू , प्रिसा झा, डेजी ठाकुर, बीरेन्द्र उपाध्याय के द्वारा एक से बढ़कर एक होली के गीतों ने श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध किया । अंत मे मंडली के वरिष्ठ कलाकार अशोक झा प्रेमी के द्वारा मिथिला होली प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं जे.एम.एम के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुणाल सारंगी, लेबर कमिश्नर अविनाश ठाकुर, डॉक्टर नुकूल चौधरी, नव निर्वाचित पार्सद अर्चना सिंह, सुधीर चौधरी, रिंकू राय, मनोज राय, मालती देवी, परमहंस लक्ष्मीनाथ समीती अध्यक्ष मानस मिश्रा मिथिला सांस्कृतिक परिषद अध्यक्ष मोहन ठाकुर सम्मिलित हुए । मंच का संचालन राजेश रंजन द्वारा किया गया। इस समारोह को सफल बनाने में मिथिला संकीर्तन मंडली के अध्यक्ष रंजीत नारायण मिश्र महासचिव अशोक झा प्रेमी कोषाध्यक्ष राजेश रंजन उप कोषाध्यक्ष शंकर ठाकुर, विनोद खां, पंकज मिश्रा, कुमोद खां, त्रिलोक मिश्रा, नारायन मिश्रा, लक्ष्मण झा, राजकुमार मिश्रा, निर्मल खां, ब्रह्मानंद झा, सुमन झा, मिक्की, प्रदीप झा, सरोज झा, श्यामल सुमन, सतीश झा, सर्वेश खां, बमबम मिश्रा, बुचकुन खा, आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# आदित्यपुर नगर निगम चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होने पर थाना प्रभारी को किया गया सम्मानित

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 01 मार्च 2026: हाल ही में हुए आदित्यपुर नगर निगम चुनाव शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न होने पर वार्ड 30 के पार्षद सुधीर चौधरी द्वारा आर आई टी थाना प्रभारी संजीव कुमार सिंह को आदर सहित अंगवस्त्र,और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। और प्रशासन के साथ मिलकर काम करने का वादा किया और साथ साथ होली मिलन के अवसर पर एक दूसरे को तिलक लगा कर शुभकामनाएं दिए.इस मौके पर विभाष चौधरी, सूरज भोला मौजूद रहे।

**नवनियुक्त मेयर का स्वागत**

वही आदित्यपुर थाना परिसर में भी बैठक के दौरान नगर निगम के नवनियुक्त मेयर संजय सरदार का गणमान्य नागरिकों ने भव्य स्वागत किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की।

# कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



व्यवहार न्यायालय, किशनगंज एवं राहत संस्था ए पार्टनर के संयुक्त तत्वावधान में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाव एवं जागरूकता को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम न्यायालय के सभागार में अपर मुख्य दंडाधिकारी श्रीमती शारदा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

इस कार्यशाला में न्यायालय परिसर में कार्यरत महिला कर्मियों एवं कामकाजी महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनों की विस्तृत जानकारी देना था। डॉ. फरजाना बेगम ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित महिलाओं को क्या करें और क्या नहीं करें के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अनुचित व्यवहार करता है या यौन उत्पीड़न का प्रयास करता है, तो सबसे पहले उसका विरोध करें, उसे रोकें और अपनी आवाज उठाएं। यह आपका अधिकार है और आप अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकती हैं। अध्यक्षता कर रहीं श्रीमती शारदा ने कहा कि न्यायालय चाहता है कि हर महिला जागरूक बने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहे। उन्होंने बताया कि न्यायालय में आंतरिक शिकायत समिति गठित है, जहां महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इसके अलावा शिकायत पेटी (सी-बॉक्स) भी लगाया गया है, जिसमें गोपनीय रूप से शिकायत डाली जा सकती है। समिति हर पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

न्यायिक दंडाधिकारी रणधीर कुमार ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सुरक्षा और सम्मान का अधिकार है। किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के खिलाफ महिलाएं बेझिझक आगे आएं, उन्हें पूरा सहयोग और न्याय मिलेगा। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय श्रीमती शोभना त्रिपाठी ने कहा कि महिलाओं को न केवल स्वयं के लिए, बल्कि अपने आसपास हो रहे अन्याय के खिलाफ भी आवाज उठानी चाहिए। एक-दूसरे का सहयोग और समर्थन करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर कोर्ट मैनेजर रवि प्रकाश सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला के माध्यम से कार्यस्थल पर सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

# 171.2 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद, दो टोटो जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



28 फरवरी। किशनगंज पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 171.2 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान दो टोटो वाहन जब्त किए गए तथा एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल से टोटो वाहनों के माध्यम से अवैध विदेशी शराब छिपाकर कोचाधामन थाना क्षेत्र में लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार डीआईयू प्रभारी, किशनगंज के नेतृत्व में थानाध्यक्ष कोचाधामन एवं धनपुरा पुलिस पिकेट के पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त टीम गठित की गई।

गठित टीम द्वारा मस्तान चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में किशनगंज की ओर से आ रही दो टोटो को रुकने का संकेत दिया गया। एक चालक ने वाहन रोक दिया, जबकि दूसरा चालक टोटो छोड़कर मौके से फरार हो गया।तलाशी के दौरान लाल रंग के टोटो (रजि० नं० BR37ER-4502) के बॉक्स से 86.15 लीटर तथा ब्लू रंग के टोटो (रजि० नं० BR37ER-1770) के बॉक्स से 42.3 लीटर विभिन्न ब्रांड की पश्चिम बंगाल निर्मित विदेशी शराब बरामद की गई। दोनों वाहनों से कुल 171.2 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त की गई। इस संबंध में कोचाधामन थाना कांड संख्या 114/26, दिनांक 28 .0 2.2026, धारा 30(ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2022 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। साथ ही तस्करी के फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेज की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि अवैध संपत्ति की पहचान कर नियमानुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 107 के तहत जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अख्तर आलम (23 वर्ष), पिता जमालुद्दीन, साकिन लहरा फुलवारी, थाना व जिला किशनगंज के रूप में हुई है। छापामारी दल में डीआईयू टीम, किशनगंज, पु०नि० रंजय कुमार सिंह (थानाध्यक्ष, कोचा धामन), पु०अ ०नि० सरफराज हुसैन, पु०अ०नि० अरविंद शर्मा, पु०अ०नि० प्रदीप कुमार (प्रभारी, धनपुरा पिकेट) सहित सशस्त्र बल के जवान एवं चालक शामिल थे।

# पटना पुलिस ने किया ज्वेलरी स्नेचिंग गिरोह का पदार्फाश, छह गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी पटना में पिछले तीन से चार महीनों से लगातार हो रही ज्वेलरी स्नेचिंग और हथियार के बल पर छिनतई की घटनाओं का पटना पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पटना पुलिस ने संगठित गिरोह का पदार्फाश करते हुए कुल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से हथियार, कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल, लूटी गई ज्वेलरी और नकद राशि बरामद की है। जानकारी के अनुसार अगमकुआं, पत्रकारनगर, रामकृष्णा नगर और आलमगंज थाना क्षेत्रों में महिलाओं एवं पुरुषों को निशाना बनाकर उनके पहने हुए सोने के आभूषण झपट लिए जाते थे। कई मामलों में अपराधी हथियार का भय दिखाकर छिनतई की वारदात को अंजाम देते थे। लगातार बढ़ती घटनाओं से आमजन में दहशत का माहौल बन गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पटना के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम में अगमकुआं थाना एवं डीआईयू पटना पूर्वी की संयुक्त भूमिका रही। तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज की जांच और मानवीय अनुसंधान के आधार पर रविवार को छापेमारी कर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, छह जिंदा कारतूस व एक

चोरी की मोटरसाइकिल, स्नेचिंग की गई सोने की ज्वेलरी तथा ज्वेलरी बिक्री से प्राप्त 33,500 रुपए नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम देता था और लूटी गई ज्वेलरी को तुरंत बेचकर रकम आपस में बांट लेता था।

नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पटना परिचय कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है तथा अन्य संभावित कांडों में उनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि शहर में अपराध नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आम लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पुलिस द्वारा सभी अभियुक्तों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा आगे की अनुसंधान प्रक्रिया जारी है।

# होली को लेकर निमडीह थाना में शांति समिति की बैठक, शांतिपूर्ण आयोजन पर जोर

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**



निमडीह थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक अंचल अधिकारी अभय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जबकि थाना प्रभारी संतान कुमार तिवारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान होली को आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामा जिक समरसता के साथ मनाने पर बल दिया गया। प्रशासन की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, शराब के नशे में उत्पात मचाने या सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट साझा करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही नियमित गश्ती अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी। बाइक स्टंट, तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर भी सख्ती बरती जाएगी।

बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों से प्रशासन ने अपील की कि वे लोगों को जागरूक करें और शांति एवं सद्भाव बनाए रखने में सहयोग दें, ताकि होली का त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

# रंग में भंग डालने वाले पर होगी कड़ी कार्रवाईःसंजीव कुमार सिंह

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 01 मार्च 2026: सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर के आर आई टी थाना में होली और रमजान को मध्य नजर रखते हुए शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया।आगामी होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को सरायकेला जिले के तीन थाना क्षेत्रों–आदित्यपुर, कांड्रा और आर आईटी–में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठकों में प्रशासनिक अधि कारियों ,जन प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और आपसी प्रेम-भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया।आरआईटी थाना की बैठक में थाना प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करने की सख्त चेतावनी देते हुए सतत निगरानी की बात कही।वहीं थाना में थाना प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने रफ ड्राइविंग,बाइक स्टंट और तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानकारी दी।प्रशासन की ओर से सभी नागरिकों से शांति, संयम और सहयोग बनाए रखने की अपील की गई।

**होली स्पेशल स्वादिष्ट व्यंजन की व्यवस्था**

वही आर आई टी थाना परिसर में होली के अवसर पर शुद्ध पकवान की भी व्यवस्था प्रभारी के द्वारा किया गया था,जिसमें नाना प्रकार के शुद्ध पकवान शामिल थे जिससे थाना में आए हुए सभी गणमान्य होली मिलन का खूब आनंद लिए। इस बैठक में वार्ड 23 के वार्ड पार्षद रिंकू राय, वार्ड 17 के नीतू शर्मा,वार्ड 26 के वेदना गोप, वार्ड 27 के रिंकी कुमारी, वार्ड 24 के राम प्रसाद मुखी, वार्ड 9 के दुर्गा चरण बेसरा, वार्ड 23 के अवधेश सिंह, वार्ड 30 के सुधीर चौधरी, प्रमोद सिंह, जनार्दन चौबे, श्याम किशोर सिंह, समरेंद्र तिवारी, ललन शुक्ला, ओमप्रकाश,विभाष चौधरी,बिजली विभाग से अंकित मौजूद रहे। होली में हुड़दंग करने वाले को बख्शा नहीं जाएगाः विनोद तिर्की वही आदित्यपुर थाना में भी शांति समिति का बैठक आयोजन किया गया।इस बैठक के दौरान नगर निगम के नवनियुक्त मेयर संजय सरदार का गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया। बैठक में आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की, नवनियुक्त पार्षद अवधेश सिंह, जन कल्याण मोर्चा अध्यक्ष अधिवक्ता

ओम प्रकाश, समाज विज्ञानी रविंद्र नाथ चौबे, जगदीश नारायण चौबे, लोकजनशक्ति पार्टी के प्रदेश सचिव मनोज पासवान,कृष्ण गोपाल पिंटू, पूर्व डीएसपी सरयू पासवान, भगवान सिंह, देवांग चंद्र मुखी, पूर्व पार्षद सिद्धनाथ सिंह, महेश्वर महतो सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नबीनगर को अनुमंडल बनाने की सदन में उठी मांग

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर के जदयू विधायक चेतन आनंद ने बिहार विधानसभा सत्र के दौरान अंबा और कुटुंबा प्रखंड को मिलाकर नवीनगर को अनुमंडल का दर्जा देने की मांग सरकार से की। उन्होंने सदन में प्रस्ताव



रखते हुए कहा कि क्षेत्र की बढ़ती आबादी, प्रशासनिक आवश्यकताओं और आमजन की सुविधा को देखते हुए अनुमंडल का गठन समय की मांग है ।विधायक ने कहा कि वर्तमान में अंबा और कुटुंबा प्रखंड के लोगों को विभिन्न सरकारी कार्यों के लिए जिला मुख्यालय औरंगाबाद जाना पड़ता है, जिससे समय और संसाधनों की अनावश्यक बबार्दी होती है। उन्होंने कहा कि यदि नवीनगर को अनुमंडल का दर्जा मिल जाता है तो स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और लोगों को राहत मिलेगी।विधायक ने सरकार से जनहित में शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया, ताकि क्षेत्र के विकास का विकास में तेजी लाई जा सके।विधायक की मांग पर जवाब देते हुए सदन में मंत्री विजय कुमार चौधरी ने स्पष्ट रूप से बताया कि फिलहाल राज्य में कोई भी नए प्रमंडल,ने जिले और नए अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव राज्य सरकार के समक्ष विचाराधीन नहीं है।इसके बाद नियमानुसार विधायक चेतन आनंद ने अपना प्रस्ताव वापस ले लिया।

## नबीनगर में पूर्व वार्ड पार्षद ने अपने आवास पर इफ्तार पार्टी का किया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नगर पंचायत नबीनगर के पूर्व वार्ड पार्षद गुलाम मुहम्मद



उर्फ मुन्ना ने अपने आवास पर शनिवार की शाम को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इस अवसर पर भाजपा के के वरिष्ठ नेता रामलखन सिंह, राजा गोपाल इंग्लिश अकादमी के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार, शिक्षक परवीन सिंह सहित नबीनगर के गणमान्य मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति मौजूद रहे।पूरे पार्षद ने बताया कि जामा मस्जिद के इमाम हाफिज नईमुद्दीन कादरी की मौजूदगी एवं उनके नेतृत्व में दुआ मांगी गई ।इस इफ्तार पार्टी में शामिल लोगों ने एक दूसरे के साथ भाईचारा और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। इफ्तार पार्टी में शामिल लोगों ने कहा कि इफ्तार से भाईचारा और सामाजिक सौहार्द मजबूत होता है।

## मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण पर छात्रों ने किया ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत राजकीय



मध्य विद्यालय मनसारा के 46 छात्र/छात्राओं का दल ऐतिहासिक स्थल - उमगा, देव, गया जी और बोधगया के लिए रवाना शिक्षक धनंजय सिंह, शैलेन्द्र कुमार प्रभारी प्रधानाचार्य, प्रमेंद्र सिंह, त्रिलोकी जी ने दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस परिभ्रमण दल का नेतृत्व शिक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, रश्मि वंदना,सविता कुमारी, मुस्तकिम अहमद, मो. परवेज आलम एवं सविता सिंह ने किया।उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण से बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के साथ-साथ छात्र छात्राओं के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि होती है।